* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

* पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 312 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, शनिवार, 11 अप्रैल 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



संसद भवन में राज्यसभा सांसद के रूप में लेते शपथ लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया है। उनके घर से जले हुए नोटों के बंडल मिलने के बाद उन पर महाभियोग की कार्रवाई चल रही थी, इसी बीच उन्होंने पद छोड़ दिया। राष्ट्रपति को भेजे इस्तीफ़े में जस्टिस यशवंत वर्मा ने लिखा कि वह कारणों का बोझ राष्ट्रपति पर नहीं डालना चाहते। उन्होंने कहा कि बेहद दुख के साथ वह तुरंत प्रभाव से इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज पद से इस्तीफा दे रहे हैं और इस पद पर सेवा करना उनके लिए सम्मान की बात रही है।

### राहुल गांधी कल पटना आयेंगे

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कल 12 अप्रैल को पटना आयेंगे। राहुल गांधी का पटना दौरा इस हलचल को और तेज करने वाला है। नीतीश कुमार के एमएलसी पद से इस्तीफ़े के बाद बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की सुगबुगाहट तेज है और इसी बीच राहुल गांधी का आना महज संयोग नहीं बल्कि एक सोची-समझी सियासी बिसात का हिस्सा माना जा रहा है। इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के अध्यक्ष आईपी गुप्ता के अनुसार राहुल गांधी 12 अप्रैल को पटना के ऐतिहासिक बापू सभागार में आयोजित होने वाले पान महासम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

### जहरीली शराब कांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**मोतिहारी (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इस सनसनीखेज कांड के मुख्य आरोपी और कथित मास्टरमाइंड लवकुश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जहरीली शराब के इस नेटवर्क का अहम चेहरा माने जा रहे लवकुश की गिरफ्तारी तुरकौलिया इलाके से हुई, जिसके बाद पूरे मामले की जांच ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने प्रेस वार्ता में बताया कि लवकुश यादव इस पूरे जहरीली शराब नेटवर्क का मुख्य संचालक था

### दशकों से फरार नक्सली गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में नक्सल नेटवर्क के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स और मुजफ्फरपुर जिला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पिछले 10 वर्षों से फरार चल रहे कुख्यात नक्सली लोहा सहनी उर्फ कुशेश्वर सहनी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोहा सहनी बोचहा थाना क्षेत्र के भूसही मिश्रौलिया गांव का रहने वाला है।

### विश्वविद्यालयों में शोध और विकास कार्य के लिए मिले 73 करोड़

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विश्वविद्यालयों में अब विकास और शोध कार्य को रफ्तार मिलेगी। राज्य में पीएम उषा (प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान) योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 र्ष के लिए केंद्र सरकार ने 73 करोड़ दिए हैं। इसमें राज्य सरकार को भी 40 प्रतिशत यानी 29.20 करोड़ रुपए राज्यांश देना है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ली राज्यसभा सांसद की शपथ, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज शुक्रवार को राज्यसभा सांसद की शपथ ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान बिहार एनडीए नेताओं के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चारों सदन का सदस्य बनने का रिकॉर्ड बनाया है। वो पहली बार राज्यसभा पहुंचे हैं, जबकि इसके पहले लोकसभा, बिहार विधान परिषद और विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। शपथ ग्रहण करने के बाद सीएम नीतीश कार्यकर्ताओं से मिले। इस दौरान संजय झा और ललन सिंह भी मौजूद थे। बता दें कि 16 मार्च को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार



राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। 30 मार्च को उन्होंने विधान परिषद् सदस्य के रूप में इस्तीफा दिया। इसके बाद आज उन्होंने राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली। अब तीन से चार दिनों के अंदर वह अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप देंगे। एक दिन पहले यानी नौ अप्रैल को दिल्ली पहुंचे नीतीश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अब हम यहीं रहेंगे, वहां नए लोगों को मौका मिलेगा। बहुत समय तक यहां (दिल्ली) काम किया है, अब फिर से यहीं काम करूंगा। 20 साल तक बिहार में बहुत काम किया है। यह काम आगे भी काम जारी रहेगा। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ लेने पर बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि नीतीश कुमार जी देश के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक हैं। सुशासन को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की हर तरफ सराहना हुई है। उन्होंने बिहार के विकास में अमिट योगदान दिया है। उन्हें एक बार फिर संसद में देखना बहुत सुखद होगा। सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्होंने कई वर्षों तक अपनी सेवाएं दी हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव से संसद की गरिमा और बढ़ेगी।

# भाजपा कोर कमिटी बैठक रद्द, सियासी गलियारों में अटकलों का दौर शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। दिल्ली में होने वाली भाजपा कोर कमिटी की अहम बैठक ऐन वक्त पर रद्द कर दी गई, जिससे सियासी गलियारों में अटकलों का दौर शुरू हो गया है। शाम 6 बजे बिहार बीजेपी प्रभारी विनोद तावड़े के आवास पर यह बैठक प्रस्तावित थी। इसमें चुनावी रणनीति और कैबिनेट विस्तार जैसे मुद्दों पर चर्चा होनी थी लेकिन अचानक इसे टाल दिया गया। इसी बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने भी अपना दिल्ली दौरा बीच में ही खत्म कर पटना लौटने का फैसला किया। दोनों नेताओं का यह कदम कई संकेत दे रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि दिल्ली से पटना तक की यह तेजी किसी बड़े फैसले की आहट है। सत्ता समीकरण में बदलाव या नई रणनीति पर काम चल रहा हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। नीतीश कुमार के संभावित राज्यसभा जाने और सम्राट चौधरी की सक्रियता को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। नीतीश और सम्राट के पटना लौटने की खबर मिलते ही राजभवन और सचिवालय के आसपास गतिविधियां बढ़ गई हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी पक्ष ने आधिकारिक बयान नहीं दिया है। इस घटनाक्रम के बाद विपक्षी दल भी पूरी तरह सतर्क हो गए हैं। उन्हें भी लग रहा है कि राज्य में कोई बड़ा सियासी उलटफ़ेर हो सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले 24 से 48 घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं। पटना में होने वाली बैठकों के बाद स्थिति साफ हो सकती है। फिलहाल, बिहार की राजनीति की धुरी मुख्यमंत्री आवास '1 अणे मार्ग' बन गया है। अब सबकी नजरें इस बात पर हैं कि यहां से अगला बड़ा फैसला क्या निकलता है।

# हरिवंश फिर बने राज्यसभा के सदस्य, राष्ट्रपति ने किया मनोनीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के निवर्तमान उपसभापति हरिवंश को उच्च सदन का सदस्य मनोनीत किया है। हरिवंश का उच्च सदन के सदस्य के रूप में कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त हो गया था। उन्हें राज्यसभा का सदस्य उस रिक्ति को भरने के लिए मनोनीत किया गया है, जो भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई के सेवानिवृत्त होने के बाद उत्पन्न हुई थी। सरकार की एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया-भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उपखंड (अ) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा उसी अनुच्छेद के खंड (3) के अनुसार राष्ट्रपति मनोनीत सदस्यों में से एक



सदस्य के सेवानिवृत्त होने से उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिए हरिवंश को राज्यसभा का सदस्य नामित करके प्रसन्न हैं। हरिवंश बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्यसभा के सदस्य के रूप में अपने दो कार्यकाल पूरे कर चुके हैं। उन्होंने उच्च सदन के उपसभापति के पद पर भी अपनी सेवाएं दी हैं।

# बिहार में 31 आइपीएस अधिकारी बने जिला प्रभारी

## आइजी अनसुइया रणसिंह साहु को औरंगाबाद एवं डीआइजी हरप्रीत कौर को मिला कैमूर का प्रभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी जिलों में जिला प्रभारी और नोडल प्रभारी की नियुक्ति कर दी है। डीजीपी विनय कुमार के इस फैसले का उद्देश्य जिलों में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना तथा जमीनी स्तर पर पुलिसिंग की निगरानी को प्रभावी बनाना है। इस नई व्यवस्था के तहत पटना जिले की जिम्मेदारी एडीजी नैय्यर हसनैन खां को सौंपी गई है। वे पूर्व में पटना के एसएसपी और जोनल आईजी के रूप में कार्य कर चुके हैं और उन्हें राजधानी की भौगोलिक स्थिति और अपराध पैटर्न की गहरी समझ मानी जाती है। माना जा रहा है कि उनका अनुभव और मजबूत सूचना तंत्र पटना पुलिसिंग को और प्रभावी बनाएगा। इसी क्रम में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी विभिन्न जिलों का प्रभार दिया गया है। एडीजी अमित कुमार जैन को सारण और बक्सर, आईजी संजय कुमार को मुजफ्फरपुर, एडीजी एस.



रवींद्रन को गया, एडीजी आर. मलार विजी को नालंदा, एडीजी पंकज कुमार दराद को भोजपुर, एडीजी सुधांशु कुमार को दरभंगा तथा एडीजी सुनील कुमार को जहानाबाद और अरवल की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा एडीजी डॉ. कमल किशोर सिंह को समस्तीपुर, एडीजी पारसनाथ को मुंगेर, एडीजी अजिताभ कुमार को गोपालगंज और खगड़िया, तथा एडीजी संजय सिंह को सीवान और पूर्णिया का प्रभार सौंपा गया है। एडीजी अमित राज को बेतिया और बगहा, जबकि एडीजी अमित लोढ़ा को लखीसराय और शेखपुरा की जिम्मेदारी दी गई है। महिला अधिकारियों को भी महत्वपूर्ण जिलों की कमान दी गई है। इनमें आईजी अनसुइया रणसिंह साहु (औरंगाबाद), आईजी एस. प्रेमलता (भागलपुर और नवगछिया), डीआईजी हरप्रीत कौर (भभुआ) और डीआईजी मीनू कुमारी (बेगूसराय) शामिल हैं। वहीं सीमावर्ती और संवेदनशील जिलों में आईजी पी. कन्नन (जमुई और अररिया), डीआईजी तौहीद परवेज (किशनगंज) और डीआईजी राशिद जमां (सीतामढ़ी) को जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस मुख्यालय का मानना है कि इन वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती से जिलों में बेहतर समन्वय स्थापित होगा और अपराध नियंत्रण में तेजी आएगी।

# रिश्वत लेते एसबीआइ का फील्ड अफसर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई हुई है। सीबीआइ की टीम ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) के एक फील्ड ऑफिसर को रंगे हाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अधिकारी की पहचान रविरंजन कुमार के रूप में की गई है। हालांकि इस मामले पर बैंक की ओर से फिलहाल स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। एसबीआइ गया मुख्य शाखा के पीआरओ अमरेश कुमार ने बताया कि उन्हें इस कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। जब उनसे अतरी प्रखंड क्षेत्र में तैनात फील्ड ऑफिसर के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इस संबंध में भी अनभिज्ञता जताई। कहा कि जैसे ही आधिकारिक जानकारी मिलेगी, साझा की



जाएगी लेकिन आधा घंटा बीत जाने के बाद भी बैंक की ओर से कोई अपडेट नहीं दिया गया। सूत्रों के अनुसार नीमचक बथानी प्रखण्ड के छतनी गांव निवासी रामचन्द्र महतो के बेटे निरंजन कुमार करीब 10 लाख रुपये के लोन के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि लोन पास करने के एवज में फील्ड ऑफिसर रविरंजन कुमार ने 95 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। इस मांग से परेशान होकर निरंजन ने विजिलेंस विभाग में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच के बाद टीम ने जाल बिछाया। तय योजना के तहत आज जैसे ही रविरंजन कुमार ने 95 हजार रुपये की घूस ली, टीम ने मौके पर ही उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तारी के तुरंत बाद टीम आरोपी को अपने साथ गाड़ी में बैठाकर तेजी से वहां से निकल गई। कार्रवाई इतनी तुरंत हुई कि आसपास के लोगों को संभलने का मौका भी नहीं मिला। बता दें कि फिलहाल शिकायतकर्ता निरंजन भी टीम के साथ है। उसे भी आरोपी के साथ टीम कागजी कार्रवाई के लिए पटना ले गई है।

# बिहार रेरा अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह बने केंद्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार रेरा अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह को केन्द्रीय मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता में गठित समिति में केंद्रीय सलाहकार परिषद का सदस्य बनाया गया है। यह समिति रेरा अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के क्रियान्वयन सम्बन्धी विषयों पर केंद्र सरकार को परामर्श एवं अनुशंषा करने वाली सर्वोच्च परिषद् है। इसकी अधिसूचना आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा हाल में अधिसूचित की गयी। अधिसूचना के अनुसार, विवेक कुमार सिंह इस पद पर तीन वर्षों के लिए नामित किये गए हैं। वर्ष 2017 में राज्य में प्राधिकरण के गठन के पश्चात ऐसा पहली बार हुआ है कि रेरा बिहार के अध्यक्ष को केंद्रीय सलाहकार परिषद् का सदस्य बनाया गया है।

# पटना में प्रदूषण पर हाई कोर्ट सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी में बढ़ते वायु और ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। न्यायाधीश राजीव रॉय की एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रदूषण नियंत्रण में पूरी तरह विफल रहा है। हाई कोर्ट में बोर्ड की ओर से सीनियर एडवोकेट शिवेंद्र किशोर ने कार्रवाई रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि मैरिज हॉलों को नोटिस जारी किए गए हैं और निर्माण स्थलों पर 'ग्रीन नेट' लगाने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि न्यायालय मित्र अजय ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगर निकायों को भेजे गए पत्रों का कोई ठोस रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। सुनवाई के दौरान पुलिस की कार्यशैली भी कटघरे में आ गई। रूपसपुर थाना ने देरी से सूचना मिलने की बात कही, जबकि कदमकुआं थाना ने स्वीकार किया कि डीजे के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन वाहन पंजीकृत नहीं था। इस पर कोर्ट ने दोनों थानों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए। राज्य सरकार के वकील प्रशांत प्रताप के अनुरोध पर अदालत ने अंतिम मौका दे दिया। कोर्ट ने कंकड़बाग, पीरबहोर, आलमगंज, रूपसपुर, गांधी मैदान और बुद्धा कॉलोनी थानों की रिपोर्ट को असंतोषजनक बताते हुए संबंधित एसएचओ की कार्यशैली पर कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने स्पष्ट कहा कि लाउडस्पीकर अधिनियम, 1955 और शोर प्रदूषण नियम केवल कागजों तक सीमित नहीं रहने चाहिए। अदालत ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बारात या जुलूस को रोके बिना डीजे और लाउडस्पीकर की वीडियोग्राफी की जाए और कार्यक्रम समाप्त होते ही कानूनी कार्रवाई की जाए।

# बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा को एक महीने के अंदर दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। शुक्रवार दोपहर एक बजे ईमेल के जरिए यह धमकी दी गई। इसके बाद विधानसभा परिसर में हड़कंप मच गया। पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा के निर्देश पर फौरन सुरक्षाकर्मी बम निरोधक दस्ते के साथ विधानसभा पहुंचे और जांच में जुट गए। पुलिस ने हर जगह सघन जांच अभियान चलाया। काफी देर खोजबीन के बाद भी बम नहीं मिला। इधर, पुलिस टीम ने पूरे विधानसभा परिसर को खंगाला। सभी कर्मियों को बाहर निकाला गया। हर एक कार्यालय की जांच की गई। रेस्टोरेंट और कैंटीन की भी जांच की गई लेकिन कहीं कुछ नहीं बरामद हुआ। मामले में पटना एसएसपी ने बताया कि अज्ञात मेल के जरिए धमकी आई है। साइबर सेल की टीम मामले की जांच कर रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है। इतना ही नहीं इस ईमेल में बिहार विधानसभा के अलावा सीवान सिविल कोर्ट को भी उड़ाने की धमकी दी गई है जिससे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। विधानसभा परिसर और सीवान सिविल कोर्ट के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और बम निरोधक दस्ता भी अलर्ट पर है। पुलिस और जांच एजेंसियां ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुट गई हैं।

# वेतन एवं पेंशन भुगतान से संबंधित कोई समस्या नहीं : वित्त मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को पिछले महीने की सैलरी नहीं मिलने के दावे को सरकार ने खारिज कर दिया है। राज्य के वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा है कि तेजस्वी को मार्च 2026 के वेतन का भुगतान कर दिया गया है। उसने संबंधित पूर्व का सभी बकाया राशि दे दी गई है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के किसी भी विभाग में वेतन और पेंशन के भुगतान से संबंधित कोई भी समस्या नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि बिहार विधान मंडल के सभी विधायक एवं एमएलसी के वेतन भी जारी किया जा चुका है। बिहार के वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि



सूबे में कार्यरत कर्मचारियों या पेंशनधारियों के लिए राशि की कोई कमी नहीं है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के कतिपय समाचार माध्यम द्वारा बकाया वेतन भुगतान अब तक नहीं किये जाने से संबंधित तथाकथित सूचना के आलोक में बिहार विधान सभा सचिवालय के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी से इस संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। बिहार विधान सभा सचिवालय के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि नेता प्रतिपक्ष (बिहार विधान सभा) का पूर्व का बकाया वेतन विपत्र (दिनांक-15.11.2025 से 02.12.2025 तक) बिहार विधानसभा कार्यालय के द्वारा दिनांक-18.03.2026 को सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना में प्रस्तुत किया गया व उसी दिन कोषागार के द्वारा पारित कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष के माह दिसम्बर, 2025 से मार्च, 2026 के मासिक वेतन का विपत्र बिहार विधान सभा कार्यालय के द्वारा 10.04.2026 को पूर्वाह में सचिवालय कोषागार सिंचाई भवन, पटना में प्रस्तुत किया गया जिसे संबंधित कोषागार द्वारा आज ही पूर्वाह्न में पारित कर दिया गया। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार द्वारा विधानमंडल के सदस्यों के साथ-साथ राज्य सरकार के समस्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों के माह मार्च, 2026 के वेतन एवं पेशन का भुगतान 02 अप्रैल 2026 से बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से किया जा रहा है। राज्य सरकार के किसी भी विभाग में वेतन एवं पेंशन भुगतान से संबंधित कोई समस्या किसी स्तर पर नहीं है।



# पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के हित में चिन्हित उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंध का सख्ती से हो पालन : मंत्री

## बिहार में प्लास्टिक के खिलाफ सख्त अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती बढ़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अरण्य भवन में 'एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रबंधन' पर एक बैठक का आयोजन किया गया। विभाग के मंत्री डॉ प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मंत्री ने पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के हित में राज्य में चिन्हित उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंध का सख्ती से पालन करने के निदेश दिए। उन्होंने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के वैकल्पिक उत्पादों के उपयोग करने की अपील की। उन्होंने आमजनों के बीच इस विषय पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान शुरू करने एवं इस अभियान में जन-सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि आज राज्य के शहरों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्लास्टिक के उपयोग में वृद्धि हुई है, इसलिए इन क्षेत्रों में भी जन-जागरूकता के साथ प्लास्टिक अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता है।

**सड़क निर्माण में प्लास्टिक अपशिष्ट के उपयोग और बेहतर प्रबंधन पर जोर**

विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने बताया कि प्लास्टिक अपशिष्टों का उपयोग सड़क निर्माण में प्रायोगिक तौर पर किया गया है जिसका आकलन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग, उद्योग विभाग एवं नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रभावी रोक लगाने तथा वैकल्पिक उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष डॉ डी. के. शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य एवं सभी जीव-जन्तुओं के हित में प्लास्टिक अपशिष्टों का समुचित प्रबंधन बहुत जरूरी है। उन्होंने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली के प्रावधानों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य में किसी भी मुटाई और आकार के प्लास्टिक कैरी बैग का विनिर्माण, क्रय-विक्रय एवं उपयोग प्रतिबंधित है। पर्षद् के सदस्य-सचिव नीरज नारायण ने पीपीटी के माध्यम से प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक से संबंधित नियमावली एवं राज्य में इस दिशा में उठाए गए उत्कृष्ट पहल से अवगत कराया। बिहार विधान परिषद् के सदस्य सर्वेश कुमार ने एकल उपयोग प्लास्टिक के वैकल्पिक उत्पादों के उत्पादनकर्त्ताओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बिहार विधान सभा के सदस्य नचिकेता ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित नियमों के प्रभावी प्रवर्तन के लिए सुझाव दिया। छोटी कुमारी ने जन-सामान्य के बीच एकल उपयोग प्लास्टिक के वैक्लपिक उत्पादों जैसे कागज का थैला आदि को कम कीमत पर बाजार में सुलभता से उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। बिहार विधान परिषद् के सदस्य समीर कुमार सिंह ने भी प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक के संबंध में व्यापक जन-भागीदारी की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, यशपाल मीणा, संबंधित विभाग के पदाधिकारीगण एवं एकल उपयोग प्लास्टिक के वैकल्पिक उत्पादों के विनिर्माणकर्त्ता, पुनःचक्रणकर्त्ता, प्रसंस्करणकर्त्ताओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# अब खाद के लिए नहीं भटकेंगे किसान : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** किसानों की सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कृषि भवन, मीठापुर में बिहार कृषि मोबाइल ऐप पर रियल टाइम उर्वरक उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसानों को उर्वरक उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए कृषि विभाग द्वारा पूर्व से संचालित बिहार कृषि मोबाइल ऐप में यह नई सुविधा जोड़ी गई है। किसान भाई इस ऐप का उपयोग कर अपने आसपास के उर्वरक दुकानों में उपलब्ध यूरिया, डीएपी सहित सभी प्रकार के उर्वरकों की वास्तविक जानकारी सीधे अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि दुकानों में उर्वरक उपलब्ध रहने के बावजूद किसानों को 'स्टॉक नहीं है' कहकर लौटा दिया जाता था। यह स्थिति किसानों के लिए कष्टकारी थी जिसे समाप्त करने के लिए यह पहल की गई है। अब कोई भी दुकानदार किसानों को गुमराह नहीं कर पाएगा और दुकानों में उपलब्ध उर्वरकों का पूरा विवरण सार्वजनिक रहेगा। मंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक मूल्य वसूली पर प्रभावी रोक लगेगी तथा उर्वरक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। यह पहल तकनीक के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का मानना है कि किसान मजबूत होंगे तो राज्य और देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के सम्मान, सुविधा और समृद्धि के लिए लगातार नई पहल कर रही है और आगे भी किसानों के हित में ऐसे कदम उठाती रहेगी। हमारा संकल्प है किसान को समय पर उर्वरक, उचित मूल्य पर उर्वरक और बिना किसी परेशानी के उर्वरक उपलब्ध कराना। मंत्री ने बताया कि मेरी जानकारी के अनुसार इस प्रकार की सुविधा भारत के किसी अन्य राज्य में अभी तक उपलब्ध नहीं है और इस दिशा में बिहार पहला राज्य बन गया है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में राज्य के करीब 09 लाख 35 हजार किसान बिहार कृषि ऐप का उपयोग कर कृषि विभाग की योजनाओं, मौसम संबंधित जानकारी, फसल सुरक्षा, फसलों के बाजार भाव सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां घर बैठे प्राप्त कर रहे हैं। यह पहल किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता लाने की दिशा में बिहार सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बंगाल की महिलाओं ने परिवर्तन के लिए संभाली कमान : धर्मेंद्र प्रधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पश्चिम बंगाल के हल्दिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल रैली ने राज्य की राजनीति में एक स्पष्ट और निर्णायक संदेश दिया है। रैली में उमड़ी अभूतपूर्व भीड़ ने यह साबित कर दिया है कि बंगाल में अब परिवर्तन की लहर चल पड़ी है जो विकास-उन्मुख और जवाबदेह शासन की ओर एक मजबूत कदम है। नंदीग्राम की ऐतिहासिक धरती से लेकर राज्य के हर कोने तक, जनता अब अवसर, सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन की मांग कर रही है। यह जन आंदोलन अब एक नई दिशा ले चुका है जिसके केंद्र में बंगाल की जागृत महिलाएं हैं जो समावेशी विकास और सशक्तिकरण का नेतृत्व कर रही हैं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया पर लिखी पोस्ट में कहा है कि पीएम मोदी के संदेश के बाद यह स्पष्ट है कि बंगाल अब जागरूक हो चुका है। डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में विकसित बंगाल का सपना अब दूर नहीं है। जनता का विश्वास परिवर्तन और विकास पर कायम है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और यह सरकार पीएम मोदी जी के हाथों को और मजबूत करेगी।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाती है बेहतर प्रदर्शनी : रीना यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल की सचेतक रीना यादव ने कहा कि महिला अगर आत्मनिर्भर और स्वाबलंबी होगी तो परिवार ठीक ढंग से चलता है। महिलाओं को बेहतर स्वाबलंबी बनाने में लाइफस्टाइल व प्रदर्शनी का अहम योगदान होता है। विधान पार्षद रीना यादव राजधानी के मौर्या होटल में आयोजित बाबरी फिरकी लाइफस्टाइल एक्जीविशन का उद्घाटन कर रही थी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जहां पटना की महिलाओं को बेहतर डिजाइन का कपड़ा व ज्वेलरी मिलेगा वहीं इससे महिला रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन में शामिल महिला स्वाति बाजोरिया, सरिता सुरेका, बाबरी बाजोरिया, पललवी टेकरीवाल ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से बिहार की महिलाओं के बीच वस्त्र व आभूषण का बेहतर डिजायन पहुंचाना है। आयोजकों ने बताया कि उनके इस प्रदर्शनी की शुरूआत कोलकाता से हुई थी जहां दस डिजायर शामिल हुए थे। अब यह कारवां बढ़ते-बढ़ते गोरखपुर, जमशेदपुर के बाद पटना पहुंचा है जिसका फायदा प्रदेश की महिलाओं को मिलेगा। इस प्रदर्शनी में कपड़े व जेवर के डिजायन के अलावा एथनिक वेयर, वेस्टर्न वेयर के अलावा बच्चों के ड्रेसेज के साथ-साथ अत्याधुनिक डिजायन उपलब्ध है। यह प्रदर्शनी महिलाओं को अपने बलबूते आत्मनिर्भर बनाने का एक माध्यम है। इस मौके पर राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व सदस्य सुषमा साहू, वार्ड पार्षद पिंकी यादव, लाइंस क्लब की नीना गुप्ता, इंदु अग्रवाल अर्चना जैन, शिल्पा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# राज्यसभा सदस्य बनने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को डा. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी है। अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चारों सदनों के सदस्य बनकर एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किया है। वे पहली बार संसद के उच्च सदन राज्यसभा पहुंचे हैं। इससे पूर्व वे लोकसभा, बिहार विधान परिषद और बिहार विधान सभा के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से बिहार की बागडोर संभालते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में बिहार ने कठिन दौर से निकलकर नई पहचान बनाई है। अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता ने राज्य की दिशा और दशा दोनों को बदला है। अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यसभा में उनके अनुभव और नेतृत्व का लाभ न केवल बिहार बल्कि पूरे देश को मिलेगा।

# 15 अप्रैल से कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में टैली प्राइम विथ जी.एस.टी प्रशिक्षण बैच शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में टैली प्राइम विथ जी.एस.टी प्रशिक्षण कार्यक्रम का नया बैच आगामी 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होने जा रहा है। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी गई है जिसमें छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि वर्तमान समय में अकाउंटिंग एवं जी.एस.टी का ज्ञान युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल बेस्ड ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी जिससे वे अकाउंटिंग, बिलिंग तथा जी.एस.टी रिटर्न फाइलिंग जैसे कार्यों में दक्ष बन सकें और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वावलंबी एवं रोजगार योग्य बनाना है। संस्थान में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा आधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे छात्रों को वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त होगा। संस्थान प्रबंधन ने मैट्रिक एवं इंटर उत्तीर्ण सभी इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे समय रहते नामांकन कराकर 15 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले इस बैच में अपनी सीट सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण शुल्क भी न्यूनतम रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें।

# 11 से 13 अप्रैल तक निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर, दिव्यांगों को मिलेगा नया सहारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज सेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य, पटना द्वारा 11 से 13 अप्रैल 2026 को तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर महाराणा प्रताप भवन, आर्य कुमार रोड में आयोजित होगा जहां जरूरतमंद एवं दिव्यांगजन को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को चलने-फिरने में सक्षम बनाना ही नहीं, बल्कि उनके जीवन में आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और नई आशा का संचार करना भी है। तीन दिवसीय इस शिविर के दौरान विशेषज्ञों की टीम द्वारा लाभार्थियों का परीक्षण, माप एवं फिटिंग की जाएगी तथा उच्च गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अभिषेक अपूर्व एवं प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन कमल बिदासरिया ने आम जनता एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की है कि वे इस सेवा कार्य की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद इस अवसर का लाभ उठा सकें। एमपी जैन ने कहा कि एक छोटा प्रयास किसी के जीवन में फिर से चलने की ताकत और जीने की नई दिशा दे सकता है।

# वित्त वर्ष 2027 तक नीतिगत दर अपरिवर्तित रह सकती है : साक्षी गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** अनिश्चित भू-राजनीतिक परिदृश्य की पृष्ठभूमि में आरबीआई ने अपनी नीति में प्रतिक्रियावादी होने के बजाय धैर्य रखने का विवेकपूर्ण विकल्प चुना और अपने रुख और नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखा। नीति का रुख संतुलित था और इसमें किसी भी प्रकार की आक्रामक नीति से परहेज किया गया था। जैसा कि हमने उम्मीद की थी इस समय कोई भी चरम या अप्रत्याशित उपाय घोषित नहीं किए गए। उक्त बातें एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिमों को स्वीकार करते हुए (ऊर्जा की उच्च लागत के कारण) वित्त वर्ष 2027 के लिए अपने पूर्वानुमान को बढ़ा दिया है जबकि विकास को लेकर सतर्कता बरती है। हालांकि इस दृष्टिकोण को इस तथ्य की पुनरावृत्ति से संतुलित किया गया कि युद्ध से पहले अर्थव्यवस्था मजबूत बुनियादी स्थिति में थी जो वर्तमान पश्चिम एशियाई झटके के प्रति अर्थव्यवस्था की अवशोषक क्षमता को बढ़ाती है। इसके अलावा आरबीआई ने संकेत दिया कि मुद्रास्फीति के शुरुआती बिंदु भी आरामदायक है जिसका अर्थ है कि वित्त वर्ष 2027 में मुद्रास्फीति आरबीआई के लक्ष्य सीमा के भीतर रह सकती है। रुपये के संबंध में की गई टिप्पणियों से आरबीआई द्वारा किसी भी तरह के अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए मजबूत आत्मविश्वास का भी पता चलता है। साथ ही रुपये के किसी विशेष स्तर को लक्षित न करने के अपने रुख को भी बरकरार रखा गया है।

# राज्यसभा सांसद के रुप में शपथ लेने पर स्वास्थ्य मंत्री ने दी नीतीश कुमार को बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास में नीतीश कुमार का योगदान अतुलनीय है। जनसेवा के प्रति उनका समर्पण, सुशासन की छवि, कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता और बिहार के समग्र विकास के लिए उनका सतत प्रयास हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनके नेतृत्व में राज्य ने सतत विकास किया, आधारभूत संरचना और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार सृजन समेत कई मामले में बिहार आगे बढ़ा। हम सभी की यह आशा है कि उनके अनुभव और दूरदर्शी सोच से देश को और अधिक मजबूती एवं नई दिशा प्राप्त होगी।

# बिहार की मछलियों का बढ़ेगा निर्यात, पटना में खुलेंगे 'फ्रेश कैच' आउटलेट

## दुनिया के बाजार में 1500 से 1600 रुपए प्रति किलो बिक रही हैं बिहार की मछलियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्य में उत्पादित मछलियों को बड़े पैमाने पर दुनिया के बाजारों में निर्यात करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि मत्स्य पालकों को अधिक से अधिक मूल्य मिल सके। दुनिया भर में बिहार की मछलियों की मांग है, यहां उत्पादित कई प्रजाति की मछलियां दुनिया के बाजार में 1500 से 1600 रुपए किलो बिक रही हैं। ये बातें डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता ने शुक्रवार को कही। वे सूचना एवं जन संपर्क विभाग के संवाद कक्ष में आयोजित डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग प्रेस कांफ्रेंस में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मछली पालक किसानों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए सरकार प्रयासरत है। इस कड़ी में इस माह के अंत तक पटना सहित कई नगर निगमों में सुधा बिक्री केंद्रों की तर्ज पर फ्रेश कैच फिश आउटलेट खोला जाएगा जिसमें जिंदा एवं ताजी मछलियां बिकेंगी। उन्होंने कहा कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है इसलिए इस विभाग का महत्व बढ़ जाता है। हमारा विभाग सभी गरीब किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। दूध और दूध से बने उत्पादों का भी विदेशों में निर्यात शुरू किया गया है। इससे राज्य के किसानों का लाभ मिलेगा। वहीं इस मौके पर डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि हर गांव में डेयरी कॉपरेटिव सोसाइटी की स्थापना और सभी पंचायतों में सुधा बिक्री केंद्र खोलने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम के जरिए दूध उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। पशुओं के लिए राज्य में प्रोटीनयुक्त पशुचारा बनाने की व्यवस्था की जा रही है। गाय और अन्य पशुओं को संतुलित आहार मिले इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है। पशुओं का टीकाकरण भी शत-प्रतिशत हो इसके लिए भी हम काम कर रहे हैं। प्रेस कांफ्रेंस में शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि दूध और मछली के क्षेत्र में बिहार आत्मनिर्भर हो चुका है। हम सुधा के उत्पादों को विदेशों में भी निर्यात कर रहे हैं, इसे अब व्यापक स्तर पर करने के लिए हम काम कर रहे हैं। मत्स्य पालन के क्षेत्र में हमने अच्छी उपलब्धियां हासिल की है। आज हम 9 लाख टन के करीब उत्पादन कर चुके हैं। 10 साल पहले हम नौवें स्थान पर थे, आज चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। मत्स्य के क्षेत्र में इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बिहार में फिशरीज कॉरपोरेशन और गोट फेडरेशन की स्थापना करने का प्रयास तेजी से किया जा रहा है। अच्छी गुणवत्ता का मांस लोगों को मिले इसके लिए भी फेडरेशन के माध्यम से कियोस्क सिस्टम लागू करने जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना: 34,911 किमी नेटवर्क से विकास की रफ्तार तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सुदूर गांवों और बसावटों तक पक्की सड़कों के निर्माण ने राज्य के जनजीवन की दशकों पुरानी कठिनाइयों से निजात दिलाई है और स्थानीय लोगों खासकर ग्रामीण जनजीवन को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत राज्य में कुल 31,717 ग्रामीण पथों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी जिनकी कुल लक्षित लंबाई 43,586 किलोमीटर निर्धारित थी। वहीं अब तक कुल 21,462 पथों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इसके परिणामस्वरूप कुल 34,911 किलोमीटर लंबी बारहमासी पक्की सड़कों का एक मजबूत नेटवर्क राज्य में तैयार हो चुका है, जिसने राज्य के सुदूर गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ दिया है। एक समय था जब मुख्य मार्गों से कई किलोमीटर अंदर बसे ग्रामीण बसावटों तक पहुंचना विशेषकर रात्रि के समय अत्यंत चुनौतीपूर्ण और असुरक्षित माना जाता था। परिवहन साधनों की कमी और कच्चे रास्तों के कारण ग्रामीणों एवं यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। किन्तु अब मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के फलस्वरूप यह स्थिति बदल चुकी है। इस ग्रामीण संपर्कता विस्तार का सबसे उल्लेखनीय प्रभाव ग्रामीण जनजीवन की सुरक्षा और सुगमता पर पड़ा है। अब राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों तक रात्रि के समय भी वाहनों की निर्बाध आवाजाही संभव हो गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय निवासियों के साथ-साथ रात्रि में यात्रा करने वाले अन्य यात्रियों को भी सुरक्षित और सहज आवागमन की सुविधा प्राप्त हो रही है।

# दानापुर मंडल में ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग कार्य हेतु एनआई के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** दानापुर मंडल के रामपुर डुमरा, बड़हिया आदि स्टेशनों पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग कार्य हेतु 11.04.2026 को नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है।

रद्द ट्रेनें -11.04.2026 को किउल से खुलने वाली गाड़ी सं. 63331 किउल-मोकामा मेमू, 11.04.2026 को मोकामा से खुलने वाली गाड़ी सं. 63332 मोकामा-किउल मेमू।

**ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन**

11.04.2026 को पटना से खुलने वाली गाड़ी सं. 13332 पटना-धनबाद एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग बख्तियारपुर-बिहार शरीफ-शेखपुरा-किऊल के रास्ते जाएगा। इस कारण 11.04.2026 को बाढ़, मोकामा, हाथीदह और बड़हिया स्टेशनों पर ठहराव नहीं होगा। 11.04.2026 को देवघर से खुलने वाली 63209 देवघर-पटना मेमू परिवर्तित मार्ग लखीसराय-शेखपुरा-बिहारशरीफ-बख्तियारपुर के रास्ते परिवर्तित किया जाएगा। इस कारण 11.04.2026 को मनकठा, डुमरी हाल्ट, बड़हिया, रामपुर डुमरा, हाथीदह, टाल जंक्शन, मोकामा, मोर, पुनारख, बाढ़ और अथमलगोला स्टेशनों पर नहीं ठहराव नहीं होगा।

# मारवाड़ी युवा मंच पाटलिपुत्र शाखा ने किया 'अमृत धारा' कार्यक्रम के तहत वाटर कूलर स्थापित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** 'युवा शक्ति-राष्ट्र शक्ति' के संकल्प को साकार करते हुए मारवाड़ी युवा मंच, पाटलिपुत्र शाखा द्वारा आज राजेंद्र नगर, रोड नं. 6 स्थित संथालिया निवास में 'अमृत धारा' कार्यक्रम के अंतर्गत आम जनता हेतु एक वाटर कूलर स्थापित किया गया। यह सेवा कार्य स्वर्गीय शंकर लाल संथालिया एवं स्वर्गीय अंगूरी देवी संथालिया की पुण्य स्मृति में संथालिया परिवार के सौजन्य से संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाखा सदस्य आशीष संथालिया सहित संपूर्ण संथालिया परिवार का विशेष योगदान रहा। मौके पर मंच संयोजक विवेक शर्मा ने बताया कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को 'अमृत धारा' जैसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए तथा मारवाड़ी युवा मंच के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाना चाहिए। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांत मंडल उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष विनय प्रकाश शेखानी, सचिव कृष्णा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष महेश राठी सहित विशाल शर्मा, निशांत अग्रवाल, निकुंज अग्रवाल, संध्या टेकरीवाल, खुशी डोकानिया, रूचि सिंघल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# डालमियानगर में 403 करोड़ का रेल वैगन मरम्मत कारखाना जल्द होगा शुरू

## राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा रेल कारखाने के लिए हमेशा उठाते रहे हैं आवाज

मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। डालमियानगर में लगभग 403 करोड़ रुपये की लागत से रेल वैगन मरम्मत कारखाना स्थापित होने जा रहा है जिसका कार्य शीघ्र शुरू होगा। इसकी जानकारी भारतीय रेलवे ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज के माध्यम से साझा की है। राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने डालमियानगर रेल कारखाना के लिए हमेशा आवाज उठाते रहे हैं।

**परियोजना की मुख्य विशेषताएं**

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत डालमियानगर में 219 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक रेल वैगन मरम्मत कारखाना स्थापित किया जाएगा। रेल बजट 2026-27 में लगभग 403.20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस परियोजना को राइट्स (रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस) द्वारा टर्नकी आधार पर क्रियान्वित किया जा रहा है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

डालमियानगर कभी रोहतास इंडस्ट्रीज के कारण देश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र हुआ करता था, लेकिन 1984 में उद्योग बंद होने के बाद यहां औद्योगिक गतिविधियां ठप हो गई थीं। वर्ष 2007 में तत्कालीन रेल मंत्री द्वारा इस भूमि का अधिग्रहण किया गया और 2009 में परियोजना का शिलान्यास हुआ। लंबे समय तक विभिन्न कारणों से यह योजना अटकी रही, लेकिन अब इसे मिशन मोड में पूरा करने की दिशा में तेजी लाई गई है।

**कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स**

कारखाने को बेहतर रेल संपर्क से जोड़ने के लिए पहलेजा रेलवे स्टेशन से एक नया रेलवे ट्रैक और फ्लाईओवर बनाया जा रहा है जिससे वैगनों को मरम्मत के लिए आसानी से लाया जा सके। वहीं यह क्षेत्र एनएच-19 (पुराना जीटी रोड) के समीप स्थित होने के कारण सड़क मार्ग से भी अच्छी तरह जुड़ा हुआ है।

**आर्थिक और सामाजिक प्रभाव**

इस कारखाने के शुरू होने से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। तकनीकी विशेषज्ञों, इंजीनियरों और श्रमिकों के लिए हजारों नौकरियां सृजित होने की संभावना है। साथ ही डालमियानगर और डिहरी-ऑन-सोन के आसपास रियल एस्टेट सेक्टर में तेजी आने की उम्मीद है। इसके अलावा स्पेयर पार्ट्स, वेल्डिंग, पेंटिंग जैसे छोटे-छोटे सहायक उद्योगों का भी विकास होगा।

**ताजा स्थिति**

रेल बजट 2026-27 में पर्याप्त राशि मिलने के बाद परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी आई है। भूमि समतलीकरण का कार्य काफी हद तक पूरा हो चुका है और अब मुख्य बुनियादी ढांचे के निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। यह परियोजना न केवल डालमियानगर की खोई औद्योगिक पहचान को पुनर्जीवित करेगी, बल्कि पूरे रोहतास जिले के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र में दरिहट गांव स्थित अशोक कुमार जैन उच्च विद्यालय के समीप मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटना में मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि बाइक सवार प्रीतम कुमार पिता कौशल साह ग्राम भड़कुडिया थाना कच्छवा के रहने वाले और सोनू कुमार पिता स्वर्गीय लाल बहादुर साह अग्नीर बजार करेर अरवल के रहने वाले दोनों पैशन प्रो मोटरसाइकिल से नासरीगंज से डिहरी की ओर जा रहे थे दूसरी ओर टेंपो चालक ददन शर्मा पथपुरा डिहरी के रहने वाले मोहम्मद कैफ के साथ अपने टेम्पो से डिहरी से आयर कोठा की ओर जा रहे थे। दोनों वाहन की आमने सामने की टक्कर दरिहट थाना क्षेत्र के दरिहट गांव स्थित अशोक कुमार जैन उच्च विद्यालय के समीप मुख्य सड़क पर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो वहीं पर पलट गई और बाइक सवार का हेलमेट टूट गया, गाड़ी टूट गई। घटना की सूचना मिलते ही दरिहट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भिजवाया। इस संदर्भ में दरिहट थाना अध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि इस सड़क दुर्घटना में प्रीतम कुमार की मौत हो गई। वहीं घायल सोनू कुमार, ददन शर्मा, मो. कैफ का इलाज चल रहा है। वहीं दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाने लाया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षा के निजीकरण के खिलाफ छात्र-नौजवानों का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा मांगपत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** भगत सिंह छात्र नौजवान सभा से संबद्ध ऑल इंडिया स्टूडेंट यूथ ऑर्गेनाइजेशन के बैनर तले जिले भर के छात्र-नौजवानों ने जिला कलेक्ट्रेट गेट के समक्ष प्रदर्शन किया। इससे पूर्व सभी छात्र कुशवाहा सभा भवन में एकजुट हुए और वहां से रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां सभा आयोजित कर अपनी मांगों को लेकर जोरदार आवाज उठाई। छात्र-नौजवानों ने आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में दोहरी व्यवस्था लागू कर रही है जिससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से बाजारीकरण और निजीकरण किया जा रहा है जो देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। भाकपा माले जिला सचिव कामरेड अशोक बैठा ने कहा कि निजी स्कूल और कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और संचालकों द्वारा मनमाने तरीके से फीस वसूली की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि एडमिशन, किताब, यूनिफॉर्म, मेंटेनेंस और अन्य मदों के नाम पर अभिभावकों से भारी रकम ली जा रही है। सभा को संबोधित करते हुए राज्य कमेटी सदस्य राहुल सम्राट ने कहा कि जब देश में प्रतियोगी परीक्षाएं एक समान स्तर पर आयोजित होती है तो शिक्षा व्यवस्था भी समान होनी चाहिए। उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक समान शिक्षा नीति' लागू करने की मांग की। जिला अध्यक्ष अब्दुल रज्जाक ने सभी के लिए मुफ्त शिक्षा और चिकित्सा व्यवस्था लागू करने की मांग करते हुए कहा कि महंगी शिक्षा-चिकित्सा व्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शन के बाद छात्र-नौजवानों ने जिलाधिकारी को 15 सूत्री मांगपत्र सौंपा। प्रमुख मांगों में एक समान शिक्षा नीति लागू करना, शिक्षा व चिकित्सा के निजीकरण पर रोक, निजी कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण, एनसीईआरटी व बीएसईबी पाठ्यक्रम को अनिवार्य करना, निजी विद्यालयों की जांच, गरीब छात्रों के नामांकन की समीक्षा तथा सभी निजी शिक्षण संस्थानों को सरकारी घोषित करने जैसी मांगें शामिल हैं।

# सबका सम्मान जीवन आसान के तहत जिला जनता दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिलाधिकारी के निदेशानुसार शुक्रवार को समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी के द्वारा जिला जनता का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 40 आवेदकों ने अपनी शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए जिसमें अनीता कुमारी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलीगंज में रसोईया पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन दिया जिसे जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजा गया। वहीं संदीप आनंद ने न्यायमित्र पद पर चयन के बाद सरपंच द्वारा सहमति पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करने की शिकायत की जिसे जिला पंचायती राज पदाधिकारी को तत्काल कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। इसके अलावा राधेश्याम राम ने शिक्षा सेवक पद पर नियुक्ति की मांग रखी जबकि धर्मेंद्र कुमार सिंह ने गेहूं की फसल को नुकसान से बचाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई। संबंधित मामलों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। अन्य सभी आवेदनों को भी संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया।

# नामांकन महा अभियान में अभिभावकों की उमड़ी भीड़, 23 बच्चों का हुआ नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज, डिहरी में चल रहे नामांकन महा अभियान के तहत गुरुवार को अभिभावकों की भारी भीड़ देखने को मिली। पोषक क्षेत्र बाल गोविंद बीघा, शिवगंज एवं महावीर बीघा से बड़ी संख्या में माता-पिता अपने बच्चों का नामांकन कराने विद्यालय पहुंचे।

नामांकन के दौरान अभिभावकों के चेहरों पर उत्साह और संतोष साफ झलक रहा था। कई अभिभावकों ने निजी विद्यालयों के प्रति अपने पूर्व भ्रम को तोड़ते हुए सरकारी विद्यालयों पर विश्वास जताया। उनका कहना था कि राज्य सरकार द्वारा छात्रों को दी जा रही सुविधाएं सराहनीय हैं और इससे बिहार की शिक्षा व्यवस्था लगातार सुदृढ़ हो रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से नामांकन महा अभियान को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया था। उसी का सकारात्मक परिणाम है कि एक ही दिन में 23 छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ। उन्होंने कहा कि यह बढ़ती उपस्थिति इस बात का संकेत है कि अब लोगों की सोच सरकारी विद्यालयों के प्रति बदल रही है। विद्यालय अपनी शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाए हुए है जिसका लाभ बच्चों को मिल रहा है। नामांकन महा अभियान की इस सफलता से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।

# हार्वेस्टर-रीपर चलाने वाले के लिए एसडीएम ने जारी किए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल दण्डाधिकारी बिक्रमगंज ने गेहूं की फसल कटनी-2026 के दौरान आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-152 के तहत सख्त आदेश जारी किया है। अनुमंडल दण्डाधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया कि क्षेत्र में हार्वेस्टर और रीपर मशीन से निकलने वाली चिंगारी के कारण गेहूं की फसल में आग लगने की कई सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति हो रही है। आदेश के मुख्य बिंदु:हार्वेस्टर और रीपर मशीन चलाने से पहले जिला कृषि पदाधिकारी, रोहतास से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। मालिक या चालक को खेत में पानी और बुझाने के साधन रखने होंगे। बिना अनुमति मशीन चलाने पर उसे जब्त कर मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र में चल रहे हार्वेस्टर-रीपर की जांच का निर्देश अनुमंडल दण्डाधिकारी ने सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अग्निशामक पदाधिकारी के साथ मिलकर आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करें और फसल क्षति का आकलन कर प्रतिवेदन दें। यह आदेश 10 अप्रैल 2026 से पूरे बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में लागू हो गया है। आदेश की प्रतिलिपि सभी संबंधित अधिकारियों, थानाध्यक्षों और पुलिस अधीक्षक को भेज दी गई है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि फसल की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करें, ताकि आगजनी से होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

# जीएनएसयू में 'भाषा उत्सव' का आयोजन, बहुभाषिकता, संस्कृति और नवाचार का संगम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में 'भाषा उत्सव 2026' का भव्य एवं प्रेरणादायक आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम न केवल भाषाई विविधता के उत्सव के रूप में सामने आया, बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी साबित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर गोविंद नारायण सिंह, कुल सचिव कुमार आलोक प्रताप, संगीता सिंह एवं मोनिका सिंह के गरिमामयी स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर मंच की गरिमा को बढ़ाते हुए प्रो. डॉ. रचना दशोरे ने एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 'भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान और सोच का आधार है।' उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के साथ-साथ अन्य भाषाओं को भी आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सारथी दिशानिर्देशों एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप एन ई पी समन्वयक एवं सारथी टीम द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के परिवर्तन में सक्रिय रूप से सहभागी बनाना, उनकी रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच एवं बहुभाषिक क्षमता का विकास करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं वैश्विक नागरिक बनने के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया वाद-विवाद प्रतियोगिता में वाद-विवाद का विषय–'बहुभाषिकता: भाषा का क्षरण या शक्ति' जैसे समसामयिक विषय पर प्रतिभागियों ने तार्किक एवं प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। कविता पाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 'मातृभाषा, मेरा हृदय' विषय पर भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं जिससे श्रोताओं का मन भाव-विभोर हो गया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में भाषा, संस्कृति एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से प्रतिभागियों की बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला।

# नवविवाहिता की गला घोंटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** रोहतास के तुंबा गांव में एक नवविवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। परिजनों ने पति पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी पति इंद्रजीत कुमार को अरेस्ट कर लिया है। मृतका की पहचान अमरेसा कुमारी के रूप में हुई है। उसके मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि अमरेसा की शादी करीब एक साल पहले इंद्रजीत कुमार से हुई थी। शादी के कुछ ही समय बाद से ससुराल में उसे प्रताड़ित किया जाने लगा था।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-08-26, दिनांक 08.04.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** एक वर्ष (वित्त वर्ष 2026-27) के लिए एसएसई/इलेक्ट (जी)/यूडीएल के अधीन विविध विद्युत कार्य अनुबंध। **निविदा मूल्य :** रु. 1,00,00,653.50, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 2,00,000/-, **कार्य की समापन अवधि :** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** 04.05.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-14/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# एसडीएम का जनता दरबार आयोजित, 113 मामलों की हुई सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज( रोहतास)।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज के कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में परिवादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जनता दरबार की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी ने की। इस दौरान कुल 113 मामले सामने आए जिनमें सबसे अधिक 74 आवेदन राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं के थे। इसके अलावा भूमि विवाद से संबंधित 25 मामले और अन्य विभागों से जुड़े 14 आवेदन भी प्राप्त हुए।

**राशन कार्ड बना सबसे बड़ा मुद्दा**

परिवादियों ने बताया कि कई परिवारों के राशन कार्ड में नाम जोड़ने, हटाने या सुधार कराने के आवेदन महीनों से लंबित हैं। कुछ लाभुकों को यूनिट कम होने और कुछ को राशन नहीं मिलने की शिकायत थी। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और आपूर्ति विभाग के पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन का निर्देश दिया।

**भूमि विवाद पर सख्ती**

भूमि विवाद से जुड़े 25 मामलों में अधिकतर पैतृक संपत्ति के बंटवारे, दखल-कब्जा और अतिक्रमण से संबंधित थे। अनुमंडल पदाधिकारी ने अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में स्थल निरीक्षण कर दोनों पक्षों की उपस्थिति में 15 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद लंबे समय तक लंबित रहने से विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है, इसलिए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

**अन्य मामलों पर भी हुई सुनवाई**

जनता दरबार में पेंशन, आवास योजना, नल-जल योजना, बिजली बिल सुधार और प्रमाण-पत्र निर्गत करने से जुड़े 14 मामले भी आए। संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवेदन सौंपते हुए समयबद्ध निष्पादन का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**अधिकारियों को दिए गए निर्देश**

जनता दरबार के अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि 'सबका सम्मान-जीवन आसान' का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को एक ही छत के नीचे सुनवाई का अवसर देना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने सभी कार्यालय प्रधानों और पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा में कर अनुपालन प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। साथ ही हर 15 दिन पर समीक्षा बैठक कर लंबित मामलों की स्थिति देखी जाएगी।

# विशेष निवारण शिविर का आयोजन 72 घंटे में समाधान का आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** ऊर्जा विभाग के निर्देश पर शुक्रवार को बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विशेष निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसका लक्ष्य समस्याओं को प्राथमिकता पर निपटाते हुए अधिकतम 72 घंटे में समाधान सुनिश्चित करना है। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लेकर बिजली बिल में त्रुटि सुधार, स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी शिकायतें, नए कनेक्शन और नाम परिवर्तन के आवेदन दिए। साथ ही कम वोल्टेज, ढीले तार, झुके हुए पोल और खराब ट्रांसफॉर्मर जैसी आपूर्ति संबंधी शिकायतों पर अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को 72 घंटे के भीतर समाधान के निर्देश दिए गए।

# नगर चैंपियनशिप के खिलाड़ी सुमन के निधन पर शोक, टूर्नामेंट कमेटी मर्माहत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** नगर चैंपियनशिप में लगातार हिस्सा लेने वाली टीम वार्ड 11 के कप्तान सुमन के असामयिक निधन से खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर हिमांशु फाउंडेशन एवं बाबा वीर कुंवर टूर्नामेंट कमिटी के तत्वावधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि बीते बुधवार को सड़क दुर्घटना में मकराइन वार्ड 11 निवासी सुमन का निधन हो गया था। उनकी स्मृति में कमिटी के संयोजक विकास कुमार उर्फ छोटू के नेतृत्व में खिलाड़ियों एवं सदस्यों ने नगर चैंपियनशिप के पिच पर एकत्र होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया।

कमिटी के निर्देशक अधिवक्ता रवि शेखर ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमें उनके परिवार की तरह हैं और परिवार के किसी सदस्य के बिछड़ने का दर्द सभी को होता है। उन्होंने सुमन को जुझारू कप्तान और नेकदिल इंसान बताया। वहीं अध्यक्ष डॉ. ओ. पी. आनन्द ने कहा कि सुमन का निधन कमिटी के लिए अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

महासचिव प्रो. रणधीर सिन्हा ने भी सुमन के खेल योगदान और उपलब्धियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में सह संयोजक सोनू पाण्डेय, उपाध्यक्ष धनजी यादव, मनीष राज, राज बाबू, मुन्ना, रवि, अनीश, सोनू, चंदन वर्मा, चंदन सिंह, प्रिंस, अधिवक्ता बृजकेतु यादव, सुजीत कुमार, सुमित, राजेश गुप्ता, राहुल, आकाश समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अगलगी की चपेट में लगभग 350 एकड़ की फसल तबाह

## ट्रैक्टर एवं हल के सहारे आग बुझाने का अथक प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दावत प्रखंड में अगलगी की भीषण घटना शुक्रवार को हुई जहां दावथ प्रखंड के चार गांवों में गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है। एक अनुमान के मुताबिक लगभग 350 एकड़ में गेहूं की लगी फसले प्रभावित हुई है। आग कैसे लगी और इसकी शुरुआत कहां से हुई अभी तक इसकी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है, लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के हवाले से बताया गया कि बिजली ट्रांसफार्मर के द्वारा निकले चिंगारी से अगलगी की घटना हुई है। देवड़ी गांव से धीरे-धीरे यह आग फैलने हुए सहीनाव, महुअरी एवं हीरापुर के बधार की फसलों को अपने चपेट में लेते हुए विकराल रूप धारण कर लिया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों से लेकर अग्निशमन तथा प्रशासनिक महाकमों में सक्रियता जरूर बढ़ी, परंतु तब तक काफी देर हो चुका था। स्थानीय किसानों के द्वारा तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर में हल बांध कर फसलों को बचाने के लिए जूताई की ताबड़तोड़ उपाय किया गया ताकि आग की लपेट आगे न बढ़ सके। लोगों ने बताया कि ग्रामीणों की तत्परता ने हीं इस आग को काफी हद तक काबू में किया, अन्यथा यह कितने गांवों को अभी और अपने आगोश में लेती, इसका अंदाजा लगा पाना कठिन था। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन एवं कृषि विभाग के संबंधित कर्मी पहुंचे और आग के कारण क्षति हुई फसलों का आकलन तथा सर्वेक्षण में लग गए।

**बिहार सरकार**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/03 दिनांक- 10.04.2026**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026**

**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2026**

**Online आवेदन-पत्र भरने से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2026/01 एवं 2026/02 दिनांक- 15.03.2026 के अनुसार ITICAT-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration करने की अंतिम तिथि 14.04.2026 निर्धारित है। **छात्रहित में ITICAT-2026 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

(i) Online Registration Closing Date : **25.04.2026**

(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **26.04.2026 (11.59 pm.)**

(iii) Online Editing of Application Form : **27.04.2026 to 28.04.2026**

(iv) Uploading of Online Admit Card : **10.05.2026**

(v) Proposed Date of Examination : **17.05.2026**

(2) दिनांक 26.04.2026 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी।

(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

**परीक्षा नियंत्रक**

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परिणाम के लिए सराहा गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में गुलशन आरा (94.20%), दिलकश आरा (93.60%), आरती कुमारी (93.60%), श्रेया कुमारी (94.80%), मो० सनाउल्लाह (93.80%) एवं शैली वर्मा (93.80%) शामिल हैं। इसी प्रकार वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सलोनी कुमारी, मनीष कुमार एवं ललन सिंह यादव ने 96.80% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिलाधिकारी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, लगन एवं अनुशासन ही सफलता का आधार है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## विधायक डॉ. सुनील कुमार ने 45.15 लाख की योजनाओं का किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिहारशरीफ**। स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत कुल 45 लाख 15 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन सहित कई बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार मिलेगा।

कार्यक्रम के तहत वार्ड संख्या-03, रांची रोड स्थित क्षेत्र में 32 लाख 64 हजार रुपये की लागत से बड़े नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह नाला चमेली वर्मा के मकान से प्रो. मुनेश्वर प्रसाद के मकान होते हुए विनोद प्रसाद के मकान के समीप तक बनाया जाएगा। इसके अलावा वार्ड संख्या-06, आशानगर में भोली जी के मकान से भागवत प्रसाद के मकान होते हुए चितावन बाबा तक 12 लाख 51 हजार रुपये की लागत से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने के बाद स्थानीय निवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। किसानों को अपने कृषि उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी, वहीं बच्चों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होगा। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं और आपातकालीन सुविधाओं तक पहुंच भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या-03 के लोग लंबे समय से नाला निर्माण की मांग कर रहे थे, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। यह केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## पुलिस की कार्रवाई में 42 गिरफ्तारी, शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा द्वारा जारी प्रेस-विज्ञप्ति के अनुसार जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत व्यापक कार्रवाई की गई है। इस दौरान कुल 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें हत्या के प्रयास के मामले में 2, एससी/एसटी एक्ट के तहत 1, आर्म्स एक्ट में 1, साइबर अपराध में 4, पॉक्सो एक्ट में 2 तथा मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 4 लोगों की गिरफ्तारी शामिल है। अन्य मामलों में 28 अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में अवैध शराब के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान 101 लीटर देसी महुआ शराब तथा 10.125 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। इसके अलावा 11 वारंटों का निष्पादन किया गया, जबकि कुर्की की कोई कार्रवाई नहीं हुई। वाहन जांच अभियान के तहत 200 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 9,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अन्य बरामदगी में एक मोटरसाइकिल, एक सिंगल बैरल देसी राइफल, 6 मोबाइल फोन, एक डाटाशीट, 4 चेकबुक तथा 40 लीटर महुआ घोल विनष्ट किया गया। पुलिस ने कई अहम मामलों में सफलता हासिल की है। कादिरगंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं गोविंदपुर थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 86 लीटर महुआ शराब और 10.125 लीटर विदेशी शराब जब्त की। पकरीबरावां और रोह थाना क्षेत्र में भी अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई लीटर महुआ शराब बरामद की गई।

# 75 लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरोह बेनकाब, सात गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। कतरीसराय थाना क्षेत्र में एक फर्नीचर व्यवसायी से 75 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि गिरफ्तार सभी आरोपी पेशेवर अपराधी नहीं, बल्कि शिक्षित और स्थानीय स्तर पर काम करने वाले युवक हैं। घटना की शुरुआत 6 अप्रैल को हुई, जब कतरीसराय स्थित एक फर्नीचर व्यवसायी के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने व्यवसायी से सीधे 75 लाख रुपये की मांग की और रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। इस धमकी के बाद व्यवसायी और उनका परिवार दहशत में आ गया। इसके बाद पीड़ित ने कतरीसराय थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में पुलिस निरीक्षक, कतरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और जिला आसूचना इकाई के अधिकारी शामिल थे। टीम ने तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान पुलिस ने बिहारशरीफ, मानपुर समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोशन कुमार (अंबेर चौक, बिहारशरीफ), नीरज कुमार उर्फ मनीष (नेमाजी बीघा, मानपुर), रविशंकर कुमार, आर्यन शर्मा (बांका), राहुल कुमार उर्फ विवेक प्रियदर्शी (सोहन कुआं), गुड्डू कुमार (नवादा) और प्रेरित कुमार (कोडरमा, वर्तमान में रामचंद्रपुर, बिहारशरीफ) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि आरोपी प्रेरित कुमार फिल्म मेकर है, जबकि एक अन्य आरोपी निजी स्कूल में डांस टीचर के रूप में कार्यरत है। सभी आरोपी फिल्मों से प्रभावित होकर और कम समय में अधिक पैसा कमाने के लालच में इस अपराध की योजना बना रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 मोबाइल फोन, एक कीपैड फोन, कई सिम कार्ड, आधार कार्ड और एक महत्वपूर्ण कागज बरामद किया है, जिस पर पीड़ित व्यवसायी का मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। फिलहाल पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों का कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं है, लेकिन पूरे मामले की गहन जांच जारी है। इस घटना के खुलासे के बाद क्षेत्र के व्यवसायियों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

## जिलाधिकारी ने शिकायतों का किया निस्तारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 42 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

## साइबर अपराधी गिरफ्तार, दो किशोर निरुद्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



### लोन दिलाने के नाम पर करते थे ठगी

**नवादा**। जिले में बढ़ते साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए नवादा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जबकि दो विधि-विरुद्ध किशोरों को निरुद्ध किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल 2026 को वारिसलीगंज थाना को सूचना मिली थी कि ग्राम चैनपुरा, विजय नगर मुसहरी के पास कुछ लोग एकत्र होकर साइबर फ्रॉड की गतिविधियों में संलिप्त हैं। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पकरीबरावां के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापेमारी की गई, जहां से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा दो किशोरों को निरुद्ध किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की तलाशी लेने पर उसके पास से तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन एवं एक कस्टमर डेटा बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि अभियुक्त रिलायंस फाइनेंस एवं अन्य कंपनियों के नाम पर लोन दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करता था। वह ग्राहकों का डेटा इकट्ठा कर उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करता और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसे वसूलता था। इसके अलावा अभियुक्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर फर्जी पोस्ट डालकर पति-पत्नी के विवाद सुलझाने के नाम पर भी लोगों को झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी करता था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कृति कुमार (उम्र 19 वर्ष), निवासी ग्राम मसूदा, थाना वारिसलीगंज के रूप में हुई है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि निरुद्ध दोनों किशोरों को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

## राजगीर खेल अकादमी में वुशू खेल के लिए चयन ट्रायल सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। राजगीर खेल अकादमी में एकलव्य राज्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के लिए वुशू खेल की चयन का सफल आयोजन किया गया। इस चयन ट्रायल में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वरीय उप समाहर्ता सह जिला खेल पदाधिकारी, नालंदा आलोक चंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में कुल 117 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 73 बालक और 44 बालिकाएं शामिल थी। चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुचारू बनाने के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण से चयनकर्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई थी। चयनकर्ताओं में एनआईएस कोच रवि रावत, ऋषभ कुमार तिवारी एवं करण कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु राजगीर खेल अकादमी से नोडल अधिकारी के रूप में ईशा मिश्रा एवं आनंद कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वहीं जिला खेल कार्यालय, नालंदा से शारीरिक शिक्षक सूरज कुमार, बिपिन कुमार, बिक्की भारती, ओमपाल कुमार, मनोज कुमार, प्रकाश कुमार, नवीन, कुमारी सरिता सिन्हा एवं रिंकू कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रधान शिक्षकों की बैठक में शिक्षा गुणवत्ता व शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल बीसीओ सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) अजित कुमार की अध्यक्षता में बीआरसी भवन में शुक्रवार को प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति, डिजिटल उपस्थिति प्रणाली तथा नामांकन अभियान सहित कई अहम बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीइओ अजित कुमार ने कहा कि शिक्षा विभाग की प्राथमिकता प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी प्रधान शिक्षकों को निर्देश दिया कि छह वर्ष से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी परिस्थिति में कोई बच्चा विद्यालय से बाहर नहीं रहना चाहिए। इसके लिए विद्यालय स्तर पर सर्वेक्षण कर छूटे हुए बच्चों की पहचान कर तत्काल नामांकन कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नामांकन अभियान केवल औपचारिकता नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। प्रधान शिक्षक अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में अभिभावकों से संपर्क स्थापित करें तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। विशेष रूप से विद्यालय छोड़ चुके एवं अनियमित छात्रों को पुनः विद्यालय से जोड़ने पर बल दिया गया। बैठक में डिजिटल उपस्थिति प्रणाली की समीक्षा करते हुए बीइओ ने शिक्षकों को प्रतिदिन समय पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड के सभी प्रधान शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। कियूल-गया रेलखंड पर स्थित नवादा स्टेशन से उत्तर अतौआ गांव के समीप ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान हिसुआ थाना क्षेत्र के फुलमा गांव निवासी स्वर्गीय कपिलदेव सिंह का 32 वर्ष के पुत्र मनीष कुमार के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि 4 महीने पहले युवक की शादी हुई थी। इस घटना के बाद नवविवाहिता पत्नी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा सार्वजनिक रूप से माफी मांगें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। शुक्रवार को नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा द्वारा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में बिस्वा शर्मा का पुतला फूंका।

श्री झा ने उक्त मौके पर कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी पिछले छह दशक से राजनीतिक व सार्वजनिक जीवन में है। कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष से राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर वो अपने अथक परिश्रम व संवैधानिक मूल्यों का सदैव सम्मान करते हुए बने है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का अपमान करके असम के मुख्यमंत्री ने अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है और भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरा को उजागर किया है। नवादा जिला कांग्रेस कमिटी यह मांग करती है कि असम के मुख्यमंत्री खडगे साहब के संदर्भ में दिए गए अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। नवादा लोकसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि ने कहा कि आदरणीय खडगे साहब संविधान द्वारा सामाजिक सशक्तिकरण के प्रतीक भी है। एनएसयूआइ के जिलाध्यक्ष शिवम कुमार ने कहा कि यह अपमान सिर्फ खडगे साहब का ही अपमान सिर्फ नहीं है बल्कि देश के करोड़ो दलित समाज का अपमान है। आज के इस कार्यक्रम में पीसीसी डेलिगेट रजनीकांत दीक्षित, बलिराम सिंह, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, एनएसयूआइके जिला अध्यक्ष शिवम कुमार, सेवादल के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पप्पू,अनुसूचितु जा के जिला अध्यक्ष कमलेश पासवान, इंटक के जिला अध्यक्ष मनीश कुमार, भारत यात्री नवीन कुमार,रजौली ब्लॉक के अध्यक्ष रामरतन गिर, हिसुआ प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार, आईटी सेल के प्रदेश महासचिव गोपेश कुमार, पूर्व मुखिया गरिबन सिंह, राजेंद्र उपाध्याय सहित सैकड़ों लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सखी सहायता केंद्र ने किया किशोरियों को स्वच्छता किट का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल**। प्रखण्ड के प्रोजेक्ट गायत्री कन्या इंटर विद्यालय कौआकोल में शुक्रवार को समग्र शिक्षा के तहत किशोरियों के लिए अधिष्ठापित सखी सहायता केंद्र के तत्वाधान में छात्राओं के बीच 'एडोलेसेंट किट' (किशोरी स्वच्छता किट) का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वितरित की गई इस किट में मुख्य रूप से सैनिटरी पैड, हैंड सैनिटाइजर, एंटीसेप्टिक रुमाल व कॉटन आदि वस्तुएं शामिल है। सखी सहायता केंद्र के प्रतिनिधि व नोडल शिक्षिका अंशु माला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल आदत नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की पहल से छात्राओं में झिझक दूर होती है और वे अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग होती हैं।

## वैवाहिक कार्यक्रमों में एलपीजी उपयोग को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। शुक्रवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार के वैवाहिक कार्यक्रमों में एलपीजी के उपयोग से संबंधित आदेश के आलोक में जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिले के गैस कंपनी के प्रतिनिधियों एवं रसोइया/कैटरर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने विभागीय निर्देशों से अवगत कराते हुए जानकारी दी कि पश्चिम एशिया में तेल एवं प्राकृतिक गैस से संबंधित उत्पन्न समस्याओं के मद्देनजर आगामी वैवाहिक सीजन में वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए निम्नलिखित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है—

1. वैवाहिक कार्यक्रमों में भोजन तैयार करने वाले रसोइया/कैटरर्स को अपने वाणिज्यिक गैस हेतु अनिवार्य रूप से निबंधन कराना होगा। संबंधित तेल कंपनियाँ अगले 5-7 दिनों के भीतर उनका निबंधन सुनिश्चित करेंगी।
2. जिस व्यक्ति के घर में वैवाहिक कार्यक्रम निर्धारित है, वह अपने शादी के कार्ड के साथ संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन समर्पित करेंगे। आवेदन में आवश्यक वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की संख्या एवं संभावित अतिथियों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।
3. संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी आवेदन के आधार पर कार्यक्रम में संभावित उपस्थिति का आकलन करते हुए, संबंधित तेल कंपनी से समन्वय स्थापित कर वैवाहिक कार्यक्रम की तिथि पर उपलब्धता के अनुरूप रसोइया/कैटरर्स को आनुपातिक रूप से वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।
4. वैवाहिक कार्यक्रम हेतु उपलब्ध कराई गई वाणिज्यिक गैस का उपयोग केवल उसी कार्यक्रम के लिए किया जाएगा।

उक्त विभागीय निर्देश के आलोक में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि वैवाहिक कार्यक्रमों में भोजन तैयार करने वाले जिले के सभी रसोइया/कैटरर्स को अपनी सुविधानुसार अपने नजदीकी गैस एजेंसी में वाणिज्यिक गैस हेतु अनिवार्य रूप से निबंधन कराना होगा। साथ ही गैस कंपनियों को भी निर्देश दिया गया कि प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निबंधन की प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिस व्यक्ति के घर में वैवाहिक कार्यक्रम निर्धारित है, वह अपने शादी के कार्ड के साथ उक्त अनुपात में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष आवेदन करेंगे।प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी कार्यक्रम में तेल कंपनी से समन्वय स्थापित कर वैवाहिक कार्यक्रम की तिथि पर वाणिज्यक गैस सिलेंडरों की उपलब्धता के अनुरूप रसोईया/कैटरर्स को वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रशासन ने अपील की कि वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वैवाहिक कार्यक्रमों में एलपीजी के उपयोग को तर्कसंगत एवं संयमित रखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग, प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी डॉ. राज कुमार सिन्हा, प्रभारी जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार के साथ अन्य पदाधिकारी एवं गैस कंपनियों के प्रतिनिधि एवं रसोइया/कैटरर्स उपस्थित थे।

## त्योहारों में सुरक्षा को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक



**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आगामी पर्व-त्योहारों, धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को लेकर विधि-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं अनुमंडल स्तरीय सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी आयोजन में जन-सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने आगामी प्रमुख पर्व जैसे बाबा चौहरमल, भीमराव अंबेडकर जयंती, जानकी नवमी, परशुराम जयंती, वीर कुंवर सिंह जयंती एवं विभिन्न मेलों के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में संभावित भीड़-भाड़ वाले स्थलों की पहचान कर अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक माह इवेंट कैलेंडर तैयार कर भीड़ के पूर्वानुमान के अनुसार प्रबंधन करें। बैठक में निर्देश दिया गया कि बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति के कोई भी आयोजन नहीं होगा। आयोजन स्थल की क्षमता के अनुसार ही लोगों की संख्या निर्धारित की जाएगी। सभी कार्यक्रम स्थलों का सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य होगा। पर्याप्त बैरिकेडिंग, प्रवेश-निकास द्वार एवं आपातकालीन निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और मेडिकल टीम की तैनाती अनिवार्य होगी। सीसीटीवी, पब्लिक एड्रेस सिस्टम एवं बैकअप बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। भीड़ को छोटे समूहों में नियंत्रित कर प्रवेश कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राजगीर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों—ब्रह्मकुंड, सूर्यकुंड, शांति स्तूप, गुरुद्वारा, मखदूम कुंड, नालंदा खंडहर आदि—पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने 14 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित होने वाली बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं को देखते हुए रेलवे स्टेशन, परीक्षा केंद्रों एवं अन्य स्थानों पर भीड़ प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम करने को कहा।

## मैट्रिक व इंटर के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल**। इंटर विद्यालय कौआकोल में शुक्रवार को दीक्षांत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मैट्रिक एवं इंटर बोर्ड परीक्षा में सफल हुए विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। समारोह का उद्देश्य छात्रों को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ० अखिलेश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र, डायरी एवं कलम प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय टॉपर एवं जिला स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा माही कुमारी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के सेकेंड टॉपर छात्र सुजीत कुमार तथा इंटर विज्ञान संकाय में प्रखंड सेकेंड टॉपर एवं विद्यालय टॉपर रही छात्रा चांदनी कुमारी को भी सम्मान देकर उत्साहवर्धन किया गया। वहीं मैट्रिक एवं इंटर बोर्ड परीक्षा में सफल दर्जनों विद्यार्थियों को भी समारोह में पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कठिन परिश्रम,अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर अध्ययन करते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। समारोह में कौआकोल पंचायत की मुखिया नीभा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य निकुंज विश्वकर्मा, पूर्व मुखिया डॉ० चन्द्रिका प्रसाद, समाजसेवी सुभाष लाल, लोजपा प्रखण्ड अध्यक्ष माहो पासवान,वरीय शिक्षक जयप्रकाश मेहता सहित विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### एमयू पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन की तैयारियों के अंतर्गत कुलपति की अध्यक्षता में बैठक

# पूर्ववर्ती छात्रों के पंजीकरण अभियान में तेजी लाने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय में आगामी 25 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन 'महासंगम 2026' की तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही की अध्यक्षता में मन्नूलाल केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. शाही ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि पूर्ववर्ती छात्र समागम में अधिक से अधिक पूर्व छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने पूर्व छात्रों से सक्रिय रूप से संपर्क कर अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण सुनिश्चित करें, ताकि इस ऐतिहासिक आयोजन को भव्य रूप प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन की उपस्थिति को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सम्मेलन हेतु गठित विभिन्न समितियों एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से सभी पूर्ववर्ती छात्रों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक महासंगम को सफल बनाएं। बैठक में कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम, संयोजक प्रो. निभा सिंह, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. सिद्धनाथ प्रसाद यादव, कुलानुशासक प्रो. कृष्णदेव प्रसाद वर्मा, सीसीडीसी प्रो. संजय कुमार तिवारी, आईक्यूएसी अध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, सम्मेलन की विभिन्न समितियों के संयोजक एवं सह-संयोजक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परम प्रकाश राय द्वारा किया गया।

## सीआरपीएफ जवानों पर हमले का आरोपित नक्सली गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एवं गया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक वांछित नक्सली को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गयाजी द्वितीय कमान अधिकारी रविशंकर कुमार के दिशा निर्देशन में वाहिनी के 'सी' समवाय डुमरिया के निरीक्षक मंतोष कुमार के नेतृत्व में एसएसबी एवं गया पुलिस के द्वारा डुमरिया में संयुक्त अभियान चला कर किया गया। अभियान के दौरान पकड़े गए नक्सली की पहचान पलामू जिले के नोडीहा बाजार थाना क्षेत्र के कोवल गांव निवासी प्रदीप यादव के रूप में की गई है। जानकारी देते हुए 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गयाजी के द्वितीय कमान अधिकारी रविशंकर कुमार ने बताया कि बिहार-झारखंड के सीमावर्ती इलाका पलामू जिले के रबदी से एक नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ 24 जनवरी 2012 को पुलिस एवं सीआरपीएफ के सर्चिंग पार्टी पर अभियान से लौटते समय बागपुर समीप पहाड़ एवं जंगल क्षेत्र में जानलेवा हमला करते हुए हथियार लूटने के उद्देश्य से अंधाधुंध फायरिंग की थी जिसमें एक पुलिसकर्मी को गोली लगी थी। इस कांड को लेकर नक्सली के विरूद्ध गया जिले के डुमरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। तब से यह फरार चल रहा था। इसी क्रम में यह पकड़ा गया। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत पकड़े गए नक्सली को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जहां से उसे मंडल कारागार भेज दिया गया।

## खड़गे पर टिप्पणी से भड़की कांग्रेस, असम मुख्यमंत्री का पुतला फूंका



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा सड़कों पर दिखा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार उर्फ झुना के नेतृत्व में टावर चौक पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा का पुतला जलाया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और भाजपा सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया। नेताओं ने कहा कि दलित समाज के सम्मान के साथ किसी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया है। यह सिर्फ एक व्यक्ति का अपमान नहीं, बल्कि पूरे दलित समाज की गरिमा पर चोट है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर चुप बैठने वाली नहीं है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर हिमंता विसवा सरमा सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो यह विरोध जिला से निकलकर राज्य और देश स्तर तक जाएगा। कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर सीधा हमला बोला। कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें दलित विरोधी मानसिकता से काम कर रही हैं। ऐसे बयान उसी सोच को उजागर करते हैं। कांग्रेस नेताओं ने यह भी दोहराया कि पार्टी हर स्तर पर इसका विरोध करेगी और भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए संघर्ष जारी रखेगी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। टावर चौक पर कुछ देर के लिए माहौल पूरी तरह गरम रहा। पुतला दहन के बाद भी कार्यकर्ता काफी देर तक नारेबाजी करते रहे। कुल मिलाकर कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर आक्रामक मोड में है और आने वाले दिनों में आंदोलन के और तेज होने के संकेत दे दिए हैं।

## आरपीएफ ने यात्री का खोया बैग लौटाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया रेलवे सुरक्षा बल ने आज 'ऑपरेशन अमानत' के तहत एक यात्री का खोया हुआ बैग सुरक्षित बरामद कर उसे वापस लौटा दिया। इस बैग में 86,100 कैश राशि मौजूद थी। इस कार्रवाई से रेलवे सुरक्षा व्यवस्था की तत्परता का भरोसा मजबूत हुआ है। रेल मदद के माध्यम से आरपीएफ को एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता प्रियंका कुमारी ने बताया कि उनके परिजन हरेंद्र पाठक, निवासी जहानाबाद, गाड़ी संख्या 63395 (पटना-गया मेमू एक्सप्रेस) के सामान्य कोच में पटना से मखदुमपुर तक यात्रा कर रहे थे। मखदुमपुर स्टेशन पर उतरते समय उनका भूरे रंग का लेदर बैग ट्रेन में ही छूट गया था। सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट गया हरकत में आई। उप निरीक्षक जावेद इकबाल ने शिकायतकर्ता से संपर्क कर पूरी जानकारी जुटाई। संबंधित ट्रेन के गया स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ टीम ने कोच की तलाशी ली।

## डोभी में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु गार्डासिल वैक्सीनेशन अभियान शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया जी।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए गार्डासिल वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है। इस अभियान के तहत 14 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों को सिंगल डोज वैक्सीन दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी प्रखंड वासियों से अपील की गई है कि वे अपनी बच्चियों को इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण के लिए भेजें। साथ ही लोगों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे इस जानकारी को अपने-अपने गांव और मोहल्लों में फैलाएं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें। टीकाकरण के दौरान बच्ची का आधार कार्ड और अभिभावक का मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य बताया गया है। 10 अप्रैल 2026 को कुल 10 बच्चियों को गार्डासिल वैक्सीन दिया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है, इसलिए सभी अभिभावक इस अवसर का लाभ जरूर उठाएं।

## कोंच प्रखंड में जनता दरबार, पेयजल समस्या पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने की। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपे। जनता दरबार में मुख्य रूप से पेयजल की समस्या प्रमुखता से उठाई गई। केर पंचायत के लोदीपुर गांव के वार्ड संख्या 9 में नल-जल योजना पूरी तरह बाधित होने का मामला सामने आया। पंचायत समिति प्रतिनिधि ने लिखित आवेदन देकर बीडीओ को समस्या से अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीडीओ विपुल भारद्वाज ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने पीएचईडी विभाग के जेई सुनील कुमार को निर्देश दिया कि बाधित जलापूर्ति को जल्द से जल्द दुरुस्त कर पुनः चालू किया जाए। जनता दरबार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित दो आवेदन भी प्राप्त हुए। बीडीओ ने संबंधित कर्मियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया जिसके बाद दोनों आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान करना है। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## आग से 18 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के मुंडेरा गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे भीषण आग लगने से करीब 15 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण तेज हवा के बीच 11 हजार वोल्ट के बिजली तार में हुए शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। इस अगलगी की घटना में किसान अटल बिहारी शर्मा, शक्लेश शर्मा, बाल कुमार यादव, ब्रजेश यादव, दिनेश यादव, अगम यादव, सुरेश यादव, पवन कुमार एवं मिथलेश यादव की फसल को भारी नुकसान हुआ है। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई, लेकिन दमकल के पहुंचने से पहले ही स्थानीय किसानों ने मोटर चलाकर और सामूहिक प्रयास से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अचानक लगी आग से किसानों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षति का आकलन कर मुआवजा देने की मांग की है। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत अंतर्गत केरकी गांव में शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे अचानक गेहूं के खेत में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को सूचना दी गई, लेकिन दमकल के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों और किसानों ने कड़ी मशक्कत करते हुए मोटर चलाकर आग पर काबू पा लिया। इस अगलगी की घटना में गांव के किसान भूषण यादव, ईश्वर यादव, अवधेश यादव, धीरेंद्र यादव, सुखेंद्र यादव, मनोज यादव, सत्येंद्र यादव, शशिकांत कुमार एवं विनय यादव की लगभग तीन बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटनास्थल पर पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता सह चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया बिजली का शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। घटना के समय मौके पर सरपंच राजेश कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे जिन्होंने आग बुझाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी थाना क्षेत्र मणिपर में हुए सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घठेरिया निवासी अमित कुमार पिता कारू दास, उम्र लगभग 25 वर्ष एवं मिथिलेश कुमार पिता नहकू दास, उम्र लगभग 22 वर्ष बुरी तरह जख्मी हो गए। दोनों व्यक्ति एक बाइक से जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज हेतु अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया गया। डोभी पी एच सी प्रभारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि दोनों घायलों को गंभीर हालत में रेफर किया गया।

## गुरुआ प्रखंड कार्यालय के जनता दरबार में नहीं पहुंच रहे मामले, उठे सवाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार एवं सोमवार को प्रखंड कार्यालयों में आयोजित होने वाले जनता दरबार में गुरुआ प्रखंड मुख्यालय पर अपेक्षित संख्या में मामले नहीं पहुंच रहे हैं जिससे व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे हैं। शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में मुख्य रूप से राशन कार्ड से संबंधित लगभग छह मामले आए जिनका त्वरित निष्पादन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विकास कुमार द्वारा मौके पर ही कर दिया गया एवं नल-जल योजना संबंधित एक मामला इसके अतिरिक्त जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित एक मामला सामने आया जिसका निष्पादन पंचायत सचिवों की हड़ताल के कारण नहीं हो सका। चौंकाने वाली बात यह रही कि अन्य विभागों से एक भी मामला जनता दरबार में नहीं पहुंचा। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या वास्तव में क्षेत्र में लोगों की समस्याएं समाप्त हो गई है या फिर संबंधित विभागों के प्रति लोगों का विश्वास कम हो रहा है जब सबसे ज्यादा विवादित मामला राजस्व में रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई समस्याएं होने के बावजूद वे जनता दरबार तक नहीं पहुंच पा रही हैं। अब जरूरत है कि प्रशासन इस दिशा में गंभीरता से पहल करे, ताकि आम जनता की समस्याओं का समाधान समय पर और पारदर्शी तरीके से हो सके।


**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं.: एलआरसी-3 _सीटी_वी-रैप-पीटी-III, दिनांक 09.04.2026; उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए वित्तीय एवं तकनीकी रूप से सक्षम निविदाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएं (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** भित्ती चित्र रोधी उपाय के साथ दुरंतो कोचों (एलएचबी), हमसफर कोचों (एलएचबी), एलएचबी (राजधानी, शताब्दी एवं जन शताब्दी रंगीन) कोचों, वंदे भारत एवं अमृत भारत कोचों के अंतिम पैनलों को छोड़कर कोच के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग की आपूर्ति एवं उसका इस्तेमाल करना। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 3,64,10,167। **बयाना राशि:** रु. 7,28,200। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.04.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण जहां निविदा के परिपूर्ण विवरण के उपलब्ध है:** **www.ireps.gov.in** निविदा सूचना के प्रकाशन के उपरांत प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, के लिए निविदाताओं को नियमित रूप से आईआरईपीएस पोर्टल देखने की सलाह दी जाती है।

(MISC-09/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

डीडीयू, मण्डल बिजली कचस्टा विभाग

**ई–निविदा सूचना सं.– टीआरएस–जी–आरटी–ओपीएन–05–आरएसपी–25–26,**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–टेंडर (ओपेन) निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा कार्य का विवरण स्थान सहित:** ओवरहालिंग, डिसमेंटलिंग एंड रिपेयरिंग ऑफ कन्वेंशनल बोगी फ्रेम्स एंड इट्स डिफरेंट कंपोनेंट्स ऑफ इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स ड्यूरिंग TOH/IOH | विधुत लोको शेड– पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं डीजल लोको शेड– पंडित दीन दयाल उपाध्याय | **2. अनुमानित लागत:** रु. 1,63,38,863.40 **3. धरोहर राशि:** रु. 3,26,800.00 **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 30–04–2026 समय 13:00 बजे तक। दिनांक– 30–04–2026 समय 15:00 बजे। **वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वारिष्ठ मंडल बिजली इंजी./कचस्टा विधुत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।

**मंडल रेल प्रबंधक/कचस्टा**
**पूर्व मध्य रेल, पं.दी.द.उपाध्याय**

पीआर/0033/डीडीयू/डीआरएम/टीआरएस/टी/26–27/36



**झारखण्ड सरकार**
**स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर अंतर्गत राजकीय प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) केन्द्र में दो वर्षीय शिक्षक–प्रशिक्षण कोर्स सत्र 2026–28 में नामांकन हेतु विज्ञप्ति विज्ञप्ति संख्याः–01/2026.**

1. निदेशक, झारखण्ड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिशद्, रांची के आदेश ज्ञापांक 421 दिनांक 18.02.2026 के अनुसार विगत दिनांक 29.01.2026 को सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न झारखण्ड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिशद्, रांची की कार्यकारणी समिति की बैठक की कार्यावाही की कार्यवाही संख्या–10 में राज्य के प्रत्येक प्रमण्डल में 01 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मात्र तीन सत्रों के लिए 50 की संख्या में विद्यार्थियों का गैर आवासीय प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा कोर्स **(D.el.ed)** प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंम्भ करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही विभागीय संकल्प संख्या 1382 दिनांक 20.05.2004, संकल्प संख्या 236 दिनांक 25.01.2006 एवं समय–समय पर निर्गत आदेश/निदेश के आलोक में अगेतर कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया है। सरकार के सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1382 दिनांक 20.05.2004 एवं 2102 दिनांक 28.07.2004 तथा पत्रांक–236 दिनांक 25.01.2006 विभागीय संकल्प सं0– 1386 दिनांक 03.08.2012 एवं विभागीय संकल्प सं0 1684 दिनांक 17.09.2013 के अनुसार राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (N.C.T.E) भुवनेश्वर से मान्यता प्राप्त राजकीय प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालयों/जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) केन्द्रों के सत्र 2026–28 में दो वर्षीय शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में नामाकंन हेतु चयन प्रक्रिया पूरा करने के लिए क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशकों को प्राधिकृत किया गया है।

2. तदनुसार पलामू प्रमण्डल में अवस्थित निम्नांकित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) केन्द्र के सत्र 2026–28 में दो वर्षीय शिक्षक प्रशिक्षण हेतु विहित योग्यता एवं अर्हताधारी इच्छुक छात्र/छात्राओं से दिनांक **08 मई, 2026 दिन शुक्रवार के संध्या 5.00 बजे** तक निम्न शर्तो के साथ आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

**पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

| क्रमांक | प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय/डायट केन्द्र का नाम | सीटों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,रेहला, गढ़वा। | 50 विद्यार्थी |

3. **शैक्षणिक योग्यताः**– विभागीय संकल्प संख्या 1382 दिनांक 20.05.2010 के क्रम में संशोधित विभागीय संकल्प संख्या 1386 दिनांक 03.08.2012 के द्वारा दो वर्षीय प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण कोर्स में नामांकन हेतु किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/परिषद् से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा/इंटरमीडिएट/+2 अथवा उसके समकक्ष किसी अन्य परीक्षा में सामान्य कोटि के उम्मीदवारों के लिए कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उर्तीण हों, परन्तु अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांग कोटि के उम्मीदवारों के लिए 45 प्रतिशत अंक के साथ उतीर्ण होना अनिवार्य है। शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मेधांक का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगाः–

| क्रं0 | प्राप्तांक(अनारक्षित/आरक्षित कोटि) | परीक्षावार एवं प्राप्तांक प्रतिशतवार अनुमान्य मेधांक | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मैट्रिक | उच्चतर माध्यमिक/+2/इण्टरमीडिएट | स्नातक पास कोर्स | स्नातक प्रतिष्ठा | स्नातकोत्तर |
| 1 | 45% से अधिक एवं 60% से कम | 5 | 5 | 5 | 10 | 5 |
| 2 | 60% से 65% तक | 6 | 6 | 6 | 11 | 6 |
| 3 | 65% से अधिक एवं 70% तक | 7 | 7 | 7 | 12 | 7 |
| 4 | 70% से अधिक एवं 75% तक | 8 | 8 | 8 | 13 | 8 |
| 5 | 75% से अधिक एवं 80% तक | 9 | 9 | 9 | 14 | 9 |
| 6 | 80% से अधिक | 10 | 10 | 10 | 15 | 10 |

**प्रवेश हेतु कुल मेधांक–45 अंक**

I एन.सी.सी (बी. – सर्टीफिकेट) – 2 अंक
II एन.सी.सी (सी. – सर्टीफिकेट) – 3 अंक
III खेलकूद जिसमें राज्य का प्रतिनिधित्व किया हो और खेलकूद का प्रमाण पत्र सक्षम संस्थान से निर्गत हो – 3 अंक
IV खेलकूद जिसमे देश का प्रतिनिधित्व किया हो और खेलकूद का प्रमाण पत्र सक्षम संस्थान से निर्गत हो –5अंक

**कुल मिलाकर (45+5) = 50 अंक**

कुल मेधांक समान रहने पर उच्चतर शैक्षणिक योग्यताधारियों को नामांकन में प्राथमिकता दी जाएगी। यदि सभी कुछ समान हुए तो जिस उम्मीदवार की जन्मतिथि पूर्व की हो उन्हें जन्मतिथि के आधार पर चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।

4. **आवासीयः**– कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राची के संकल्प संख्या 3198 दिनांक 18.04.2016 एवं विभागीय पत्रांक 1382 दिनांक 20.05.2004 के अनुसार अनुमण्डल पदाधिकारी/जिला दण्डाधिकारी से निर्गत झारखण्ड राज्य का आवासीय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

5. **उम्र सीमा** :–आवेदक की उम्र पहली जुलाई 2026 को न्यूनतम 18 वर्ष होना अनिवार्य है।

6. **आरक्षणः**–विभागीय एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड के पत्र संख्या– 6191 दिनांक– 09.11.2002 एवं पत्र संख्या 1072 दिनांक 17.02.2009 के आलोक में नियमानुसार आरक्षण कोटि के अन्तर्गत आने वाले अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। आरक्षण कोटि के उम्मीदवार को अनुमण्डल पदाधिकारी/ जिला दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। अनुमण्डल पदाधिकारी/जिला दण्डाधिकारी से निर्गत जाति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं रहने की स्थिति में उम्मीदवार को आरक्षण का लाभ देय नही होगा। आवेदन पत्र समर्पित करने के बाद की तिथि से निर्गत जाति प्रमाण पत्र आरक्षण लाभ के लिए मान्य नही है। दूसरे राज्य से निर्गत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर इस राज्य के आरक्षण कोटा में लाभ देय नहीं होगा।

निदेशक, जे0सी0ई0आर0टी0, रांची के पत्रांक–17/वि.1–11/2016/385 दिनांक–09.06.2019 के निदेशानुसार प्राथमिक शिक्षक शिक्षा/ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में शिक्षार्थियों के प्रवेश में आर्थिक पिछड़ा संवर्ग (EWS) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। आरक्षण कोटि के उम्मीदवार सक्षम प्राधिकार से निर्गत आर्थिक पिछड़ा संवर्ग (EWS) प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रमाण पत्र संलग्न नहीं रहने की स्थिति में उम्मीदवार को आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा।

7. विभागीय संकल्प संख्या 1386 दिनांक 03.08.2012 के अनुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, रेहला (गढवा), पलामू में सीटों का बंटवारा एवं उसके विरूद्ध नामांकन निम्नवत होगाः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | भाषा | हिन्दी/संस्कृत/अरबी/फारसी/उर्दू | 30 प्रतिशत |
| | | अंग्रेजी | 10 प्रतिशत |
| | | जनजातीय/क्षेत्रीय भाषाएं | 10 प्रतिशत |
| 2. | विज्ञान | भौतिक/गणित | 15 प्रतिशत |
| | | रसायन/जीव विज्ञान | 15 प्रतिशत |
| 3. | **समाज अध्ययन** | इतिहास/भूगोल/नागरिक शास्त्र/अर्थशास्त्र/वाणिज्य | 20 प्रतिशत |

उपरोक्त विषय या विषय समूहों में से किसी एक विषय/विषय समूह में आवेदन किया जायेगा जिस विषय समूह के लिए आवेदन किया जा रहा है उस विषय में आवेदक को इण्टरमीडिएट/+2 की परीक्षा में उतीर्ण होना अनिवार्य है।

8. **दिव्यांग उम्मीदवार** – दिव्यांग उम्मीदवारो को सभी कोटि में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के संकल्प संख्या–5671 दिनांक–04.07.2016 एवं संकल्प संख्या–2249 दिनांक–03.04.2018 के आलोक में 5% आरक्षण अपने ही कोटि के अन्तर्गत क्षैतिज आरक्षण (अंधापन/कमदृष्टि–1%, श्रवण अशक्तता–1%, चलन अशक्तता/सेरेब्रल पाल्सी–1%, स्वलीनता (Autism)-1% एवं बहु निःशक्तता 1% कुल 5%) का लाभ दिया जायेगा। दिव्यांग उम्मीदवारो को असैनिक शल्य चिकित्सक–सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांग प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें दिव्यांग कोटि में आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा। साथ हीं आवेदन पत्र प्रेषित करने वाले लिफाफ के ऊपर दिव्यांग कोटि (सामान्य/EWS/ पिछड़ा वर्ग–1/पिछड़ा वर्ग–2/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) पुरूष/महिला स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य है।

9. **शुल्क आवेदन पत्र के साथ** – आवेदन पत्र के साथ सामान्य कोटि/पिछड़ा/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रू० 100/– (एक सौ रूपये) तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए रू० 30/– (तीस रु०) का बैंक ड्राफ्ट शुल्क के रूप में देय होगा। बैंक ड्राफ्ट किसी राष्ट्रीय बैंक से निर्गत एवं क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर (Regional Joint Director of Education, Palamau Division, Medininagar) के पदनाम से निर्गत तथा डालटनगंज में भुगतेय होना चाहिए। बैंकर्स चेक अथवा पोस्टल आर्डर किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।

10. **आवेदन कैसे करें**:– नामांकन हेतु दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति के साथ प्रकाशित विहित प्रपत्र में पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों सहित, क्षेत्रीय शिक्षा सुयक्त निदेशक, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर (आयुक्त कार्यालय के प्रथम तल कमरा सं0 21) झारखण्ड, पिन कोड– 822101 को भेजें। लिफाफा के उपर मोटे अक्षरों में अभ्यर्थी, छात्र/छात्रा अंकित करेंगे। नामांकन हेतु विषय का भी अंकन करेंगे। नामांकन के लिये बुलावा पत्र हेतु 23X10 से0मी0 स्वपता लिखा हुआ लिफाफ जिसपर 60/– रुपये का डाक टिकट चिपका हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

11-**आवेदन भरने की अंतिम तिथि** – भरे हुए आवेदन पत्र **दिनांक–08.05.2026 (शुक्रवार) के संध्या 5** बजे तक हीं सिर्फ निबंधित डाक या SPEED POST के माध्यम से हीं प्राप्त किया जाएगा। हाथोहाथ/सामान्य डाक/विलम्ब से प्राप्त आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र भरने की शर्ते एवं नियम तथा विहित प्रपत्र की जानकारी हेतु www.palamu.nic.in/अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

12. आवेदन पत्र में दर्शाये गये अंक/जाति/आवासीय प्रमाण–पत्र की पुष्टि हेतु स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। अन्यथा इसके अभाव में त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र मान कर चयन प्रक्रिया के लिए दावा अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

13. चयनित आवेदकों की सूची कार्यालय सूचना पट्ट पर/जिला के वेबसाइट– www.palamu.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है तथा प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा डाक के माध्यम से भी सूचित किया जाएगा। चयनित नहीं होने वाले उम्मीदवारों को किसी प्रकार की सूचना नहीं दी जाएगी। चयनित आवेदकों को नामांकन के समय सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति, उपस्थापित करना अनिवार्य होगा। किसी भी वांछित प्रमाण–पत्र के अभाव मे नामांकन नहीं लिया जाएगा तथा उनका दावा अस्वीकृत कर दिया जाएगा। अस्वीकृत आवेदन पत्र कार्यालय अभिलेख के रूप में रखे जाएंगे अर्थात इसे लौटाया नहीं जाएगा।

14. विभाग द्वारा किसी प्रकार का आदेश/निदेश विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात् प्राप्त होता है तो उस स्थिति में नामांकन हेतु चयन की सारी प्रक्रिया उस आदेश से प्रभावित होगा। इसके लिए अधोहस्ताक्षरी के पास सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।

**(सौरभ प्रकाश)**
**क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक,**
**पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

PR 377182 (District)26-27*D

संपादकीय

# युद्ध विराम से तात्कालिक राहत

करीब सवा महीने से जारी ईरान इजराइल अमेरिका युद्ध में दो हफ्ते की युद्ध विराम की पहल सभी प्रभावित देशों के लिए तात्कालिक और बड़ी राहत है। हालांकि इस से यह मान लेना की समस्या का कोई स्थायी समाधान हो गया है, गलती होगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच 40 दिन से जारी जंग के बाद आखिरकार 2 हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बन गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ की अपील के बाद लिया गया। उल्लेखनीय है कि सीजफायर से पहले ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी थी कि अगर होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को सुरक्षित रास्ता नहीं मिला तो वह उसकी पूरी सभ्यता खत्म कर देंगे। उन्होंने अहम इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले की भी धमकी दी थी। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक यह डील पाकिस्तान की मध्यस्थता और आखिरी समय में चीन के दखल के बाद संभव हो पाई। पाकिस्तान ने 2 हफ्ते के सीजफायर का प्रस्ताव रखा था, जिसे ईरान ने स्वीकार कर लिया। समझौते के तहत अमेरिका और इजराइल अपने हमले रोकेंगे। ईरान भी हमले बंद करेगा। इस दौरान होर्मुज स्ट्रेट से तेल, गैस और अन्य जहाजों की सुरक्षित आवाजाही ईरानी सेना की मदद से सुनिश्चित की जाएगी। यह सीजफायर लेबनान समेत अन्य क्षेत्रों पर भी लागू होगा। इसके बाद अमेरिका और ईरान के बीच 10 अप्रैल को औपचारिक बातचीत पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुरू होगी। गौर से देखें तो यह युद्ध विराम असल में ईरान की जीत और अमेरिका की हार ज्यादा लगती है। अमेरिका ने पाकिस्तान को आगे कर अपने दांव चले हैं। सीजफायर के ऐलान के बाद ईरान की राजधानी में जश्न मनाया गया। राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि ईरान ने अमेरिका को 10 पाइंट का प्लान भेजा है। इस पर आगे बातचीत की जा सकती है। उधर ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने दावा किया है कि अमेरिका ने उसका 10 पॉइंट प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। काउंसिल के मुताबिक यह समझौता ईरान की शर्तों पर हुआ है और इसे देश की जीत बताया है। इस युद्ध के हाल के घटनाक्रमों से लगता है कि इस युद्ध विराम के लिए ईरान से ज्यादा अमेरिका ही बेताब था। क्योंकि उसे काफी आर्थिक नुकसान हो रहा था और घर में ट्रंप की भारी आलोचना हो रही थी। लिहाजा ट्रंप ने युद्ध से हाथ खींचने के लिए ही यह सीजफायर किया है। हालांकि इस मामले में आगे की बातचीत पाकिस्तान में होगी, लेकिन उसकी भूमिका इस मामले में मध्यस्थ से ज्यादा अमेरिकी एजेंट की ज्यादा लगती है। अगर समझौता हुआ तो पाकिस्तान को और पैसा कहीं न कहीं से मिल सकता है। इस बीच इजराइल की प्रतिक्रिया इस बातचीत को लेकर बहुत उत्सहवर्द्धक नहीं दिख रही है। आगे बातचीत किन मुद्दों पर होगी, कितनी सफल होगी, यह अभी नहीं कहा जा सकता, लेकिन ईरान, रूस और चीन मिलकर अमेरिका को झुकाने में कामयाब हो गए हैं, यह मानना गलत नहीं होगा। अभी कई सवालों के जवाब मिलने हैं, जैसे कि अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का अधिकार मानेगा या नहीं, ईरान को युद्ध के कारण हुए नुकसान की भरपाई होगी या नहीं, खाड़ी देशों का अमेरिका पर कितना भरोसा कायम रहेगा, ये गुत्थियां अभी सुलझनी हैं। इतना तय है कि इस युद्ध के बाद नई वैश्विक व्यवस्था उभरेगी, जिसमें भारत को अपनी सार्थक भूमिका तलाशनी होगी। क्योंकि इस पूरे घटनाक्रम में भारत का किरदार केवल एक दर्शक का है। हम मात्र अपने जहाज निकलवाने और सभी से बात करने के दावे तक सीमित हैं, जबकि पाकिस्तान ज्यादा सक्रिय भूमिका में दिख रहा है।

# 2030 तक जलवायु और युद्ध....

**वैश्विक प्रगति की दौड़ में, जहां मानव सभ्यता सतत विकास को आत्मसात करने का प्रयास कर रही है, वहीं जलवायु परिवर्तन एक अदृश्य, लेकिन दुर्जेय अवरोध के रूप में उभरा है। आज के विश्व में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में निहित आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समानता और पर्यावरणीय संतुलन के त्रिविमीय उद्देश्य बाढ़, सूखा और प्राकृतिक आपदाओं की भंवर में उलझ जाते हैं। जलवायु संकट केवल पर्यावरणीय आपदा नहीं, बल्कि बहुआयामी चुनौती है। यह आर्थिक असमानता को गहरा रही है और सामाजिक स्थिरता को संकट में डाल रही है। यह संकट केवल मौसमी अनियमितताओं तक सीमित नहीं है। यह प्रणालीगत विफलता का भी द्योतक है।**

**अजय प्रताप तिवारी**

हिमालयी क्षेत्रों में हिमनदों के तेजी से पिघलने से जल संसाधनों का संकट बढ़ रहा है। यह स्थिति भारत की कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगी, जहां साठ फीसद से अधिक जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। संयुक्त राष्ट्र की हालिया रपट चेतावनी देती है कि यदि वैश्विक तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर जाती है, तो सतत विकास लक्ष्य जैसे- सबको भोजन, स्वच्छ जल, आर्थिक समानता, जलवायु कार्रवाई जैसे लक्ष्य असाध्य हो जाएंगे।



इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की अवधि वर्ष 2030 निर्धारित है। वैश्विक लक्ष्यों में गरीबी खत्म करना, पर्यावरण की रक्षा, नवाचार, टिकाऊ उपभोग, आर्थिक असमानता को कम करना और सभी के लिए शांति और न्याय सुनिश्चित करना शामिल है। जबकि ऊर्जा संसाधनों पर एकाधिकार के लिए हो रहे युद्ध इस बात का संकेत है कि सतत विकास और समावेशी समाज के निर्माण का संयुक्त राष्ट्र का स्वप्न कभी पूरा नहीं होगा। पश्चिम एशिया में जारी अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष न केवल रणनीतिक नुकसान है, बल्कि यह एक बड़ा पर्यावरणीय संकट है। इसके प्रतिकूल परिणाम दीर्घकालिक होंगे।

ब्रिटेन स्थित पर्यावरणीय शोध संस्था 'कन्फ्लिक्ट एंड एन्वायरनमेंट आब्जर्वेटरी' ने युद्ध के दौरान तीन सौ से अधिक जगहों को चिह्नित किया है, जहां पर्यावरण को गंभीर नुकसान हुआ है। ईरान की तेल रिफाइनरियों पर हुए हमलों से हजारों टन तेल समुद्र में पहुंच रहा है, जो समुद्री जीवों के पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर रहा है। विस्फोट से विषैला धुआं श्वास रोग को बढ़ावा दे रहा है। इतना ही नहीं, ऊर्जा, खाद्य संकट, गरीबी और महंगाई विकासशील राष्ट्रों के लिए विशेष रूप से जटिल समस्या है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक स्तर पर खाद्य संकट की समस्या पहले से बढ़ रही है। खाद्य संकट पर एक वैश्विक रपट के अनुसार 53 देशों में 29 करोड़ पचास लाख से अधिक लोग गंभीर भुखमरी से प्रभावित हैं। भारत सहित विकासशील देशों में कृषि पर वर्षा और मौसम का गहरा असर देखने को मिलता है। यहां के किसानों के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। यह समस्या करीबन हर साल सामने आती है।

दूसरी ओर कहा जा रहा है कि गेहूं और धान जैसी प्रमुख फसलों की कुल उपज में छह से 25 फीसद और धान में तीन से 15 फीसद तक कमी आ सकती है। अनियमित मानसून, सूखा और बाढ़ कृषि उत्पादन को अस्थिर कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण जल संकट भी बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की हालिया रपट से पता चला है कि वर्तमान समय में हर दूसरा व्यक्ति जल संकट की समस्या से जूझ रहा है।

विश्व बैंक ने अपने एक अध्ययन में अनुमान लगाया है कि स्वच्छ जल की कमी से प्रत्येक वर्ष 260 अरब डालर का नुकसान होता है। स्थिति गंभीर है क्योंकि अब दुनिया को आगाह किया जा रहा है कि जल संकट से जूझ रहे देशों को वर्ष 2050 तक आर्थिक विकास में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन से उपजा आर्थिक संकट बड़ी चुनौती है। एक शोध में कहा गया है कि 2060 तक वैश्विक स्तर पर 3.75 ट्रिलियन डालर का नुकसान हो सकता है। दुनिया भर के देशों में जलवायु परिवर्तन और युद्ध के कारण सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट दर्ज किया गया है। भारत भी जलवायु परिवर्तन का खमियाजा भुगत रहा है।

वर्ष 2022 में जलवायु परिवर्तन के कारण भारत के सकल घरेलू उत्पाद में आठ फीसद का नुकसान हुआ। मानव जनित जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले वर्ष वैश्विक आर्थिक उत्पादन में लगभग 6.3 फीसद की कमी दर्ज की गई है। एशिया-प्रशांत के देशों में 2050 तक कुल सकल घरेलू उत्पाद का 2.6 फीसद नुकसान होने की संभावनाएं जताई गई हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया और दक्षिण अफ्रीका के देशों में क्रमशः 14.1 और 11.2 फीसद कुल सकल घरेलू उत्पाद का नुकसान हो सकता है।

युद्ध और जलवायु परिवर्तन मानव जीवन के लिए घातक है। एक तथ्य यह भी है कि वैश्विक स्तर पर हर दो सेकंड में एक नवजात का जन्म समय से पहले हो रहा है, वहीं हर 40 सेकंड में इनमें से एक शिशु की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान मुताबिक वर्ष 2030-2050 के बीच जलवायु परिवर्तन से हर साल 2.5 लाख मौतें होंगी। वायु प्रदूषण से पूरी दुनिया में स्वास्थ्य संकट गहरा रहा है। युद्ध और जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया में गरीबी, आय की असमानता और खाद्यान्न संकट के साथ भुखमरी जैसी समस्याएं बढ़ेंगी।

आय में लगातार बढ़ती असमानता और खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की वजह से दुनिया में करीब तीन अरब आबादी पोषक आहार से दूर हो जाएगी, जिससे कई देशों में कुपोषण जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। इससे पूरी दुनिया के सामने एक गंभीर चुनौती पैदा होगी, जिससे निपटना ज्यादातर देशों के लिए आसान नहीं होगा।

जलवायु परिवर्तन, गरीबी, असमानता, स्वच्छ ऊर्जा, और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दे किसी एक देश तक सीमित नहीं हैं, लेकिन अब यह स्पष्ट है कि कुछ देशों के बीच युद्ध के कारण पूरी दुनिया में मानवता खतरे में है। इसी के साथ पशु-पक्षियों का जीवन भी संकट में है। पर्यावरण हितैषी मूक जीवों की चिंता इस समय किसी को नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि युद्ध और मानवता के लिए बनाए गए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय नियम सिर्फ कमजोर देशों के लिए बने हैं।

जिनेवा सम्मेलन ने पर्यावरणीय नुकसान को युद्ध अपराध की श्रेणी में रखा है। यह अचरज की बात है कि संयुक्त राष्ट्र और रेडक्रास जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं महाशक्तियों के आगे मौन हैं। युद्ध जैसी घातक विपदा खत्म होने के बाद भी पर्यावरणीय घाव लंबे समय तक बने रहते हैं। वैसे तो सतत विकास के लक्ष्य वैश्विक हैं, इसलिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग के बिना इन लक्ष्यों को प्राप्त करना संभव नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विकासशील देशों को वित्तीय सहायता, तकनीकी ज्ञान और नीतिगत मार्गदर्शन प्रदान करना जरूरी है। मगर विकसित देश इसमें रुचि नहीं लेते। युद्ध और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए मानव सभ्यता के अस्तित्व के लिए सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी देशों को एक मंच पर आना होगा। यह केवल पर्यावरणीय चिंता का विषय नहीं है, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी इससे खतरा है। इस संकट से निपटने के लिए हर स्तर पर समन्वित प्रयास आवश्यक है।

अध्यात्म

## निंदा से सदैव बचना चाहिए

एक बार एक राजा ने यह फैसला लिया कि वह प्रतिदिन 100 अंधे लोगों को खीर खिलाया करेगा। एक दिन खीर वाले दूध में सांप ने मुंह डाला और दूध में विष डाल दिया और ज़हरीली खीर को खाकर 100 के 100 अंधे व्यक्ति मर गए। राजा बहुत परेशान हुआ कि मुझे 100 आदमियों की हत्या का पाप लगेगा। राजा परेशानी की हालत में अपने राज्य को छोड़कर जंगलों में भक्ति करने के लिए चल पड़ा, ताकि इस पाप की माफी मिल सके। रास्ते में एक गांव आया। राजा ने चौपाल में बैठे लोगों से पूछा कि क्या इस गांव में कोई भक्ति भाव वाला परिवार है? ताकि उसके घर रात काटी जा सके। चौपाल में बैठे लोगों ने बताया कि इस गांव में दो बहन भाई रहते हैं जो खूब बंदगी करते हैं। राजा उनके घर रात ठहर गया। सुबह जब राजा उठा तो लड़की ध्यान पर बैठी हुई थी। इससे पहले लड़की का रूटीन था कि वह दिन निकलने से पहले ही ध्यान से उठ जाती थी और नाश्ता तैयार करती थी। लेकिन उस दिन वह लड़की बहुत देर तक ध्यान पर बैठी रही। जब लड़की ध्यान से उठी तो उसके भाई ने कहा की बहन तू इतना लेट उठी है ,अपने घर मुसाफिर आया हुआ है। इसने नाश्ता करके दूर जाना है। तुझे ध्यान से जल्दी उठना चाहिए था। तो लड़की ने जवाब दिया कि भैया ऊपर एक ऐसा मामला उलझा हुआ था। धर्मराज को किसी उलझन भरी स्थिति पर कोई फैसला लेना था और मैं वो फैसला सुनने के लिए रुक गयी थी, इस लिए देर तक बैठी रही ध्यान पर। तो उसके भाई ने पूछा ऐसी क्या बात थी। तो लड़की ने बताया कि फलां राज्य का राजा अंधे व्यक्तियों को खीर खिलाया करता था। लेकिन सांप के दूध में विष डालने से 100 अंधे व्यक्ति मर गए। अब धर्मराज को समझ नहीं आ रही कि अंधे व्यक्तियों की मौत का पाप राजा को लगे, सांप को लगे या दूध नंगा छोड़ने वाले रसोईए को लगे। राजा भी सुन रहा था। राजा को अपने से संबंधित बात सुन कर दिलचस्पी हो गई और उसने लड़की से पूछा कि फिर क्या फैसला हुआ? लड़की ने बताया कि अभी तक कोई फैसला नहीं हो पाया था। तो राजा ने पूछा कि क्या मैं आपके घर एक रात के लिए और रुक सकता हूं? दोनों बहन भाइयों ने खुशी से उसको हां कर दी। राजा अगले दिन के लिए रुक गया, लेकिन चौपाल में बैठे लोग दिन भर यही चर्चा करते रहे कि कल जो व्यक्ति हमारे गांव में एक रात रुकने के लिए आया था और कोई भक्ति भाव वाला घर पूछ रहा था। उस की भक्ति का नाटक तो सामने आ गया है। रात काटने के बाद वो इस लिए नही गया क्योंकि जवान लड़की को देखकर उस व्यक्ति की नियत खोटी हो गई। इसलिए वह उस सुन्दर और जवान लड़की के घर पक्के तौर पर ही ठहरेगा या फिर लड़की को लेकर भागेगा। दिनभर चौपाल में उस राजा की निंदा होती रही। अगली सुबह लड़की फिर ध्यान पर बैठी और रूटीन के टाइम अनुसार ध्यान से उठ गई। तो राजा ने पूछाः बेटी अंधे व्यक्तियों की हत्या का पाप किसको लगा? तो लड़की ने बतायाः वह पाप तो हमारे गांव के चौपाल में बैठने वाले लोग बांट के ले गए। निंदक हमेशा दुसरों के पाप अपने सर पर ढोता रहता है। और दूसरों द्वारा किये गए उन पाप-कर्मों के फल को भी भोगता है। अतः हमें सदैव निंदा से बचना चाहिए।

# ईरान के प्रस्ताव से थमा युद्ध, संकट नहीं

**इस युद्ध ने यूरोप के लिए दूसरा बडा ऊर्जा संकट और उसके बाद आर्थिक संकट पैदा कर दिया है, मुख्य रूप से कतर देश के द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के निलंबन और होमुर्ज जलडमरूमध्य के बंद होने के कारण उत्पन्न हुआ है। इस संकट ने यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ में औद्योगिक उत्पादन को और भी प्रभावित किया है, जहां रसायन और इस्पात निर्माताओं ने बिजली और कच्चे माल की बढ़ती लागत की भरपाई के लिए 30 प्रतिशत तक अधिभार लगाया है।दुनिया के बाकी हिस्सों में अफरा-तफरी मची हुई है और पेट्रोलियम के वितरण में भारी व्यवधान उत्पन्न हो गया है।**

**राजकुमार सिन्हा**

विगत 28 फरवरी से अमेरिका,इजरायल और ईरान के बीच चले युद्ध में डेडलाइन से डेढ़ घंटा पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीजफायर (संघर्ष विराम) का ऐलान कर दिया है। ईरान ने आधिकारिक तौर पर युद्ध विराम स्वीकार कर लिया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट पर सीजफायर का ऐलान करते हुए कहा है कि ईरान के साथ सभी विवादित मुद्दों पर सहमति बन गई है और दो हफ्ते के अंदर समझौते के प्रस्ताव को आखिरी रूप दिया जाएगा। ट्रम्प ने कहा है कि उन्हें ईरान की तरफ से 10 सूत्रीय प्रस्ताव मिला है जो बातचीत के लिए एक व्यवहारिक आधार है। ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोल देगा। ये भरोसा उन्हें पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने दिया है।पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच 10 अप्रैल को बातचीत होगी। इसका ऐलान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने किया है। दोनों पक्षों के बीच कूटनीतिक समाधान तक पहुंचाने की कोशिश में पाकिस्तान की भूमिका एक मध्यस्थ के तौर पर अहम रही है।यह भी सच है कि पिछले एक साल में ईरान और अमेरिका के बीच दो बार बातचीत हुई है। दोनों ही बार बातचीत के बीच में युद्ध शुरू हो गया। अमेरिका ने हाल ही में ईरान के पुलों, पावर प्लांट और अन्य प्रमुख ठिकानों को तबाह करने की जो चेतावनी और ईरान की 'सभ्यता समाप्त' करने की धमकी दी थी। इस चेतावनी और धमकी के बाद ईरान ने कहा है कि एक सभ्य राष्ट्र की संस्कृति, तर्क और अपने सही उद्देश्य पर विश्वास, बलपूर्वक दबाव की नीति पर भारी पड़ेगा।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ईरान अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। ईरान ने यह भी चेतावनी दी थी कि अगर उसके खिलाफ कोई कार्रवाई होती है तो वह जवाबी कदम उठाएगा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस टकराव को लेकर चिंता बढ़ गई, क्योंकि इसका असर वैश्विक सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ सकता था। ईरानी सरकार और सरकारी मीडिया अमेरिका के साथ हुए समझौते को वहां के शासन की एक बड़ी जीत के रूप में पेश कर रहे हैं। क्योंकि वे अमेरिका और इजरायल के साथ 30 से अधिक दिनों तक चले इस युद्ध में टिके रहे और बच गए। इसलिए ईरान के इस बयान और ईरान के खुद को विजेता के रूप में पेश करने को अहम माना जा रहा है। युद्ध की शुरुआत में ही इस्लामिक रिपब्लिक के नेता अली खामेनेई और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के वरिष्ठ जनरलों की अमेरिकी-इसराइली हमलों में मौत हो गई थी। यह लड़ाई वहां के शासन के लिए अस्तित्व के लिए खतरा था और एक अस्तित्व की लड़ाई थी। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस प्रस्ताव में 10 बिंदु शामिल हैं, जिसमें अहिंसा के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य में ईरान पर आक्रमण नहीं करने की मजबूत अंतरराष्ट्रीय गारंटी मिले। होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का नियंत्रण जारी रहेगा और होर्मुज को खुला रखने पर ईरान अपनी शर्तें तय करेगा। कोई भी विदेशी ताकत (खासकर अमेरिका) इसके इस्तेमाल पर दबाव नहीं डाल सकेगी। यूरेनियम संवर्धन की स्वीकृति। ईरान पर अमेरिका सभी प्राथमिक प्रतिबंधों को हटाएगा। इजरायली अटैक रोकने की मांग। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सभी प्रस्तावों को समाप्त करना।ईरान को युद्ध में ईरान हुए सभी तरह के बुनियादी नुकसान का मुआवजा (क्षतिपूर्ति) दी जाए। क्षेत्र से अमेरिकी लड़ाकू बलों की वापसी और खाड़ी क्षेत्र में सभी अमेरिकी सैन्य अड्डों को बंद करना। लेबनान और गाजा में भी युद्ध की समाप्ति और लेबनान में हिज़्बुल्लाह के खिलाफ लड़ाई समेत सभी मोर्चों पर युद्ध विराम की शर्तें शामिल हैं।



ईरान युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इसे 'वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ा आपूर्ति व्यवधान' बताया है। इस संघर्ष ने 1970 के दशक के ऊर्जा संकट की याद दिला दी है, जिसमें आपूर्ति की गंभीर कमी, मुद्रा अस्थिरता, मुद्रास्फीति और मंदी तथा आर्थिक संकट का खतरा बढ़ गया है। युद्ध ने खाडी सहयोग परिषद के आर्थिक मॉडल को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। इस युद्ध ने यूरोप के लिए दूसरा बडा ऊर्जा संकट और उसके बाद आर्थिक संकट पैदा कर दिया है, मुख्य रूप से कतर देश के द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के निलंबन और होमुर्ज जलडमरूमध्य के बंद होने के कारण उत्पन्न हुआ है। इस संकट ने यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ में औद्योगिक उत्पादन को और भी प्रभावित किया है, जहां रसायन और इस्पात निर्माताओं ने बिजली और कच्चे माल की बढ़ती लागत की भरपाई के लिए 30 प्रतिशत तक अधिभार लगाया है।दुनिया के बाकी हिस्सों में अफरा-तफरी मची हुई है और पेट्रोलियम के वितरण में भारी व्यवधान उत्पन्न हो गया है। दुनिया की जीडीपी को अब तक करीब 54.88 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। इस तबाही से वॉल स्ट्रीट से लेकर दलाल स्ट्रीट तक हर तरफ हाहाकार मचा है। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) वाशिंगटन के मुताबिक, इस युद्ध में अब तक अमेरिका को 7.49 लाख करोड़ रुपये (80.4 बिलियन डॉलर) स्वाहा हो चुका है। युद्ध शुरू होने के बाद से भारतीय निवेशकों के करीब 37 लाख करोड़ रुपये डूब चुके हैं।कच्चे माल और ऊर्जा की लागत बढ़ने से दुनिया भर में वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं, जिससे मंदी का खतरा पैदा हो गया है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच यह संघर्ष केवल एक क्षेत्रीय युद्ध नहीं था, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता की जड़ों को हिला देने वाला घटनाक्रम साबित हुआ है।ईरान द्वारा इस समझौते को अपनी 'कूटनीतिक जीत' के रूप में प्रस्तुत करना और अमेरिका द्वारा इसे एक व्यवहारिक समाधान के रूप में स्वीकार करना यह दर्शाता है कि दोनों पक्ष लंबे संघर्ष के बाद किसी मध्य मार्ग की ओर बढ़ने को मजबूर हुए हैं। हालांकि, प्रस्ताव में शामिल शर्तें जैसे प्रतिबंधों का हटना, परमाणु कार्यक्रम की स्वीकृति, होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण और क्षेत्र से अमेरिकी सैन्य वापसी इतनी जटिल और विवादास्पद है कि उनका पूर्ण क्रियान्वयन आसान नहीं होगा।अंततः, यह संघर्ष एक महत्वपूर्ण सबक देता है कि युद्ध भले ही शक्ति का प्रदर्शन करता हो, लेकिन स्थायी समाधान केवल संवाद, आपसी विश्वास और संतुलित कूटनीति से ही संभव है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। सरकारी कार्यों में कुछ धीमापन हो सकता है। किसी रिश्तेदार से शुभ सूचना मिल सकती है।

**वृषभ**
आज आप स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। नकारात्मक परिस्थितियों के बीच भी संयम बनाकर रखें। लोगों पर आपका अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में आपके उत्तम प्रदर्शन को लेकर चर्चा होगी। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। जल का पर्याप्त मात्रा में सेवन अवश्य करें।

**कर्क**
व्यापारी नया कारोबार शुरू करने का विचार बना सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को मर्यादित रखें। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग नहीं कर पायेंगे।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आज काम का दबाव काफी कम रहेगा। अपनी प्रतिभा को और विकसित करने के अवसर प्राप्त होंगे। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या**
आप रुकी हुयी योजनाओं को प्रारम्भ करने के लिये परिश्रम करेंगे। किसी परिजन के स्वास्थ्य को लेकर थोड़े तनाव में हो सकते हैं।

**तुला**
आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। फिर भी सभी कार्य समय पर पूर्ण होते रहेंगे। अपने लक्ष्यों को लेकर अत्यधिक भावुक हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
पुराने कर्जों के कारण आपको तनाव हो सकता है। मित्र से मतभेद उभर सकते हैं। अधिक सोच-विचार के बजाय आज जैसा चल रहा है वैसा ही चलने दें।

**धनु**
आपके पास नयी जिम्मेदारियाँ आ सकती हैं। उच्चशिक्षा को लेकर अत्यधिक उत्सुक रहेंगे। व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज मन में सन्तोष की भावना रहेगी।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में परिश्रम करना पड़ेगा। राजनैतिक मामलों से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सहकर्मियों के साथ अपने सम्बन्ध मधुर रखें।

**कुंभ**
व्यवसाय में आपको संघर्ष की स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। दूर के रिश्तेदारों के साथ अचानक मुलाकात हो सकती है। बॉस के साथ सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी।

**मीन**
घर में अनुशासन बनाये रखें। करियर और शिक्षा को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है। अपने गुप्त रहस्य और विद्या किसी से साझा न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### ऐतिहासिक गांधी मैदान मसौढी में 12 अप्रैल से शुरू होगा तीन दिवसीय नुक्कड़ नाटक महोत्सव

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 12 अप्रैल से ऐतिहासिक गांधी मैदान मसौढी में तीन दिवसीय नुक्कड़ नाटक महोत्सव शुरू होने जा रहा है। दरअसल कला जागृति मसौढ़ी की ओर से प्रख्यात नाटककार सफदर हाशमी की जयंती पर 12 से 14 अप्रैल तक तीन दिवसीय नुक्कड़ नाटक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ 12 अप्रैल (रविवार) को होगा, जिसका विधिवत उद्घाटन पुलिस उपमहानिरीक्षक सुशील कुमार करेंगे।महोत्सव के दौरान प्रतिदिन नुक्कड़ नाटक, लोकगीत, परिचर्चा एवं कविता पाठ जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही हर वर्ष दिए जाने वाले ह्यसफदर हाशमी स्मृति सम्मानह्न के लिए इस बार पटना रंगमंच में सक्रिय महिला रंगकर्मी साधना श्रीवास्तव का चयन किया गया है। चयन समिति ने सर्वसम्मति से उनके नाम पर मुहर लगाई है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में पुलिस उपमहानिरीक्षक सुशील कुमार द्वारा लिखित पुस्तक **साइबर कथाएं:** डिजिटल सुरक्षा की राह' पर विशेष चर्चा भी होगी। महोत्सव में पटना के विभिन्न रंगमंच दलों द्वारा नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### आलमारी का ताला तोड़कर साढे चार लाख रुपए नगद समेत लाखों के आभूषण की चोरी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना कोडीहरा गांव में बिते गुरुवार की देर रात को एक घर में घुसकर चोर गोदरेज का ताला तोड़कर साढे चार लाख रुपए नगदी समेत लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण चुरा लिए हैं। इस संबंध में पीड़िता अनुराधा देवी पति पुनदेव चौधरी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज किए गए आवेदन में लिखा है कि हमारा बड़े बेटे और बहू पटना बर्थडे में गए हुए थे और हमारे छोटे बेटे ऊपर वाले कमरे में और हम लोग नीचे वाले कमरे में सोए हुए थे, रात में कुलर चलने की आवाज से कुछ सुनाई नहीं दिया, जब सुबह उठे तो देखें कि हमारे बहू के कमरे का दरवाजा टूटा हुआ है, गोदरेज का ताला टूटा हुआ है सारा सामान गायब है, हाल के दिनों में हमारे बेटे ने साढे चार लाख रुपए का गाड़ी बेचकर दूसरी गाड़ी खरीदने के लिए पैसे रखे हुए थे,एवं जो शादी हुई थी उसी में हमारे बहू के सभी जेवरात चोरी हो गए हैं, चोरी किए गए सामानों में साढे चार लाख पर नगदी,सोने के दो कान का टॉप्स, एक कान बाली, सोने की अंगूठी, सोने का बजरंगबली लॉकेट,दो चांदी के पायल, 11 ग्राम सोने का चेन, एक चांदी का पायल, कान टॉप्स वगैरा आदि है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच में जुटी है।

### पैक्स चुंनावः अभ्यर्थियों के नामांकन पत्रों की हुई स्क्रुटनी, बारा पैक्स में दो उम्मीदवारों ने एक दूसरे के प्रति दी आपत्ति

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी में पैक्स चुनाव के तहत नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, प्रखंड मुख्यालयों पर जमा पर्चों की कड़ी सुरक्षा के बीच स्क्रूटनी की गई। चुनाव पदाधिकारी के द्वारा उम्मीदवारों के दस्तावेजों, मतदाता सूची में नाम और योग्यता की जांच की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नामांकन वैध पाए गए। वही बारा पंचायत के पैक्स के दो उम्मीदवारों ने एक दूसरे पर दावा आपत्ति दर्ज किया है। जिसमें पैक्स अध्यक्ष उम्मीदवार कौशल कुमार एवं सहजानंद शर्मा ने एक दूसरे पर दावा आपत्ति दर्ज किया है। बताया गया है कि कोऑपरेटिव बैंक में ₹1 और ₹11 के सदस्य शुल्क की पर्ची नहीं जमा किए गए हैं इस आलोक में निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया कि कोऑपरेटिव बैंक से इस संबंध में जानकारी ली जा रही है कि किन सदस्यों का ₹1 और ₹11 की सदस्यता पर्ची जमा है अथवा नहीं है, उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा, इसके अलावा उन्होंने बताया क्या स्क्रुटनी के दिन बारा पैक्स, नदौल पैक्स और चरमा पैक्स के विभिन्न अभ्यर्थियों की प्रपत्रों की जांच की गई है, कल तक सभी अभ्यर्थियों की प्रपत्रों की जांच कर ली जाएगी।बीडीओ ने बताया की सुनिश्चित करना कि उम्मीदवारों के नामांकन पत्र तकनीकी रूप से सही हैं और वे नियमों को पूरा करते हैं।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर अभद्र टिप्पणी करने पर मुख्यमंत्री का कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** असम के मुख्यमंत्री के द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर मसौढ़ी में कांग्रेसियों ने इसका विरोध जताते हुए विरोध मार्च निकाला और पुतला दहन किया है। बहरहाल शुक्रवार को मसौढी एवं धनरूआ प्रखंड कांग्रेसी के संयुक्त तत्वावधान में बिहार प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद अरफराज साहिल के नेतृत्व में



कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे को असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा के द्वारा अभद्र टिप्पणी एवं दलित विरोधी अपमान करने के विरोध में मेंन रोड से कपूरी चौक मसौढ़ी तक विरोध मार्च निकालकर असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा का विरोध जताते हुए पुतला फूंका गया। इस मौके पर अरफराज साहिल ने कहा की भकांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर असम के मुख्यमंत्री के द्वारा अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेस की नेताओं को प्रताड़ित करने की भाजपा सरकार का साजिश है।इस पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवपूजन सिंह, इंद्रमणि देवी, धनरूआ प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मृत्युंजय पांडेय,मृत्युंजय पेरियार, अमित कुमार धुरी यादव सोहन चंद्रवंशी,रविंद्र धारी बिंद,समीम मिस्त्री सहित टीपू सुल्तान एवं नैतिक राज मौजूद थे।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत,कार से शव बरामद

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के महोदीपुर पंचायत के चौता वार्ड संख्या 4 में शुक्रवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में हड़कंप मच गया। मामले ने तब गंभीर रूप ले लिया जब मृतका का शव कार से बरामद हुआ। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया है। साथ ही पति, सास और ससुर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। एफएसएल टीम भी मौके पर जांच में जुटी है।मृतका की पहचान 28 वर्षीय करिश्मा पाण्डेय के रूप में हुई है, जो राधेश्याम पाण्डेय की पत्नी थी। मृतका के पिता मुचकुन्द पाण्डेय और मां शोभा देवी ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा कार के लिए दो लाख रुपये की मांग की जा रही थी। प्रताड़ना से तंग आकर उन्होंने कर्ज लेकर पैसे दिए, बावजूद इसके अत्याचार जारी रहा।परिजनों के अनुसार, कुछ समय पूर्व करिश्मा को घर से निकाल दिया गया था और बाद में पंचायत के समझौते के बाद वह ससुराल लौटी थी। घटना से एक दिन पहले भी मायके वालों को उससे मिलने नहीं दिया गया। थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार राज्य जलवायु परिवर्तन एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के संयुक्त तत्वाधान में 'एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रबंधन' पर बैठक

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, डॉ. प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार तथा बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के संयुक्त तत्वाधान में 'एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रबंधन' पर एक बैठक का आयोजन अरण्य भवन, पटना के सभागार में किया गया। बैठक में बिहार विधान सभा के सदस्यगण- श्री नचिकेता; श्रीमती छोटी कुमारी एवं बिहार विधान परिषद् के सदस्यगण डॉ समीर कुमार सिंह एवं सर्वेश कुमार उपस्थित थे। बैठक में मंत्री, बिहार विधान मंडल के सदस्यगण, अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवतेन विभाग, बिहार सरकार एवं अन्य प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष डॉ डी.के.शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य एवं सभी जीव-जन्तुओ के हित में प्लास्टिक अपशिष्टों का समुचित प्रबंधन अति आवश्यक है। इस संबंध में उन्होंने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली के प्रावधानों की चर्चा की तथा चिन्हित एकल उपयोग प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग पर लगाये गये प्रतिबंध के प्रभावी रोकथाम पर बल दिया। उन्होंने बताया कि राज्य में किसी भी मुटाई और आकार के प्लास्टिक कैरी बैग का विनिर्माण, क्रय-विक्रय एवं उपयोग प्रतिबंधित है। कार्यक्रम के प्रारंभ में पर्षद् के सदस्य-सचिव श्री नीरज नारायण, भा.व.से. द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक से संबंधित नियमावली एवं राज्य में इस दिशा में उठाए गए उत्कृष्ट पहल से अवगत कराया गया। मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, डॉ. प्रमोद



कुमार ने पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के हित में राज्य में चिन्हित उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंध का सख्ती से पालन किए जाने का निदेश दिया। उन्होंने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के वैकल्पिक उत्पादों के उपयोग का आमजनों को बीच प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया एवं इस हेतु सभी हितधारकों के सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने आमजनों के बीच इस विषय पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान शुरू करने एवं इस अभियान में जन-सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि आज राज्य के शहरों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्लास्टिक के उपयोग में वृद्धि हुई है, इस लिए इन क्षेत्रों में भी जन-जागरूकता के साथ प्लास्टिक अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता है। बैठक में सदस्य, बिहार विधान परिषद् सर्वेश कुमार ने एकल उपयोग प्लास्टिक के वैकल्पिक उत्पादों के उत्पादनकत्राओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सदस्य, बिहार विधान सभा नचिकेता ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित नियमों के प्रभावी प्रवर्तन हेतु सुझाव दिया। समीर कुमार सिंह, सदस्य, बिहार विधान परिषद् ने भी प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक के संबंध में व्यापक जन-भागीदारी की आवश्यकता बताई। छोटी कुमारी, सदस्य, बिहार विधान सभा ने जन-सामान्य के बीच एकल उपयोग प्लास्टिक के वैक्लिपक उत्पादो जैसे कागज का थैला आदि को कम कीमत पर बाजार में सुलभता से उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कदम उठाने का सुझाव दिया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, भा.प्र.से., ने बताया कि प्लास्टिक अपशिष्टों का उपयोग सड़क निर्माण में प्रायोगिक तौर पर किया गया है, जिसका आकलन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग, उद्योग विभाग एवं नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रभावी रोक लगाने तथा वैकल्पिक उत्पादों को प्रोत्साहित करने हेतु एक नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता है। उन्होंने बैठक में उपस्थित मंत्री समेत सभी सदस्यों एवं अन्य उपस्थित प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, यशपाल मीणा, भा.प्र.से., संबंधित विभाग के पदाधिकारीगण एवं एकल उपयोग प्लास्टिक के वैकल्पिक उत्पादों के विनिर्माणत्रता, पुनः चक्रणकर्ता, प्रसंस्करणकर्ताओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## जहानाबाद से ग्राहक बनकर ऑटो किया रिजर्व, पोठही के पास लूट लिया ऑटो

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्राहक बनकर ऑटो रिजर्व कर लूटने वाला गैंग एक बार फिर से हावी हो गया है, दरअसल यह घटना बीते देर रात की है जहां पर जहानाबाद से चार लोगों ने ऑटो रिजर्व किया उसके बाद ड्राइवर को तेतरी तक जाने का बुक किया, उसके बाद नेशनल हाईवे पर गाड़ी चढ़ते ही तेतरी जाने के बजाए मियांचक होते हुए पोठही तक पहुंच कर उसे ड्राइवर के साथ उसे बंधक बनाकर मारपीट किया और उससे जान से मारने के धमकी देते हुए उसका मोबाइल ₹2 हजार रुपए और ऑटो को लूटते हुए उसे धमकी देते हुए भगा दिया और ऑटो लेकर लुटेरे भाग निकले, पीड़ित ऑटो ड्राइवर ने किसी तरह से पुलिस की सूचना दी जहां मौके पर पुलिस पहुंचे,जहाँ पिडित चालक रंजीत कुमार पिता श्रीप्रसाद बीबीपुर पाली जहानाबाद के निवासी के बताए गए निशान देही पर रात भर छापेमारी की गई, इसी क्रम मे मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नउआबाग के पास लवारिस हालत से वह ऑटो बरामद कर ली गई है, पीड़ित ड्राइवर रंजीत कुमार ने बताया कि देर शाम को जहानाबाद से चार लोग मेरे ऑटो पर चढ़े और कहां की धनरूआ के तेतरी जाना है कितना पैसा लोगे चलो उसके बाद हम चल दिए लेकिन तेतरी जाने के बजाय वह तेतरी घूमते हुए मियांचक होते हुए पोठही के पास फोरलेन के के पास मुझे उतार कर मारपीट करने लगा और ऑटो लुट कर कहा की पोठही से रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ कर चले जाओ और हम डर के मारे वहां से निकल गए और लोग ऑटो लेकर भाग गया, थानाध्यक्ष अंकित कुमार ने बताया कि ऑटो बरामद हो गई है। इस गैंग के बारे में जांच पड़ताल की जा रही है।

## मसौढ़ी में दिन दहाड़े नकाबपोश अपराधियों ने घर में घुसकर महिलाओं को कब्जे में लेकर की लूटपाट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में दिनदहाड़े जेपी रोड लखिबाग में मसौढी के चर्चित दवा के होलसेल दुकानदार सुनील फार्मा के घर में तीन अज्ञात नाकाबपोश अपराधी घर मे घुस कर लूट की घटना को अंजाम दिया है। दरअसल यह घटना शुक्रवार की दोपहर तकरीबन एक बजे की है,जहाँ पिडित परिवार के लोगों ने बताया की तीन अज्ञात नकाबपोश घर में घुसते ही पहले अंदर से दरवाजा बंद कर दिया, उसके बाद महिलाओं को और बच्चों को कब्जे में लेते हुए कहा की सारे आभूषण दे दो नहीं तो दोनो बच्चों को जान से मार देगें, और एक महिला को हाथ पकडकर एठते हुए जमीन पर गिरा दिया, जिसके भय से महिलाओं ने अपना मंगलसूत्र, सोने का चेन और कंगन दे दिया, और लुटेरे भाग निकले,इस संबंध मे राजीव कुमार पिता सुनील कुमार ने मसौढी थाने मे पहुंच कर अज्ञात के खिलाफ थाने मे प्राथमिकी दर्ज करवाया है।

## बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ने बी.आर.आई.सी. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल बायोटेक्नोलॉजी, हैदराबाद के साथ किया समझौता

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल बायोटेक्नोलॉजी, हैदराबाद के साथ अनुसंधान एवं नवाचार को मजबूत करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। एन.आई.ए.बी., जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान है। इस सहयोग का उद्देश्य पशु विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उन्नत अनुसंधान, संकाय एवं छात्र आदान-प्रदान, संयुक्त परियोजनाओं तथा नई तकनीकों के विकास को बढ़ावा देना है, जिससे पशुपालकों एवं समाज के समग्र विकास में योगदान मिल सके। इस अवसर पर बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि दोनों संस्थानों को इस सहयोग को निरंतर गति देते हुए ठोस परिणाम सुनिश्चित करने होंगे, ताकि समाज, किसानों एवं पशुधन क्षेत्र के विकास में वास्तविक योगदान दिया जा सके। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल बायोटेक्नोलॉजी, हैदराबाद के निदेशक डॉ.



उल्लास कोलथुर सीताराम ने कहा कि प्रयोगशाला आधारित अनुसंधान और किसानों की वास्तविक समस्याओं में अक्सर अंतर होता है। इसलिए मिशन मोड में सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सार्थक कार्य के लिए विश्वसनीय संस्थानों के साथ सहयोग जरूरी है। उन्होंने बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों के लिए एन.आई.ए.बी. की प्रयोगशालाओं को शोध, निदान एवं नवाचार हेतु उपलब्ध कराने की इच्छा भी व्यक्त की। विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान डॉ. एन. के. सिंह ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय की अनुसंधान क्षमता को नई दिशा देगा। उन्होंने बताया कि इस सहयोग से संयुक्त शोध परियोजनाएं, उन्नत निदान सुविधाएं, संकाय आदान-प्रदान तथा क्षमता निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर डॉ. निर्मल सिंह दहिया, निदेशक प्रसार शिक्षा, डॉ. ए.के. शर्मा, छात्र कल्याण पदाधिकारी, डॉ. पंकज कुमार सिंह, अधिष्ठाता, कर्नल कामेश कुमार, कुलसचिव, डॉ. ए.के. ठाकुर, अधिष्ठाता, एसजीआईडीटी, डॉ. पंकज कुमार तथा डॉ. एस.के. गुप्ता प्राध्यापक, पशु चिकित्सा सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग, बिहार वेटरनरी कॉलेज उपस्थित थे।

## मसौढी मीरचक में ढोल-हारमोनियम के साथ घर-घर पहुंचे गुरुजी

**स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढाने का है अभियान**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए चल रहे ह्यस्कूल चले हमह्न अभियान के तहत एक शिक्षक की अनोखी पहल चर्चा में है. दरअसल मसौढ़ी प्रखंड के मीरचक गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय मीरचक के शिक्षक दीपक शर्मा ने संगीत के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का सफल प्रयास किया है. वे गांव में बच्चों के साथ रैली निकाल कर इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसका सकारात्मक असर अब स्कूल में साफ दिखाई दे रहा है। प्राथमिक विद्यालय मीरचक में वर्तमान में लगभग 84 छात्रों का नामांकन है और यहां 6 शिक्षक कार्यरत हैं. पहले इस स्कूल में रोजाना केवल 50 से 60 छात्र ही पहुंचते थे. दो साल पहले तो नामांकन भी 100 से कम था, लेकिन अब स्थिति में काफी सुधार हुआ है. शिक्षक दीपक शर्मा के प्रयासों से न सिर्फ नामांकन बढ़ा है, बल्कि छात्रों की नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित हो रही है.इस अभियान के माध्यम से टीम गांव-गांव पहुंचकर अभिभावकों, किशोर-



किशोरियों और समुदाय के लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक कर रही है। बच्चों के स्कूल में नामांकन, उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव और अन्य सामाजिक कुरीतियों जैसे मुद्दों पर भी खुलकर चर्चा की जा रही है। इससे समाज में जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। विशिष्ट शिक्षक दीपक शर्मा ने बताया की इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और हर परिवार शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाए। रैली में शामिल बच्चों ने हाथों में स्लोगन और झाल मंजिरे को लेकर पूरे गांव में उत्साहपूर्वक भ्रमण किया। इस दौरान 'सब पढ़ें-सब बढ़ें' और 'हर बच्चा स्कूल जाए' जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।प्रधान शिक्षक सिमा कुमारी, राखी कुमारी, प्रतिमा कुमारी, राज कुमार दास, गायत्री देवी, आशा देवी,निरमा देवी अध्यक्ष, विभा देवी सचिव उपस्थित रहे।

**पोषण पखवाड़ा का आयोजन**

### मानव श्रृंखला बनाकर किया गया जागरूकता

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल विकास परियोजना की ओर से मसौढी के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़े का आयोजन किया गया, आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा बच्चों और गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ्य और सुरक्षित रखने के लिए आंगनबाड़ी में आवश्यक पोषण युक्त पदार्थ उपलब्ध कराई गई. जिसका लाभार्थियों द्वारा लाभ उठाया गया. सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में 09 से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़े का संचालन निष्पादित किया जाना है। इसी क्रम में सीडीपीओ कार्यालय में भी सीडीपीओ अनिता कुमारी के नेतृत्व में सभी महिला सुपरवाइजर एवं सेविका सहायिका के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया, इस मौके पर सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया कि पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य बच्चों के जीवन के प्रथम छह वर्षों में मष्तिष्क के समुचित एवं सर्वोत्तम विकास के लिए पोषण एवं प्रारंभिक बाल उद्दीपन के महत्व पर विशेष बल देना है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढी में होम्योपैथी दवा की मिलेगी सुविधा

**विश्व होम्योपैथी दिवस पर मनाई गई होम्योपैथी के जनक हैनिमन की जयंती**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की 271वीं जयंती के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढी में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय "सस्टेनेबल हेल्थ के लिए होम्योपैथी" रखा गया है, जिसके तहत चिकित्सकों ने उनके योगदान को याद करते हुए संगोष्ठी और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। इस अवसर पर होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती मनाई गई और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में चिकित्सक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि डॉ. हैनिमैन ने 18वीं सदी के अंत में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की स्थापना कर चिकित्सा जगत को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि उनकी महत्वपूर्ण कृति 'ऑर्गेनन ऑफ मेडिसिन' आज भी दुनियाभर के होम्योपैथी चिकित्सकों के लिए एक मार्गदर्शक ग्रंथ है।डॉ. मुकेश ने अपने संबोधन में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इसमें रोग के उपचार के लिए उन तत्वों का उपयोग किया जाता है, जो रोग के लक्षण उत्पन्न करते हैं। इसे स्थायी स्वास्थ्य के लिए प्रभावी और कम साइड इफेक्ट वाली पद्धति बताया।इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज ने बताया की आने वाले दिनों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में भी होम्योपैथ चिकित्सा का सुविधा दी जाएगी।

## प्रशासनिक सख्ती के विरोध में पालीगंज के फल दुकानदारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, बाजार में फलों की किल्लत

**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज के फल दुकानदार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतर आए हैं। विरोध स्वरूप सभी दुकानदारों ने अपनी फल दुकानें बंद कर दी हैं। दुकानदारों का आरोप





है कि प्रशासन की सख्ती से उनके सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। बताया जाता है कि दुर्गा स्थान के पास नाले को छोड़कर फल दुकानदार वर्षों से अपनी दुकानें लगाते आ रहे थे। इसी बीच अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया और उक्त स्थान से फल दुकानों को हटा दिया गया। इसके बाद दुकानदारों को महराजगंज मुशहरी के पास राम जानकी मठ की जमीन पर बने सब्जी मंडी परिसर में फल दुकान लगाने के लिए जगह आवंटित की गई। फल विक्रेताओं का कहना है कि आवंटित स्थान बाजार की मुख्य आवाजाही से दूर होने के कारण बिक्री नहीं हो पा रही थी। फल सड़ने लगे और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। पूंजी डूबती देख कई दुकानदारों ने ठेले पर फल बेचने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने इस पर भी कड़ी कार्रवाई करते हुए ठेलों को जब्त करना और जुमार्ना लगाना शुरू कर दिया। यहां तक कि मालवाहक वाहनों से आने वाले फलों पर भी जुमार्ना लगाया जा रहा है। प्रशासन के इस रवैये से नाराज फल दुकानदारों ने सामूहिक रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है। दुकानदारों की मांग है कि मुख्य सड़क किनारे नाले को छोड़कर आगे, हाईस्कूल के पास या अन्य उपयुक्त स्थानों पर छोटे-छोटे स्टॉल लगाने की अनुमति दी जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। समाचार लिखे जाने तक फल दुकानदार अनुमंडल कार्यालय के पास जुटे रहे और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी से मिलने का प्रयास कर रहे थे। दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे अपनी दुकानें बंद रखेंगे। हड़ताल के कारण स्थानीय बाजार में फलों की किल्लत महसूस की जाने लगी है। इस मौके पर इरफान आलम, उमेश साव, संजय साव, राजेंद्र साव, राजू साव, छोटेलाल साव, शमीम, दीपक, निलेश, शिव, जितेंद्र, सुदामा, सूरज, दिलीप, प्रमोद, विनय, मुस्तफा समेत कई फल दुकानदार मौजूद रहे।

## उर्वरकों के वैज्ञानिक एवं संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने हेतु संवाद बैठक

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 10 अप्रैल, 2026 को किसानों के बीच संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना को अंतिम रूप देने हेतु एक संवाद बैठक आयोजित की गई। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने कहा कि असंतुलित उर्वरक उपयोग के कारण मृदा उर्वरता में गिरावट और खेती की लागत में वृद्धि हो रही है, जिससे किसानों की आय प्रभावित हो रही है। उन्होंने मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन तथा जैविक एवं रासायनिक उर्वरकों के समेकित उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक के दौरान विशेषज्ञों ने हरी खाद



के महत्व पर प्रकाश डाला तथा धैंचा एवं सनई जैसी फसलों के उपयोग की अनुशंसा की, जिससे मृदा में जैविक कार्बन और पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है। यह निर्णय लिया गया कि चल रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत साप्ताहिक गांव-स्तरीय प्रशिक्षण, खेतों में प्रत्यक्षण तथा जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे। संस्थान बिहार सरकार के साथ जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम एवं अन्य संयुक्त कार्यक्रमों के अंतर्गत धानझगेहूं प्रणाली में हरी खाद के बीज उत्पादन तथा हरी खाद एवं दलहनी आधारित फसल प्रणालियों के प्रदर्शन कार्य भी करेगा । फसल विविधीकरण के तहत दलहन एवं मोटे अनाजों को बढ़ावा दिया जाएगा तथा खेत की मेड़ों पर अरहर की खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे कृषि उत्पादकता एवं मृदा स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित हो सके। संस्थान मोबाइल संदेश, व्हाट्सएप समूह एवं अन्य डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से अपने विस्तार कार्य को और सुदृढ़ करने की योजना बना रहा है। कार्यक्रम में प्रभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष उपाध्याय, डॉ. कमल शर्मा, डॉ. उज्ज्वल कुमार एवं डॉ. संजीव कुमार सहित संस्थान के अन्य वैज्ञानिकों ने भाग लिया। साथ ही, बक्सर एवं रामगढ़ स्थित कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रमुख भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े ।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया बाल निकेतन विद्यालय का औचक निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में सभी अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा अनुमंडल अंतर्गत स्थित विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी निशांत सिहारा के द्वारा मोतिहारी के राजा बाजार स्थित बाल निकेतन



विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की गई। विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति सहित अन्य संचालित शैक्षणिक कार्यक्रमों की स्थिति का जानकारी ली गई। इसके साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 में विद्यालयों को विभिन्न मद में उपलब्ध कराई गई राशि के व्यय की जानकारी ली गई। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने छात्रों से मिलकर चल रही पढ़ाई की जानकारी ली एवं खुद भी बच्चों का सामान्य ज्ञान की जानकारी देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा विद्यालय के प्रधान शिक्षक सहित अन्य शिक्षकों के साथ बैठक कर स्कूल के बेहतर संचालन और बच्चों के हित में बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया गया।

### जितना थाना परिसर मे नेपाल पुलिस के साथ समन्वय बैठक



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना परिसर में गुरुवार को नेपाल पुलिस के चौकी इंचार्ज सुनील कुमार यादव व कृष्णदेव प्रसाद शाह और जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमर के बीच एक समन्वय बैठक की गयी. जिसका मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी और ड्रग्स तस्करी पर रोकथाम करना था. इस बिंदु पर चर्चा करते हुए दोनों निरीक्षक की आपसी सहमति बनी की आज के परिवेश में नाबालिग बच्चों को काम पर लगाने के बात पर गरीब परिवार के बच्चों को लालच देकर मानव तस्करी का प्रयास किया जाता है.साथ ही आज का युवा वर्ग लगातार नशे का शिकार हो रहे है.जिससे देखते हुए कुछ तस्करों द्वारा नशीले पदार्थ का तस्करी किया जा रहा है. जिसका शिकार आसानी से युवा वर्ग हो रहे हैं.जिस पर विशेष रूप से अंकुश लगाने की आवश्यकता है. इस मामले में विशेष रूप से निगरानी करते हुए तस्करी पर रोक लगाना है. साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गयी. इस अवसर पर नेपाल पुलिस की ओर से नेपाल प्रहरी राकेश राणा,मदन राय यादव तथा बिहार पुलिस कि ओर से पीटीसी विजय कुमार, डिस्ट्रिक्ट आर्म्स पुलिस सुमित कुमार, महिला हेल्प डेस्क अनन्या कुमारी, सिपाही ओमप्रकाश पासवान सहित अन्य पुलिस जवान मौजूद रहे.

### बैंकों में चलाया गहन जांच अभियान

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तीन दिनों पूर्व भारतीय स्टेट बैंक से एक व्यक्ति द्वारा 24000 निकासी कर बैंक से साठी बाजार जाने के क्रम में अज्ञात उच्चकों ने ब्लेड मारकर रुपया उड़ा लिया था। इस मामले में साठी पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। थानाध्यक्ष राजन कुमार के नेतृत्व में बुधवार को साठी थाना क्षेत्र के सभी बैंकों में सघन जांच अभियान चलाया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक के साथ वरीय सहायक प्रशांत कुमार पांडे, सहायक प्रणव कुमार, फील्ड ऑफिसर विकास कुमार, परिचारी अंकित कुमार शुक्ला, चौकीदार उपेंद्र कुमार व पुलिस बल शामिल रहे।

### बॉर्डर से गांजा जब्त, तस्कर धराया

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा पुलिस और 44 वी के पचरौता एसएसबी की संयुक्त कारवाई में भारत नेपाल सीमा से गांजा के साथ एक तस्कर को धर दबोचा गया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार व पचरौता इंस्पेकटर बलवंत सिंह जड़ेजा ने संयुक्त रूप से बताया कि बुधवार देर रात थुकहा गांव के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए 10.460 किलो गांजा बरामद किया गया है।गिरफ्तार तस्कर की पहचान भंगहा थाना क्षेत्र के चपरिया टोला निवासी आनंद कुमार के रूप में की गई है। भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि उक्त तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### प्रधान डाकघर में ग्राहक के 54 हजार की चोरी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के प्रधान डाकघर में बच्चों के नाम पैसा जमा कराने आए सागर पोखरा के रंजन कुमार श्रीवास्तव के बैग में ब्लेड मार एक चोर ने 54 हजार रुपये गायब कर दिया है। इस मामले में रंजन कुमार श्रीवास्तव की शिकायत पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रंजन कुमार श्रीवास्तव छह अप्रैल को प्रधान डाकघर में बच्चों के नाम पैसा जमा कराने आए थे। वहां भीड़ अधिक थी। इस कारण पासबुक जमा कर अलग खड़ा हो गए। इसी बीच एक व्यक्ति सादा फॉर्म लेकर उनके पास आया और फॉर्म भरने का आग्रह करने लगा। रंजन कुमार श्रीवास्तव उसे फॉम भरने के बावत समझाने लगे। तभी मौका देखकर वह रंजन कुमार श्रीवास्तव के बैग को ब्लेड से काट दिया और उसमें रखे 54 हजार रुपये निकाल लिया। बाद में उन्हें रुपये चोरी होने की जानकारी हुई। तब उन्होंने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। इस बावत नगर थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### सीएचओ प्रशिक्षण सह समीक्षात्मक बैठक

**आदापुर(पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदापुर में गुरुवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की गहन समीक्षा की गयी जिसमें उन्होंने कहा हाई रिस्क गांव में लगने वाले आयुष्मान आरोग्य शिविर में आने वाले लोगों का टीबी स्क्रीनिंग कर संभावित मरीजों को जाँच के लिए भेजने को कहा गया



एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर में आने वाले मरीजों विशेषकर टीबी मरीज के संपर्क में रहने वाले लोगों को,गर्भवती,धात्रि,तंबाकू सेवन करने वाले,मधुमेह,बीपी,कैंसर, के मरीजों का स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से करें,साथ ही इस कार्यक्रम में जन भागीदारी की भी चर्चा की गई, इस दौरान मौजूद वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को निःक्षय एप्प पर संभावित मरीजों की जानकारी एंट्री करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं अभी तक के उपलब्धि को साझा किए गए एवं इसमें प्रगति लाने को कहा गया। बैठक में वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय,काउंसलर गुड्डू कुमार,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सरिता यादव,प्रतिमा कुमारी,सोनी कुमारी,दीपांशु मालव,विमल प्रजापत,रंजीत चौधरी,मिथलेश कुमार,पुनीत कुमार,मनीष कुशवाहा,देवेन्द्र बंसीवल समेत अन्य सीएचओ मौजूद थे।

### नए जोश के साथ मैदान में उतरे जिलाध्यक्ष प्रो. अखिलेश दयाल, संगठन को मजबूत करने में जुटे

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिला कांग्रेस कमेटी के नए जिलाध्यक्ष बने प्रो. अखिलेश दयाल इन दिनों नए उत्साह और ऊर्जा के साथ संगठन को मजबूत करने में जुट गए हैं। पदभार संभालने के बाद से ही उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा शुरू कर दिया है और कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। प्रो. दयाल लगातार प्रखंड और पंचायत



स्तर तक पहुंचकर पार्टी की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। वे कार्यकताओं को सक्रिय करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर विशेष जोर दे रहे हैं। उनके इस सक्रियता भरे रवैये से पार्टी कार्यकताओं में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ है। हाल ही में आयोजित बैठकों में उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी को गांव-गांव तक सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं और उनके सहयोग से ही संगठन को नई दिशा दी जा सकती है। प्रो. अखिलेश दयाल ने यह भी कहा कि वे आम जनता की समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई और स्थानीय मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का संकेत दिया है। जिले के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं का मानना है कि प्रो. दयाल के इस सक्रिय और जुझारू नेतृत्व से कांग्रेस को नई गति मिलेगी। खासकर युवाओं और नए कार्यकताओं में उनके प्रति खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# एमजीसीयू में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन

## शारीरिक मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहना हीं पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति का लक्षण है : डॉ. अमित रंजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेहत केंद्र द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विशिष्ट वक्ता के रूप में महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अमित रंजन ने स्वास्थ्य संबंधी विविध आयामों पर विशद चर्चा की। अपने उद्बोधन में डॉ. अमित रंजन ने कहा की शारीरिक मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहना ही पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति का लक्षण है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर बल देते हुए मन



को नियंत्रित एवं संयमित करने पर बल दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि चार दृष्टियों से स्वास्थ्य के रूप में देख सकते हैं- बौद्धिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, आध्यात्मिक स्वास्थ्य तथा भौतिक स्वास्थ्य। डॉ. रंजन ने मनोजन्य स्वास्थ्य पर विस्तृत चर्चा की। मानसिक स्वास्थ्य से तात्पर्य है अपने विचारों, भावनाओं और व्यवहारो को संतुलित रखना। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक स्वास्थ्य का। तनाव को दूर करने के लिए, मेडिटेशन करें, और खुद को समय दें।" शारीरिक स्वास्थ्य का मतलब है अपने शरीर को स्वस्थ और सक्रिय रखना। पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम, और पर्याप्त नींद से हम इसे बनाए रख सकते हैं ' आध्यात्मिक स्वास्थ्य का अर्थ है अपने आप से जुड़ाव महसूस करना। यह हमें शांति देता है। डॉ अमित रंजन ने सेहत केन्द्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि सेहत केन्द्र स्वास्थ्य जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये केंद्र न केवल बीमारियों का इलाज करते हैं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी करते हैं। यह स्वास्थ्य शिक्षा, जांच शिविर, और स्क्रीनिंग सेवाएं प्रदान करते है, जिससे लोग अपने स्वास्थ्य को बेहतर ढंग से समझ सकें और बीमारियों को रोक सकें।

# नरकटियागंज में जेल निर्माण को लेकर 18 एकड़ भूमि का प्रस्ताव तैयार, जल्द शुरू होगा टेंडर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय उपकारा (सब-जेल) के निर्माण का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। अंचल प्रशासन द्वारा जेल निर्माण के लिए अब 18 एकड़ भूमि का प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेज दिया गया है। भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब जल्द ही निर्माण कार्य के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। बीडीओ सह प्रभारी सीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में मंडल कारा के लिए 15 एकड़ भूमि का चयन कर प्रस्ताव भेजा गया था। हालांकि, महानिरीक्षक (कारा एवं सुधार सेवाएं) द्वारा उक्त प्रस्ताव की समीक्षा की गई, जिसके बाद जेल की आवश्यकताओं को देखते हुए 18 एकड़ भूमि की मांग की गई थी। महानिरीक्षक के निर्देश पर अंचल कार्यालय ने नए सिरे से प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय को भेज दिया है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित जेल का निर्माण केहुनिया रोआरी पंचायत के मौजा रोआरी के अंतर्गत होगा। प्रशासन ने इसके लिए खाता संख्या 124 और खेसरा 1933 की भूमि को चिह्नित किया है। यह जमीन बेतिया राज की है। अधिकारी ने बताया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में कानूनी अड़चनों को भी दूर कर लिया गया है। उक्त भूमि पर करीब 19 लोगों की जमाबंदी कायम थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर समाहर्ता के स्तर से जमाबंदी वाद संख्या 12/20-2021 के तहत सुनवाई की गई, जिसके उपरांत सभी 19 व्यक्तियों की अवैध जमाबंदी को रद्द कर दिया गया है। प्रभारी सीओ ने बताया कि महानिरीक्षक के निदेर्शानुसार 18 एकड़ भूमि का चयन कर प्रस्ताव विभाग को भेज दिया गया है। जमाबंदी से जुड़े समस्या की निष्पादन कर लिया गया है।

# मामा के घर से लौट रहे युवक की मौत, बाइक से जा रहे थे घर, तेज रफ्तार डंपर ने मारी टक्कर

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मामा के घर से लौट रहे युवक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। हादसा जितना थाना क्षेत्र के बरहरवा गांव के समीप एसएसबी कैम्प के सामने सैनिक रोड पर हुआ।जितना पुलिस के मुताबिक, युवक मामा के घर से लौट रहे थे। हादसे में बाइक सवार एक युवक की जान चली गई। यह हादसा उस समय हुआ जब युवक मामा घर से वापस अपने घर लौट रहे थे।मृतकों की पहचान मोतिहारी थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर कटहा गांव निवासी 18 वर्षीय गोबरी मुखिया के पुत्र अमलेश कुमार के तौर पर हुई हैं।

**बाइक से जा रहे थे गांव**

मिली जानकारी के अनुसार, पूर्वी चंपारण जिले के थाना मोतिहारी अंतर्गत ग्राम रघुनाथपुर कटहा निवासी 18 वर्षीय अमलेश कुमार नेपाल ठाठ गांव में आयोजित एक शादी में शामिल होने आए थे।भोजन करने के बाद, जब वे बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी बरहरवा कैंप के सामने एसएसबी सैनिक रोड के समीप एक अनियंत्रित तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

**मौके पर ही थम गई सांसे**

टक्कर इतनी भीषण थी कि अमलेश कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही जितना पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसा डंपर चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण होना पाया गया है।पुलिस फिलहाल परिजनों की आवेदन का इंतजार कर रही है, जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सैनिक रोड पर भारी वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं और ओवरस्पीडिंग करने वाले डंपर चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### सड़क किनारे युवक का मिला शव, बाइक भी बरामद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के योगापट्टी प्रखंड अंतर्गत शनिचरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना बहुअरवा पंचायत के बंगाली कॉलोनी से धागड टोली जाने वाली मुख्य सड़क की है, जहां सुबह लोगों ने सड़क किनारे शव पड़ा देखा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पाकर शनिचरी थानाध्यक्ष संध्या कुमारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं और जांच शुरू की।प्रारंभिक जांच में मृत युवक की पहचान सिरिसिया थाना क्षेत्र के रामरेखा निवासी पप्पू यादव के रूप में की गई है। पुलिस को शव के पास से एक बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है, जिससे मामला और भी संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक गुरुवार देर रात से घर से बाहर था और शुक्रवार सुबह उसका शव सड़क किनारे मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया है।

# मलकौली पटखौली विद्यालय में निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैरिया प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मलकौली पटखौली में अम्मा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हफीजुर्रहमान ने कहा कि आज का युग तकनीकी शिक्षा का है, और इससे वंचित विद्यार्थी पिछड़ जाएंगे। उन्होंने इस पहल के लिए प्रधानाध्यापक डॉ दिवाकर राय तथा अम्मा ट्रस्ट के निदेशक ज्ञानेन्द्र शरण की सराहना की। कार्यक्रम का उद्घाटन हफीजुर्रहमान, ज्ञानेन्द्र शरण, सेंटर समन्वयक शबा खानम, पर्यावरणविद् डॉ दुर्गा दत्त पाठक, संस्कार भारती के महामंत्री प्रभात कुमार झा, चित्रकार अंशुमन कुमार, डॉ दिवाकर राय तथा डॉ जीतेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। ज्ञानेन्द्र शरण ने कंप्यूटर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश



डालते हुए कहा कि उन्होंने पिछले वर्ष किए वादे के अनुरूप यह कोर्स शुरू कराया है और एक कंप्यूटर भी भेंट किया है। उन्होंने बच्चों को उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में डॉ जीतेन्द्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि संचालन यादवलाल चौधरी ने किया। कार्यक्रम में चंदन कुमार, प्रशांत सौरभ, अनीता कुमारी, पंकज कुमार, रूबी कुमारी, राबेया खातुन, कुणाल कुमार, अमित कुमार, रीतू, दरख्शा प्रवीण, आशीष कुमार, विनीत कुमार, संतोष कुमार, संगीता कुमारी, नवीन कुमार व रौनक कुमार सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# होम्योपैथी के जनक की मनाई गई जयंती, पद्धति इलाज पर डॉक्टरों ने डाला प्रकाश

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होम्योपैथ के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन की जयंती शुक्रवार को मनाया गया। जिसमें होम्योपैथ के उपस्थित डॉक्टरों ने होम्योपैथ की चिकित्सा पद्धति पर प्रकाश डाला। जयंती कार्यक्रम जमाल एजुकेशनल ट्रस्ट और जे जे होम्यो क्लीनिक के सौजन्य से मनाया गया। वही समाजसेवी शहजाद खान ने बताया कि होम्योपैथिक ऐसा चिकित्सा पद्धति है जिसका इलाज सहज और आसान है। वही अध्यक्ष जमाल एजुकेशनल ट्रस्ट बाबू खान ने कहा कि होम्योपैथिक एक ऐसा चिकित्सा पद्धति है जो शरीर की सहज जीवन शक्ति के प्रवाह को बनाए रखना है। वही डॉक्टर रिजवान खान ने कहा कि होम्योपैथिक इलाज हर बीमारी में कारगर होता है लेकिन इसमें परहेज



आवश्यक है। जो जड़ से बीमारी को समाप्त करता है। होम्योपैथिक दवा को सुरक्षित माना गया है। इससे कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं है। डॉ मुन्ना सिंह ने अपने संबोधन में होम्योपैथ के जनक की जयंती के अवसर पर पूरे देशवासियों को बधाई दिया। साथ ही कहा की होम्योपैथिक इलाज पूरे संसार में चिकित्सा के क्षेत्र में प्रसिद्ध है। लेकिन केंद्र सरकार राज्य सरकार इस चिकित्सा पद्धति को अनदेखा कर रही है। हमारे होम्योपैथीक डॉक्टर की बहाली हो जाती है लेकिन होम्योपैथीक दवा उपलब्ध नहीं रहता है। साथ ही सरकार से स्वास्थ्य मंत्री से खाली सीटों को भरने की मांग भी की।मौके पर प्राचार्य डॉक्टर एम क्यू अंसारी, डॉ राजीव रंजन कुमार सिंह डॉ रवि डॉ ,अतुल ठाकुर ,डॉ अंकेश कुमार ,डॉ गोविंद कुमार ,अभिषेक पांडे ,बृजेश पांडे ,संजय गुप्ता ,गौरीशंकर तिवारी के साथ-साथ गणमान्य लोग मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदापुर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जाँच किया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार सिन्हा ने बताया कि हर माह के 9,15 एवं 21 तारीख को इस अभियान का आयोजन सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में संचालित किया जाता है यह कार्यक्रम आज आयोजित की गई है जहाँ सभी गर्भवती महिलाएँ का गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जाँच तथा एएनसी के दौरान जटिल प्रसव वाली महिलाओं का ट्रैकिंग एवं लाइन लिस्ट सुनिश्चित करना है। अभियान में गर्भवती महिला का हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड टेस्ट,यूरिन टेस्ट बीपी जांच, वजन, ऊंचाई, टीकाकरण समेत अन्य जांच कर आयरन एवं कैल्शियम की गोली वितरण की गई साथ ही सभी गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व पुस्तिका दी गई अभियान में कुल 74 महिला की जाँच की गई।

# राहुल सांकृत्यायन महान भाषाविद और चिंतक थे: कुलपति

## जेपीयू में राहुल सांकृत्यायन जयंती मनी

**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में प्रख्यात साहित्यकार महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई ने अपने संबोधन में राहुल सांकृत्यायन को महान भाषाविद और चिंतक बताया। उन्होंने कहा कि सांकृत्यायन की रचनात्मक



विरासत अत्यंत समृद्ध है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। कुलपति ने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में उनकी ग्रंथावली उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया तथा विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकालय जाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के प्रो अजय कुमार ने बीज वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए राहुल सांकृत्यायन के कृतित्व और उसके व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डाला। अंग्रेजी विभाग के प्रो गजेंद्र ने सांकृत्यायन के व्यक्तित्व निर्माण में छपरा की भूमिका पर चर्चा की। वहीं प्रो अमरनाथ ने उनके नाटकों के महत्व को रेखांकित करते हुए भोजपुरी भाषा के प्रति उनके विशेष लगाव को स्पष्ट किया। दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो सुशील कुमार श्रीवास्तव ने सांकृत्यायन के दर्शन और विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उर्दू विभाग के प्रो शमी अहमद ने भी उनके कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो नारायण दास भी मौजूद रहे। हिंदी विभाग के प्राध्यापकों में प्रो सिद्धार्थ शंकर, प्रो अजय कुमार, डॉ चंदन कुमार श्रीवास्तव, डॉ रजनीश कुमार यादव, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ अविनाश भारती और सीमा कुमारी उपस्थित रहे। इसके अलावा अंग्रेजी विभाग के प्रो उदय शंकर ओझा, उर्दू विभाग के अध्यक्ष मजहर किबरिया तथा दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो विश्वामित्र पाण्डेय सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### जनता के दरबार में 50 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 50 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर वरीय उप समाहर्ता श्री विकास कुमार एवं सुश्री निधि कुमारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई। जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम अंतर्गत प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए विकास कुमार ने कहा कि जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा । भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया।

# पंचायत सचिवों के हड़ताल पर जाने से आमलोगों की बढ़ी परेशानी

## पांच सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर गए पंचायत सचिव

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य पंचायत सचिव संघ अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर आठ अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। इसको लेकर शुक्रवार को पंचायत सचिव सूरज कुमार, सुनिल कुमार, सूरज पासवान ने बताया कि पांच सूत्री मांगों को लेकर संघ के आह्वान पर आठ अप्रैल को सभी नया पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। पंचायत सचिवों ने कहा कि सरकार जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं करेगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगा। हालांकि पुराने पंचायत सचिव व जन सेवक इस हड़ताल से बाहर है। हड़ताल पर गए पंचायत सचिवों की मांग में उनके गृह जिला में पदस्थापना, प्रोन्नति की उम्र 56 वर्ष समाप्त करने, ग्रेड पे 4200 रुपए करने, दो हजार रुपए यात्रा भत्ता देने, सेवा संपुष्ट करने, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्णय के अनुसार प्रोन्नति के लिए पद देने आदि मांग शामिल है। इससे पहले सीओ और आरओ के साथ राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर चल रहे है। अब पंचायत सचिवों के हड़ताल पर जाने से आमजन के कार्यो का निष्पादन में काफी परेशानी होगी। इसके साथ ही पंचायत में चल रही विकास योजनाओं के निष्पादन में काफी परेशानी होगी। इधर बीडीओ डॉ संजय कुमार ने कहा कि 23 पंचायत में मात्र पांच पंचायत सचिव है और उन्हीं से ही पूरे प्रखंड का काम चल रहा था। जिसमें नया पंचायत सचिव तीन है।

# नेत्रहीन खिलाड़ियों के लिए 5 दिवसीय क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल के बीरगंज में मधेश प्रोविंस ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में नेत्रहीन खिलाड़ियों के लिए पांच दिवसीय क्रिकेट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में मधेश प्रोविंस सहित देश के विभिन्न जिलों से आए कुल 24 नेत्रहीन खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों में पर्वत, तनहु, चितवन, गोरखा, परसा समेत अन्य जिलों के खिलाड़ी शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आइज नेपाल परसा की कोषाध्यक्ष रूपशीला जायसवाल ने की, जबकि मेजबानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बीरगंज मेट्रोपॉलिटन अध्यक्ष अमन अली द्वारा की गई। इस अवसर पर पुलिस डिप्टी सुपरिटेंडेंट राजू कार्की, सेस्मी एकेडमी बीरगंज की अध्यक्षा पिया सिंह, बीरगंज वाणिज्य उद्योग संघ के उपाध्यक्ष माधव राजपाल, राउंड टेबल के अध्यक्ष मोहित राजपाल एवं लायंस क्लब सेस्मी एकेडमी की कोषाध्यक्ष प्रसिद्धि आनंद सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अमन अली ने आयोजकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दृष्टिबाधित खिलाड़ियों में अपार प्रतिभा है, जिन्हें उचित अवसर और समर्थन मिलने पर वे देश का नाम रोशन कर सकते हैं। वहीं, पुलिस डिप्टी सुपरिटेंडेंट राजू कार्की ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और लगन से वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता पिया सिंह ने कहा कि नेत्रहीन खिलाड़ी अपनी मेहनत और संकल्प से समाज के लिए मिसाल पेश कर रहे हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि विशेष रूप से दिव्यांग प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आगे आएं। साथ ही उन्होंने ऐसे आयोजनों में निरंतर सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नेत्रहीन खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें बेहतर मंच प्रदान करना रहा, जिससे वे खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकें।



# शादी-विवाह पर गैस नियम सख्त, निबंधन के बाद ही मिलेगा सिलेंडर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में आगामी वैवाहिक सत्र को दृष्टिगत रखते हुए वाणिज्यिक एलपीजी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निर्देश दिया गया है कि वैवाहिक कार्यक्रमों हेतु आवश्यक वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस संबंध में निर्देश दिया गया है कि वैवाहिक कार्यक्रम हेतु रसोईया एवं कैटरर्स द्वारा वाणिज्यिक गैस की आवश्यकता के संबंध में 7 दिवस पूर्व निबंधन कराया जाए। साथ ही जिन व्यक्तियों के यहां वैवाहिक कार्यक्रम प्रस्तावित है, वे वाणिज्यिक गैस की आवश्यकता के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन समर्पित करेंगे। आवेदन के साथ विवाह कार्ड संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिसमें कार्यक्रम की तिथि तथा संभावित उपस्थित व्यक्तियों की संख्या का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया जाएगा। साथ ही, यह भी अंकित किया जाएगा कि कार्यक्रम हेतु कितने वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आवश्यकता है। जिलाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर कार्यक्रम में संभावित उपस्थिति का आकलन करते हुए संबंधित गैस कंपनियों से समन्वय स्थापित कर मांग एवं उपलब्धता के अनुरूप वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। जिला प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि उपलब्ध कराया गया वाणिज्यिक गैस सिलेंडर का उपयोग केवल संबंधित वैवाहिक कार्यक्रम में ही किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि वैवाहिक कार्यक्रमों में वाणिज्यिक गैस के उपयोग हेतु निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करें, ताकि गैस की आपूर्ति व्यवस्था सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित की जा सके।

# जीविका सीएम का बेटा बना आयकर विभाग में सुपरिटेंडेंट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के परनपुरा गांव के होनहार युवक राहुल कुमार ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर एसएससी सीजीएल परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 3056वीं रैंक हासिल कर आयकर विभाग में सुपरिटेंडेंट (कार्यालय अधीक्षक) के पद पर चयनित होकर क्षेत्र और गांव का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से गांव में खुशी का माहौल है।

राहुल कुमार किसान सर्वजीत साव के बड़े पुत्र हैं। उन्होंने ऑनलाइन पढ़ाई और सेल्फ स्टडी के जरिए यह उपलब्धि हासिल की। राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां बबीता देवी को देते हुए कहा कि उनकी मां, जो जीविका समूह में सीएम हैं, ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनकी पढ़ाई में हरसंभव सहयोग किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 2018 में हसपुरा हाई स्कूल से मैट्रिक प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया, जबकि वर्ष 2020 में एस.एन. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद से इंटरमीडिएट भी प्रथम श्रेणी में पास किया। राहुल ने भावुक होते हुए कहा कि जिस कठिन परिस्थिति में उन्होंने पढ़ाई कर सफलता प्राप्त की, उसी को ध्यान में रखते हुए वे गांव के दो बच्चों की एक वर्ष की पढ़ाई का खर्च उठाएंगे, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। राहुल की सफलता पर हसपुरा प्रखंड के उपप्रमुख सत्येंद्र चौधरी ने उनके घर पहुंचकर फूलमाला पहनाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राहुल का शांत स्वभाव और कठिन परिश्रम युवाओं के लिए प्रेरणा है। इसके अलावा पवन कुमार, रंजय कुमार, मुन्ना चौधरी सहित गांव और क्षेत्र के कई लोगों ने उनके घर पहुंचकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### फौजी फिजिकल अकादमी में गलगी से नुकसान

**औरंगाबाद।** गुरुवार की शाम फौजी फिजिकल अकैडमी में में अचानक आग लगने से एकैडमी का करीब दो लाख रूपये मूल्य का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के खेल मैदान की है। एकैडमी संचालक शेखर सिंह ने बताया कि उन्हें किसी व्यक्ति ने फोन पर जानकारी दी कि एकैडमी में आग लगी है। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि पूरा सामान जल रहा है। इसके बाद उन्होंने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस आगजनी में अकैडमी के गद्दे समेत सभी प्रशिक्षण सामग्री पूरी तरह नष्ट हो गई। उन्होंने बताया कि घटना को लेकर थाना में आवेदन समर्पित किया गया है तथा जांच पड़ताल कर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि घटना को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बुजुर्गों व दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड स्थित बुनियाद केंद्र में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक पहल संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बुजुर्गों, विधवाओं एवं दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामशकल सिंह ने की।इस अवसर पर जिला समन्वयक अरुण कुमार ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत बुजुर्गों के अधिकार सुरक्षित हैं और उनके संरक्षण के लिए सरकार कई कदम उठा रही है। बैठक में बुनियाद केंद्र में संचालित सीएससी केंद्र के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं पर भी चर्चा की गई। इसमें दिव्यांगता प्रमाणपत्र, जाति, आवासीय, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, जमाबंदी दाखिल-खारिज सहित अन्य सेवाओं के ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। जिला समन्वयक ने बताया कि किसी भी आयु वर्ग के लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में केंद्र प्रबंधक इमरान अहमद, केयर गिवर धनंजय कुमार सिंह, हृदयानंद सिंह, सचिव विद्यानंद सिंह, सेवानिवृत्त फौजी बिन्देश्वर सिंह, प्रिंस कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। अंत में 10 एवं 17 मई को अगली बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

### बाइक ने टेम्पो में मारी टक्कर, तीन घायल

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के हसपुरा-पचरूखिया मुख्य मार्ग पर हैबसपुर गांव स्थित शिव मंदिर के समीप गुरुवार देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक ने टेम्पू में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक एवं टेम्पू सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेम्पू का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हसपुरा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान कोईलवा गांव निवासी 62 वर्षीय राधिका देवी, सलेमपुर गांव निवासी स्वर्गीय मुंगेश्वर चौधरी के 20 वर्षीय पुत्र परशुराम कुमार तथा संतोष चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र भोला कुमार के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों एवं पुलिस के अनुसार बाइक सवार दोनों युवक नशे में थे और गलत दिशा में जाकर टेम्पू से टकरा गए, जिससे यह हादसा हुआ।

# 300 वर्ष प्राचीन गुरु ग्रंथ साहिब का सर्वे, संरक्षण के लिए पहल शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** ज्ञान भारतम मिशन के तहत जिले में बिखरी प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों के संरक्षण को लेकर सर्वे अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पप्पू कुमार ने बाबा बिहारी दास की संगत में स्थित लगभग 300 वर्ष प्राचीन गुरु ग्रंथ साहिब का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि यह ग्रंथ हस्तलिखित है और इसके लेखन में विभिन्न प्रकार के रत्नों का उपयोग किया गया है, जो इसे अत्यंत विशेष बनाता है। निरीक्षण के दौरान स्वर्णकार आभूषण व्यवसायी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद सर्राफ ने अधिकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर दाउदनगर के इतिहास लेखक उपेंद्र कश्यप ने अधिकारियों को गुरु ग्रंथ साहिब एवं अन्य प्राचीन पांडुलिपियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर वार्ड पार्षद सोनी देवी, प्रतिनिधि कृष्ण प्रसाद, जदयू नेता पप्पू गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पप्पू कुमार ने बताया कि अब तक जिले में 272 हस्तलिखित दस्तावेज चिन्हित किए जा चुके हैं। सर्वे के बाद एक विशेषज्ञ टीम द्वारा इन स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर पांडुलिपियों के संरक्षण और उपचार की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि इन्हें नष्ट होने से बचाया जा सके।

**संभावित स्थलों की सूची तैयार**

पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए कई संभावित स्थलों की पहचान की गई है, जिनमें दाउदनगर गुरुद्वारा, पातालगंगा मठ, देवकुंड मठ, हसपुरा मठ, अमझर शरीफ, मनौरा शरीफ, दाउदनगर शरीफ, चन्द्रगढ़ (नवीनगर), देव किला, ओबरा कारा एस्टेट, देव सूर्य मंदिर, उमंगेश्वरी सूर्य मंदिर, देवकुंड शिव मंदिर, औरंगाबाद अभिलेखागार, विभिन्न पुस्तकालय, सिन्हा कॉलेज, दाउदनगर कॉलेज सहित साहित्यिक एवं राजनीतिक परिवारों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं।

# अधिक से अधिक वादों के निपटारे के लिए लोगों को करें जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 9 मई को आयोजित होने राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लाल बिहारी पासवान की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रकोष्ठ में सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल एवं अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संदीप सिंह उपस्थित रहे। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वारा इस बैठक में अयोजित होने वाली लोक अदालत के सफलता हेतु थानाध्यक्षों के द्वारा उनके स्तर से मामलों के चिह्नित कर अपने-अपने थाना क्षेत्र में लोक अदालत के संबध में जागरूक कर अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन करवाने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संदीप सिंह ने थानाध्यक्षों को कहा कि प्राधिकार ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों की सूची थानावार तैयार कर भेजी गयी है जिसमे आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उक्त मामलों में पक्षकारों से सम्पर्क स्थापित कर और अपने-अपने क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, जन प्रतिनिधियों के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करें ताकि उन मामलों को खत्म कर भाई चारे प्रेम के वातावरण और विवाद मुक्त समाज बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

# स्लिम एयर डिज़ाईन और शक्तिशाली बैटरी के साथ रियलमी 16 5जी लॉन्च




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन, रियलमी ने रियलमी 16 5जी पेश किया। यह नई जनरेशन के युवा यूज़र्स के लिए बनाया गया है, जो अपनी क्रिएटिविटी, पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के साथ रोजमर्रा की विज्युअल स्टोरीटैलिंग प्रदर्शित करना चाहते हैं। इसमें एआई आधारित ड्युअल 50 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट कैमरा और जबरदस्त सेल्फी इनोवेशन दिए गए हैं। साथ ही 7000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी के बावजूद अल्ट्रा-लाईट रियलमी 16 5जी मिड-रेंज का सबसे बेहतर स्मार्टफोन है। रियलमी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, फ्रैंसिस वोंग ने कहा कि स्मार्टफोन उद्योग में मूल्य रीसेट हो रहे हैं। यूज़र्स हर मूल्य वर्ग में बेहतर फीचर्स चाहते हैं। रियलमी 16 5जी लॉन्च करने का उद्देश्य उनकी इन अपेक्षाओं को पूरा करना है। इस स्मार्टफोन में हमने कई इनोवेशन, जैसे उद्योग का पहला सेल्फी मिरर और 7000 एम.ए.एच की दमदार बैटरी के साथ स्लिम और दैनिक उपयोगिता का डिज़ाईन दिया है। हमने न केवल इनोवेशन पेश किया है, बल्कि एक विश्वसनीय और दीर्घकालिक अनुभव भी पेश किया है, जो भारत में स्मार्टफोन खरीदने और इस्तेमाल करने के तरीके के अनुरूप है। यह व्यक्तिगत सेल्फी और ग्रुप पोर्ट्रेट के लिए शानदार है और 30000 रुपये से कम मूल्य का सबसे अच्छा स्मार्टफोन है। एआईएमआरए इंडिया के फाउंडिंग चेयरमैन, कैलाश लखयानी ने कहा कि एआईएमआरए (ऑल इंडिया मोबाईल रिटेलर्स एसोसिएशन) के साथ रियलमी ने हमेशा मजबूत और सहयोगपूर्ण संबंध रखा है। यह एसोसिएशन भारत में 1.50 लाख रिटेलर्स और पूरे देश में हमारे रिटेल समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है। रियलमी लगातार ऐसे उत्पाद पेश कर रहा है, जो बाजार की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं। रियलमी 16 5जी दो रंगों, एयर व्हाईट और एयर ब्लैक में उपलब्ध होगा। इसे रियलमी डॉट कॉम, फ्लिपकार्ट और मेनलाईन रिटेल स्टोर्स से खरीदा जा सकेगा। रियलमी डॉट कॉम, फ्लिपकार्ट और मेनलाईन रिटेल स्टोर्स पर इस स्मार्टफोन के साथ आकर्षक लॉन्च ऑफर दिए जा रहे हैं, जिनमें बैंक बेनेफिट्स, नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर, और मौजूदा रियलमी यूज़र्स के लिए अतिरिक्त रिवार्ड शामिल हैं।

# गुम व चोरी के दो मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खैरा।** स्थानीय थाना पुलिस की सक्रियता और तकनीकी दक्षता एक बार फिर देखने को मिली है। थाना क्षेत्र में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। इस कार्रवाई से न केवल पीड़ितों के चेहरे पर मुस्कान लौटी है, बल्कि क्षेत्र में पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम परसा निवासी उत्तर कुमार (पिता- गोपाल सिंह) ने दिनांक 25 मार्च 2026 को खैरा थाना में आवेदन देकर अपने घर से वनप्लस कंपनी का मोबाइल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं, मांगोबंदर निवासी संजय मोदी (पिता- भुनेश्वर मोदी) ने 22 जुलाई 2025 को बाजार जाने के दौरान मोबाइल गुम हो जाने की सूचना थाना में दी थी। दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए खैरा थाना पुलिस ने तत्काल जांच प्रारंभ की। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, सर्विलांस और अनुसंधान के आधार पर मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैक की और क्रमशः दोनों डिवाइस को बरामद करने में सफलता हासिल की। पुलिस की इस सतत निगरानी और सूझबूझ भरी कार्रवाई ने पुराने मामलों को भी सुलझाने की क्षमता को साबित किया है। बरामदगी के बाद शुक्रवार की शाम पुलिस अवर निरीक्षक ज्योति कुमारी सिंह एवं अवर निरीक्षक रामानंद कुमार ने दोनों पीड़ितों को थाना बुलाकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए उनके मोबाइल फोन विधिवत सुपुर्द किए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर दोनों व्यक्तियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। पीड़ितों ने खैरा थाना पुलिस के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल वापस मिल पाएगा, लेकिन पुलिस की मेहनत और प्रतिबद्धता ने यह संभव कर दिखाया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली की व्यापक सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है तथा अपराधियों में भय का माहौल बनता है।

**- एक साल बाद चोरी हुआ टैब बरामद कर मालिक को सौंपा**

**जमुई।** जिले में साइबर थाना पुलिस की तत्परता, तकनीकी दक्षता और प्रतिबद्धता का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। पुलिस ने एक वर्ष पूर्व चोरी हुए टैब मोबाइल को सफलतापूर्वक बरामद कर उसके वास्तविक मालिक को सौंप दिया। यह कार्रवाई गुरुवार की शाम करीब 5 बजे साइबर डीएसपी राजन कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टाउन थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी विजय कुमार यादव का टैब मोबाइल लगभग एक साल पहले उनके घर से चोरी हो गया था। घटना के बाद उन्होंने तत्काल साइबर थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी थी। साइबर डीएसपी राजन कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने के बाद तकनीकी माध्यमों का सहारा लेकर चोरी हुए टैब की लगातार ट्रैकिंग की जा रही थी। काफी समय तक कोई सुराग नहीं मिलने के बाद जैसे ही उस टैब में नया सिम कार्ड डाला गया, सिस्टम के माध्यम से पुलिस को इसकी सूचना मिल गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित युवक को पकड़ लिया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जिस युवक के पास से टैब बरामद हुआ, वह नाबालिग है। पूछताछ में उसने बताया कि उसने यह टैब अपने एक मित्र से प्राप्त किया था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है, ताकि चोरी की घटना में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा सके।

# बनिया पासवान टोला में छह माह से नल-जल की स्थिति बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत के वार्ड नं-14 बनिया पासवान टोला के लोगों को नल-जल योजना से पानी लगभग छह माह से बंद पड़ा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। बनिया वार्ड नं-14 पासवान टोला के लिए विभाग से नया नल जल योजना लगाने का टेंडर हुआ है। संवेदक के द्वारा कभी तक पेयजल आपूर्ति करवाने हेतु बोरिंग नहीं करवाई गई है और काम बंद कर दिया गया है।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद
एतद द्वारा सूचित करना है कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद अन्तर्गत आमंत्रित निविदा सूचना संख्या–07/2025-26/O&M-PHED, PR No-026009 (PHED) 2025-26 जो दैनिक समाचार पत्र में दिनांक–11.03.2026 को प्रकाशित किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।
कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद
PR- 000688 (PHED) 2026-27
विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(जनगणना कोषांग)
भारत की जनगणना-2027
भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन कल्याण
जनगणना से जन कल्याण
भारत के महा रजिस्ट्रार द्वारा दिनांक **23 जनवरी 2026** को **Census Act, 1948 की धारा 8(1)** में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **जनगणना-2027** में मकान सूचीकरण के दौरान प्रगणक द्वारा इन **33 प्रश्नों** को सभी व्यक्तियों से पूछने एवं डिजिटल माध्यम से ग्रहण करने हेतु प्राधिकृत किया गया है। ये **33 प्रश्न** हैं:-
मकान से जुड़ी जानकारी
1. मकान संख्या
2. जनगणना मकान संख्या
3. घर किस फर्श का है?
4. घर के दीवाल की सामग्री
5. घर के छत की सामग्री
6. घर का उपयोग
7. घर की स्थिति
परिवार से संबंधित प्रश्न
8. परिवार की संख्या
9. घर में कितने जन रहते हैं?
10. परिवार के मुखिया का नाम
11. परिवार के मुखिया का लिंग
12. परिवार के मुखिया की जाति (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य )
13. घर स्वयं के नाम/किराया पर
14. घर में कितने कमरे हैं?
15. घर में कितने विवाहित परिवार रहते हैं?
पानी, सफाई एवं ऊर्जा जानकारी
16. पेय जल का स्रोत
17. पेय जल की उपलब्धता
18. प्रकाश का मुख्य स्रोत
19. शौचालय की सुलभता
20. किस प्रकार का शौचालय ?
21. गंदे पानी का निकास
22. स्नानगृह की उपलब्धता
23. रसोईघर की उपलब्धता (एलपीजी/पीएनजी)
24. खाना पकाने का मुख्य साधन (Fuel)
25. परिवार के खाने का मुख्य अनाज
घरेलू साधनों की उपलब्धता
26. रेडियो
27. टेलीविजन
28. इंटरनेट सुविधा
29. लैपटॉप/कंप्यूटर
30. टेलीफोन/मोबाइल फोन/स्मार्ट फोन
31. साइकिल/स्कूटर/मोटरसाइकिल/मोपेड
32. कार/जीप/वैन
33. मोबाइल नंबर (केवल जनगणना संबंधी सूचना हेतु)
नोट: (क) सभी 33 प्रश्नों का सही उत्तर देना **Census Act, 1948 की धारा-8** में अनिवार्य है।
(ख) सभी 33 प्रश्नों का उत्तर स्वगणना में **दिनांक 17.04.2026 से 01.05.2026** तक वेब पोर्टल **se.census.gov.in** पर स्वयं दिया जा सकेगा। कृपया उत्तर सही-सही भरें।
(ग) उक्त 33 प्रश्नों को प्रगणक प्रत्येक मकान में जा-जाकर **दिनांक 02.05.2026 से 31-05-2026** तक पूछेंगे जिसका उत्तर सही से देना होगा।
आप सभी से जनगणना में सहयोग की अपेक्षा है।
सरकार के प्रधान सचिव
सह राज्य समन्वयक (जनगणना)
PR No.- 00719 (Revenue)D. 2026-27
शिकायत एवं सुझाव के लिए लिए जन शिकायत पोर्टल पर जायें।
https://biharbhumiplus.bihar.gov.in/pg/
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।
Follow Us
#BiharRevenueAndLandReformsDept

# जिले के 18 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी सहायक शिक्षा पदाधिकारी की परीक्षा

## परीक्षा की पवित्रता एवं निष्पक्षता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष के द्वारा इस परीक्षा को स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिले के 18 परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक (16 एवं 19 अप्रैल को छोड़कर) तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण की परीक्षा 14 एवं 15 अप्रैल को, द्वितीय चरण की परीक्षा 17 एवं 18 अप्रैल को तथा तृतीय चरण की परीक्षा 20 एवं 21 अप्रैल को आयोजित होगी। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक निर्धारित है, जिसके लिए अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 8 बजे से 9 बजे तक होगा। द्वितीय पाली अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें अभ्यर्थियों का प्रवेश दोपहर 1 बजे से 1:30 बजे तक होगा। परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पूर्व ही परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपना ई एडमिट कार्ड आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर परीक्षा केन्द्र पर साथ लाना अनिवार्य होगा। पहचान के लिए आधार कार्ड अथवा अन्य वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। परीक्षा केन्द्र के भीतर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच, अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, व्हाइटनर, इरेज़र तथा ब्लेड ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम-2024 के अंतर्गत यदि कोई अभ्यर्थी कदाचार करते हुए पाया जाता है तो उसे अगले पाँच वर्षों तक आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अफवाह फैलाने या परीक्षा प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न करने की स्थिति में तीन वर्षों तक प्रतिबंध लगाया जा सकता है। परीक्षा को पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त बनाने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल जैमर लगाए जाएंगे तथा संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन (फिंगरप्रिंट) एवं फ़ेशियल रिकॉग्निशन के माध्यम से सत्यापन भी अनिवार्य रूप से किया जाएगा। प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी की जाएगी तथा महिला अभ्यर्थियों की तलाशी के लिए अलग से घेरायुक्त स्थल की व्यवस्था की गई है। परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की सहायता या सूचना के लिए कारगिल विजय सभा भवन में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 06243-222835 है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की पवित्रता एवं निष्पक्षता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कदाचार पाए जाने पर संबंधित कर्मियों अथवा अभ्यर्थियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतिभा सम्मान सह दीक्षांत समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गम्हरिया में प्रतिभा सम्मान सह दीक्षांत समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रमण कुमार झा तथा संचालन ज्योति राजा तथा पंकज जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। स्कूल की छात्रा ने स्वागत गान से आगत अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाध्यापक ने स्कूल के वर्तमान सत्र के उपलब्धि के बारे में विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि अष्टम कक्षा के 77 छात्र, छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। ये सभी स्तरोन्नत होकर नये विद्यालय के नये परिवेश में प्रवेश करेंगे। नये सत्र में उत्साह एवं पूरे मनोयोग से परिश्रम कर अपनी सफलता का परचम लहराने में कामयाब होगें। इनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हैं। वही डीडीओ सह प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने कहा कि सफलता के लिए परिश्रम अनिवार्य है। गाँव की शिक्षा का जितना विकास होगा उतना ही उस देश का विकास होगा। जिस देश की प्राथमिक शिक्षा मजबूत होगी, वह देश उतना ही विकसित होगा। दीक्षांत समारोह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों से झिझक दूर करना तथा बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करना है। यह कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षा के सही दिशा में धरातल मूर्तरूप देने में मिल का पत्थर साबित होगा। इन नौनिहालों को सजाने, संवारने तथा दक्ष बनाने में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। शिक्षा जीवन मे आने वाली सभी समस्याओं का समाधान प्रदान करता है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकहा ररिऔना के प्रधानाध्यापक सरोज कुमार महतो ने कहा कि स्तरोन्नत बच्चे मध्य विद्यालय से उच्च विद्यालय में उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश करेंगे। इन्होंने शिक्षा के महत्व के संबंध में बताया। शिक्षित व्यक्ति कहीं ठगा नहीं सकता है। बिन पढले सब बेकार हो जालल, दोस्ती करब किताब, कापी से आदि गीतों से प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अष्टम कक्षा के 77 तथा इससे पूर्व की कक्षा के वन टू सेवन कक्षा के 31 बच्चों को आगत अतिथियों एवं शिक्षको ने सम्मानित तथा पुरस्कृत किया। मौके पर ग्रामीण सज्जन महतो, नागेन्द्र कुमार, शिक्षक संजीत कुमार यादव, मुकेश कुमार पटेल, शिक्षिका कल्पना कुमारी, सुनीता कुमारी, खुशबू कुमारी, आर्यन कुमारी, निकेता? कुमारी, आभा कुमारी, सुनीता कुमारी आदि मौजूद थे।

# बिजली के करंट से राजमिस्त्री की मौत

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के हथौड़ी थाना के बंधार पंचायत अन्तर्गत वार्ड संख्या 18 निवासी उपेंद्र दास के पुत्र अर्जुन कुमार दास के साथ एक दर्दनाक हादसा हुई। गुरुवार को दरभंगा जिला के बहेड़ी बाजार में भवन निर्माण का काम रहा था उसी समय बिजली के करंट लगने से मौत हो गई। बहेड़ी पुलिस ने मृतक राज मिस्त्री की शव को स्वजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# संत पॉल स्कूल में अलंकरण समारोह संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**तेघड़ा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर शुक्रवार को परंपरागत रूप से अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्रेसिडेंट लक्ष्मी कुमारी, प्राचार्या तनु सौरभ, समन्वयक राम कुमार मिश्रा एवं सुरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंच संचालन राम कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न पदों पर छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। स्कूल स्पोर्ट्स कप्तान के रूप में आराध्या कुमारी एवं हर्ष राज, अनुशासन कप्तान के रूप में अभिनव कुमार एवं महालक्ष्मी, सीसीए कप्तान के रूप में ईशान राज एवं आरिफा फातिमा, तथा स्कूल उप-कप्तान के रूप में आशीष राज एवं राधिका कुमारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में विभिन्न हाउसों के कप्तान भी नियुक्त किए गए। भाभा हाउस से राजीव कुमार एवं नाव्या, डार्विन हाउस से मुहम्मद आसाद एवं रोशनी कुमारी, न्यूटन हाउस से प्रणव राज एवं आराध्या कुमारी, तथा रमन हाउस से आशुतोष कुमार एवं अनुष्का वर्णवाल को यह दायित्व प्रदान किया गया। हाउस मास्टर के रूप में भाभा हाउस से मिसेज काजल कुमारी, डार्विन हाउस से सौरभ कुमार, न्यूटन हाउस से मिस ब्यूटी कुमारी एवं रमन हाउस से पुष्कर कुमार को जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर प्रबंधक, प्रेसिडेंट एवं प्राचार्या द्वारा सभी चयनित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को टाई, बैज एवं अन्य प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रबंधक श्री सिंह ने विद्यार्थियों को जिम्मेदारी का बोध कराते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासित बनने की प्रेरणा दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं प्राचार्या तनु सौरभ ने सभी चयनित विद्यार्थियों से अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी, भारती सिंह, राकेश कुमार, सचित के रामचंद्रन, प्रफुल्ल कुमार एवं सोमनाथ मांझी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अग्निपीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण

**कदवा /कटिहार।** भावनगर स्थित मेहदीपुर वार्ड 2 में हुए भीषण अग्निकांड के पीड़ितों को त्वरित राहत पहुंचाने के उद्देश्य से रेडक्रास सोसाइटी की ओर से सचिव संतोष गुप्ता के नेतृत्व मे राहत सामग्री बांटी गई। राहत वितरण करते हुए संतोष गुप्ता ने कहा कि रेडक्रास का उद्देश्य ही आपदा की घड़ी में साथ खड़े रहना एवं बचाव करना है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों मे विगत दिनों हुई आगलगी से प्रभावित लोगों के बीच संस्था द्वारा राहत सामग्री का वितरण किया जा चुका है।

# प्राचीन पांडुलिपि उपलब्ध हो तो प्रशासन को दें जानकारी : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** ज्ञान भारत मिशन के अंतर्गत जिले में पांडुलिपियों के संरक्षण, सूचीकरण एवं डिजिटाइजेशन के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य प्राचीन एवं ऐतिहासिक पांडुलिपियों को सुरक्षित रखते हुए उनके व्यवस्थित अभिलेखीकरण और डिजिटल रूप में संरक्षण सुनिश्चित करना है। इस कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर एक समिति का गठन किया गया है। जो जिले में उपलब्ध पांडुलिपियों की पहचान, सूचीकरण तथा उनके संरक्षण से संबंधित कार्यों की निगरानी करेगी। समिति द्वारा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, जैसे मठ, मंदिर, पुस्तकालय तथा निजी संग्रहों में उपलब्ध पांडुलिपियों की पहचान कर उनकी सूची तैयार की जाएगी।निर्देशानुसार पांडुलिपियों में कागज, भोजपत्र, ताम्रपत्र, कपड़ा, धातु आदि माध्यमों पर लिखित सामग्री शामिल की जाएगी, बशर्ते कि वे कम से कम 75 वर्ष पुरानी हों। इन पांडुलिपियों का दस्तावेजीकरण कर उन्हें डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा ताकि भविष्य की पीढ़ियों के लिए इस सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करें तथा ऐसे निजी या संस्थागत संग्रहों की जानकारी एकत्रित करें। इसके साथ ही जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्थानीय स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा विशेष अभियान भी चलाए जाएंगे।

# जनगणना के सफल संचालन को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** भारत की आगामी जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्तर पर जनगणना अधिकारियों, संबंधित कोषांग के अधिकारियों तथा फील्ड प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया गया है। शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में चार्ज अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनगणना कार्य की प्रगति, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा प्रारंभिक चरण की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में नोडल पदाधिकारी जनगणना कोषांग सह वरीय उप समाहर्ता पूजा कुमारी ने बताया गया कि जनगणना के प्रथम चरण के प्रभावी संचालन के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इसके तहत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 13 से 24 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण चार्ज स्तर अर्थात प्रखंड एवं नगर परिषद स्तर पर फील्ड प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा, ताकि गणना कार्य से जुड़े सभी कर्मियों को आवश्यक तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध हो सके। बैठक में जनगणना के प्रथम चरण, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य शामिल है, उसके लिए हाउस लिस्टिंग ब्लॉक के गठन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। चार्ज स्तर पर एच एलवी गठन के दौरान सामने आ रही तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए निदेशालय से प्रतिनियुक्त प्रेक्षकों एवं प्रशिक्षकों द्वारा चार्ज अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि प्रत्येक हाउस लिस्टिंग ब्लॉक को एक प्रगणक से संबद्ध किया जा रहा है, ताकि वे अपने निर्धारित क्षेत्र में घर-घर जाकर गणना कार्य का निष्पादन कर सकें। बैठक में यह निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी तैयारियों को पूर्ण करें, ताकि जनगणना 2027 का कार्य पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी तरीके से संपन्न कराया जा सके।इस अवसर पर भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित 13 प्रखंड के चार्ज अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिले में कुल 23,138 एलपीजी सिलेंडरों का स्टॉक है उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार जिले में कार्यरत विभिन्न तेल विपणन कंपनियों के रसोई गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की शुक्रवार को समीक्षा की गई। इस क्रम में शुक्रवार को जारी सुबह की रिपोर्ट के आधार पर गैस आपूर्ति की स्थिति का विश्लेषण किया गया। वर्तमान में जिले में कुल 23,138 एलपीजी सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। गुरुवार को जिले में कुल 11,986 एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। जबकि उसी दिन 11,940 सिलेंडरों की बुकिंग प्राप्त हुई। जिले में एलपीजी वितरण का औसत बैकलॉग 4.7 दिन दर्ज किया गया है। कंपनीवार समीक्षा में आईओसीएल का बैकलॉग 3.6 दिन, बीपीसीएल का 4.5 दिन तथा एचपीसीएल का 6.1 दिन पाया गया।जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने संबंधित अधिकारियों एवं गैस एजेंसियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा बैकलॉग को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रण कक्ष संचालित किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06243-450626 तथा 9279808780 पर लोगो द्वारा की जा रही शिकायतों का निष्पादन किया जा रहा है। अब तक कुल 610 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसमें से अब तक कुल 576 शिकायतों का निष्पादन किया गया है।

# डीईओ ने अतिरिक्त वर्ग कक्ष बनवाने का दिया आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** मध्य विद्यालय छतौना में कमरा उपलब्ध कराने के लिए मुखिया सुनैना देवी ने पत्रांक 13/26 के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध किया है। उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि यह विद्यालय प्रखंड का आदर्श विद्यालय रहा है। वर्तमान में नामांकित 550 बच्चे छत के तीन कमरे तथा टीन चदरा से बने कमरे में पढ़ने के लिए विवश हैं। टीन चदरा से बने कमरे गर्मी में अनुपयुक्त है। इस गर्मी में भी बच्चे दरवाजे पर बैठकर पठन पाठन करना उनकी लाचारी है। पूर्व में भी इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया पर अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण की ओर कदम नहीं उठाया गया। मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार पमपम ने डीईओ को पत्र देते हुए विस्तार से वस्तु स्थिति से अवगत कराया। इनके पक्ष को सुनने के बाद डीईओ मनोज कुमार ने विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण कराने का पूरा आश्वासन दिया। इससे क्षेत्र के शिक्षा प्रेमियों में खुशी की लहर है।

# जनसमस्याओं को लेकर जनआंदोलन चलाने का निर्णय

## भाकपा अंचल परिषद की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की अंचल परिषद की बैठक नावकोठी में शुक्रवार को सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता जिप सदस्य प्रतिनिधि डा राजेन्द्र शर्मा ने की। पूर्व विधायक सूर्यकांत पासवान ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। जब-जब कम्युनिस्ट पार्टी कमजोर हुई है तब- तब सम्प्रदायिक ताकत मजबूत हुई है। अपनी कमजोरियों की समीक्षा करने की अपील की। इन कमजोरियों को दूर कर नई ऊर्जा के साथ गरीब, गुरबे कमजोर लोगों पर सम्प्रदायिक ताकतों को मुंह तोड़ जबाब देने के लिए खड़े होने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व में जिन गरीबों को पर्चा दिलाकर बसाने का काम किया गया था। उसे तो जमींदार, भ्रष्ट पदाधिकारी के गठजोड़ ने उजाड़ने की साजिश की गई। काफी मशक्कत के बाद इस पर रोक लगाने में कामयाब हो सके। डा बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर की जयंती रजाकपुर के दलित बाहुल्य क्षेत्र डुमरिया में 14 अप्रैल को मनाने का सर्व सम्मति से फैसला लिया गया। वही घर-घर घूमकर जनसमस्याओं को संग्रह कर एक व्यापक जन आंदोलन करने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। पार्टी कोष हेतु अन्न संग्रह करने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर अंचल मंत्री चन्द्र भूषण चौधरी, सहायक अंचल मंत्री जितेंद्र कुमार, श्रवण कुमार महतो, टुनटुन पोद्दार, महेन्द्र महतो, सत्यनारायण पोद्दार, अनुभव कुमार केशव, नसीम रब्बानी एवं कई कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Area, Medininagar**
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:-gm_mdnjseb@yahoo.in
**Telephone:-06562-295539**

**e-Procurement E-NIT Notice for Line Materials Under O&M Head for F.Y. 2025-26& 2026-27.**

Online tenders are invited from reputed and experienced manufacturers having adequate manufacturing capacity & best testing facilities or authorized dealers/financially sound & reputed supplier firms authorized such principal manufactures for supply of the materials conforming to standard specification for the supply of under mentioned line Materials at Central store Daltonganj & Garhwa under O&M Head. F.Y 2025-26& 2026-27.
Online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

| SL No | E-NIT No | Gr. | Name of Materials | unit | Approx Qnty. | Cost of Tender Document With GST18% (Non-Refundable)(in RS) | Earnest Money (in Rs) L.S 2% of estimated cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 20/PR/JBVNL/2026-27 | i. | 30 V 80 AH Battery Charging unit with Battery & Stand | Set | 40 | 5900/- | 60500/- |
| 2 | 21/PR/JBVNL/2026-27 | i | Hot dip galvanized fabricated ironmaterials for 33KV, 11KV,& DSS | Kg. | 115084 | 11800/- | 200500/- |
| 3 | 22/PR/JBVNL/2026-27 | i. | 33 KV (Polymer) Disc Insulator with H/W Fitting 90 KN | Set | 1200 | 11800/- | 154000/- |
| | | ii. | 11 KV (Polymer) Disc Insulator with H/W Fitting 70 KN | Set | 3000 | | |
| | | iii. | 11 KV (Polymer) Disc Insulator with H/W Fitting 45 KN | No | 1600 | | |
| | | iv. | 33 KV Pininsulator(Polymer) with pin 10 KN Nut & Washer | No | 2800 | | |
| | | v | 11 KV Pin insulator(Polymer)10 KN with pin (Polymer) with complete set (washer, Nuts etc) | No | 9000 | | |
| | | vi. | 33KV Lightening Arrester Station Class | Set | 50 | | |
| | | vii | 11KV Lightening Arrester Station Class | Set | 180 | | |
| | | viii | 33KV Lightening Arrester Line Class | Set | 50 | | |
| | | ix | 11KV Lightening Arrester Line Class | Set | 180 | | |
| | | x | 33KV Post Insulator 10KN (Polymer) | Sets | 30 | | |
| | | xi | 11KV Post Insulator10KN (Polymer) | Sets | 50 | | |
| | | xii | 33 KV (Polymer) Disc Insulator with H/W Fitting 90 KN | Set | 1200 | | |
| 4 | 23/PR/JBVNL/2026-27 | i. | Earthing (Chemical) with GI earthing pipe 40 mm 3.1 mtrs long (Bentonite as intermittent layers) | Set | 500 | 11800/- | 110400/- |
| | | ii. | G.I Stay set D/S/S (1900x20 mm) with stay wire 7/10 SWG & Guy insulator | Set | 200 | | |
| | | iii. | GI Wire No. 6/8/10 | Kg | 3440 | | |
| | | iv | 11 KV Stay Set Complete (1800x16 mm) with stay wire 7/10 SWG and Guy insulator | Set | 800 | | |
| | | v | Galvanized Nuts & Bolts(3"/5"/7"/8"/9"/10"/12" size) | Kg. | 4000 | | |
| | | vi. | LT Stay set complete (1700x16 mm) with stay wire 7/12 SWG | Set | 200 | | |
| | | vii. | LT Phase Separator | No | 200 | | |
| | | viii. | LED Lamp 400w/250HPSV | No. | 250 | | |
| | | ix. | SMDB Box for LT (1-3phase, 4-single phase provision) | No. | 400 | | |
| 5 | 24/PR/JBVNL/2026-27 | i. | 33KV AB Switch male female connector 400A (Flat type) | Sets | 60 | 5900/- | 76400/- |
| | | ii. | 33KV AB Switch male female connector 630A (Flat type) | Sets | 240 | | |
| | | iii. | 33KV AB Switch male female connector 800A (Flat type) | Sets | 150 | | |
| | | iv. | 11KV AB Switch male female connector 200A (Flat type) | Sets | 150 | | |
| | | v. | 11KV AB Switch male female connector 400A (Flat type) | Sets | 280 | | |
| | | vi. | 11KV AB Switch male female connector 630A (Flat type) | Sets | 200 | | |
| | | vii. | 33KV AB Switch male female connector 400A (pipe type) | Sets | 0 | | |
| | | viii. | 33KV AB Switch male female connector 630A (pipe type) | Sets | 260 | | |
| | | ix. | 33KV AB Switch male female connector 800A (pipe type) | Sets | 90 | | |
| | | x. | 11KV AB Switch male female connector 200A (Pipe type) | Sets | 160 | | |
| | | xi. | 11KV AB Switch male female connector 400A (Pipe type) | Sets | 90 | | |
| | | xii. | 11KV AB Switch male female connector 630A (Pipe type) | Sets | 70 | | |
| | | xiii | Connector Pipe to Panther (Alluminium) | Nos | 120 | | |
| | | xiv | Connector Panther to Panther (Alluminium) | Nos | 100 | | |
| | | xv | Connector Panther to AB Switch (Alluminium) | Nos | 100 | | |
| | | xvi | Connector Pipe to AB Switch (Alluminium) | Nos | 130 | | |
| | | xvii | Connector Dog to AB Switch (Alluminium) | Nos | 150 | | |
| | | xviii | Connector Wolf to Wolf (Alluminium) | Nos | 130 | | |
| | | xix | Connector Pipe to Pipe (Alluminium) | Nos | 60 | | |
| | | xx | Connector Pipe to Dog(Alluminium) | Nos | 60 | | |
| | | xxi | Connector Dog to Dog (Alluminium) | Nos | 80 | | |
| | | xxii | Connector T Type Dog to Dog (Alluminium) | Nos | 1600 | | |
| | | xxiii | Connector T Type Pipe to Panther (Alluminium) | Nos | 350 | | |
| | | xxiv | Connector T Type Wolf to Wolf (Alluminium) | Nos | 50 | | |
| | | xxv | Connector T Type AB Switch to Panther (Alluminium) | Nos | 500 | | |
| | | xxvi | Aluminium Pipe 40mm Dia | Mtr | 400 | | |
| | | xxvii | Connector for DTR (HT to Rabbit) (Tinned) | Nos | 460 | | |
| | | xxviii | Connector for DTR (HT to Dog) (Tinned) | Nos | 75 | | |
| | | xxix | Connector for DTR (LT to Rabbit) (Tinned) | Nos | 475 | | |
| | | xxx | Connector for DTR (LT to Dog) (Tinned) | Nos | 440 | | |
| | | xxxi | Connector for DTR (LT to Wolf) (Tinned) | Nos | 50 | | |
| | | xxxii | PG clamp for 80 sq. mm Conductor (Alluminium) | Nos | 190 | | |
| | | xxxiii | PG clamp for 100 sq. mm Conductor (Alluminium) | Nos | 190 | | |
| | | xxxiv | PG clamp for 150 sq. mm Conductor (Alluminium) | Nos | 115 | | |
| | | xxxv | PG clamp for 230 sq. mm Conductor (Alluminium) | Nos | 115 | | |
| | | xxxvi | AL Winding wire | Kg | 100 | | |

**Schedule Date:-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.Availability of tender document on website | :- | Date | 15.04.2026 | Time | 10:00 | Hrs |
| 2. Start Date and time for submitting e-tender | :- | Date | 15.04.2026 | Time | 10:00 | Hrs |
| 3. Last Date and time of submission of E Tender Towards Cost of BOQ & EMD/Documents etc. online | :- | Date | 05.05.2026 | Time | 15:00 | Hrs |
| 4. Date and time of opening of tender(Techno-Commercials Cover) i.e Cover-I) | :- | Date | 07.05.2026 | Time | 11:00 | Hrs |

1. Guideline for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in.
2. Interested bidders can download the bid from the website http:// jharkhandtenders.gov.in
3. Bidder should be ready with the scanned copies of cost of documents & EMD as specified in the tender document. Before submission of online bids, bidders must ensure thatscanned copies of all necessary document have been attached with bid.
4. The details of cost of documents. EMD specified in the tender documents should be the same as submitted online(scanned copies).
5. The undersigned reserve the right to distribute the orders to participating SSI units at L-I rates as per Industrial Policy of the State if will be applicable.
   i. Tender Notice is also available on our website: www.juvnl.in.\
   ii. For any clarification please contact : - Electrical Executive Engineer (Tech) 9835574043.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 377169 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (26-27)_D

**Sd/-**
**General Manager-cum-Chief Engineer**
**Electric Supply Area, Medininagar**

# स्थानीय समाज और कृत्रिम कृतियों पर अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यान

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधुनिक समाज को दे रही नई दिशा : डा. पथमनासेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा (भोजपुर)।** वीर कुँवर सिंह विवि, आरा के पर्यटन राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यान ल्लग्लोबलाइजेशन एण्ड लोकल सोसाईटीज ट्रेडिशन एण्ड इनोवेशन इनक्लूडिंग एआई का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण अकादमी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्रीलंका के ओपन यूनिवर्सिटी के एडिटर इन चीफ डॉ. एस. पथमनासेन ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के संयोजक विभागाध्यक्ष प्रो. कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि नई तकनीकों के साथ-साथ पारंपरिक मूल्यों को भी संरक्षित करना आज की प्रमुख आवश्यकता है। अध्यक्षता पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. गाँधीजी राय ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि वैश्वीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में शिक्षा और समाज के बीच संतुलन स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य वक्ता डॉ. एस. पथमनासेन ने अपने व्याख्यान में वैश्वीकरण के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधुनिक समाज को नई दिशा दे रही है, जिससे शिक्षा, प्रशासन, अनुसंधान और नीति-निर्माण के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन संभव हो रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि नवाचार और परंपरा के बीच संतुलन बनाकर ही सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रो. (डॉ) लक्ष्मी कुमारी ने सफलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रो (डॉ) शैलजा सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो ओ.पी. राय, अनिल श्रीवास्तव, पूर्व कुलसचिव प्रो धीरेन्द्र सिंह एवं प्रो नरेन्द्र प्रताप पालित की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसआरएफ विनोद कुमार यादव, जेआरएफ ज्योति प्रकाश, अमन कुमार, सुधीर कुमार पाण्डेय, सोनू कुमार की अहम भूमिका रही। शोधार्थी राकेश कुमार शर्मा, सूरज सिंह परमार एवं पीजी सेमेस्टर द्वीतीय एवं चतुर्थ के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। व्याख्यान के दौरान अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय के विभिन्न आयामों को समझने का प्रयास किया।

# विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक में नामांकन बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोईलवर (भोजपुर)।** कोईलवर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लोदीपुर में विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष रितु देवी ने की, जबकि संचालन प्रधानाध्यापक चंद्रभूषण सिंह द्वारा किया गया। बैठक में 6 वर्ष से अधिक आयु के सभी बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों से बच्चों की अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही विद्यालय की साफ-सफाई, शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, अनुशासन एवं समुचित संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष रितु देवी ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। सभी अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों का नामांकन विद्यालय में सुनिश्चित कराया जाएगा, ताकि उन्हें बेहतर शिक्षा का लाभ मिल सके। बैठक में समिति की सचिव गीता देवी, वरीय शिक्षक राधेश्याम राय, समाजसेवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जदयू नेता मनीष यादव का स्वागत

**आरा।** शहर के अनाईठ स्थित आवास पर बिहार राज्य नागरिक परिषद, पटना के सदस्य सह जनता दल (यू.) के प्रदेश प्रवक्ता मनीष यादव के आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश राजनीतिक सलाहकार डॉ. हरेंद्र कुमार सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर दोनों नेताओं के बीच समसामयिक राजनीतिक मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। चर्चा के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा राज्य की राजनीतिक स्थिति पर भी विचार साझा किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने विचार रखे और संगठन को और सशक्त बनाने पर जोर दिया।

# किन्नर समाज ने शहीद बाबा की मजार पर टेका मत्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जगदीशपुर (भोजपुर)।** ऐतिहासिक नगरी जगदीशपुर के किला मैदान स्थित शहीद बाबा के मजार पर शुक्रवार को किन्नर समाज की ओर से श्रद्धा और उल्लास के साथ चादरपोशी की गई। इस दौरान पूरा शहर गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों की थाप से गूंज उठा। यह आयोजन बड़ी मस्जिद से शुरू हुआ, जहां से किन्नर समाज के सदस्यों ने एक भव्य जुलूस निकाला। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे किन्नरों का यह काफिला मुख्य बाजार के विभिन्न रास्तों से होता हुआ किला मैदान पहुँचा। सड़क पर चलते हुए किन्नरों का उत्साह देखते ही बन रहा था, जहां लोगों ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मजार पर मत्था टेक मांगी दुआएं-किला मैदान पहुँचकर किन्नर समाज ने शहीद बाबा के मजार पर फूलों की चादर चढ़ाई और मन्नतें मांगी। इस दौरान मजार पर विशेष दुआओं का दौर चला, जिसमें देश की खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए प्रार्थना की गई। किन्नर समाज की प्रतिनिधि ने जताया खुशी-किन्नर समाज ने जुलूस के दौरान मीडिया से बात करते हुए किन्नर समाज की प्रतिनिधि ने अपनी खुशी जाहिर की और क्षेत्रवासियों के लिए नेक संदेश दिया। उन्होंने कहा हम सब आज बहुत खुश हैं। आज उर्स के मौके पर हम सभी शहीद बाबा के दरबार में चादरपोशी करने जा रहे हैं। हम बाबा से यही दुआ करते हैं कि हमारे जितने भी जजमान हैं, वे सब खुश रहें, तरक्की करें और निरोग रहें। जगदीशपुर ही नहीं, बल्कि पूरा समाज हरा-भरा रहे, सबकी नौकरी-चाकरी लगे और सब पर ख्वाजा बाबा और शहीद बाबा का आशीर्वाद बना रहे। हम यही दुआ मांगने जा रहे हैं कि हर घर में खुशहाली आए।

# बहियारा में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन देवी देवताओं का अभिषेक

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बड़ी राजनैतिक हस्तियों के साथ उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा और उनकी धर्म पत्नी रीता किशोर सिन्हा की प्रेरणा और आशीर्वाद से उनके पुत्र एवं भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा एवं पुत्रवधू श्रीमती पल्लवी सिन्हा द्वारा अपने पैतृक गांव बहियारा के आवासीय परिसर में कराये गए नव निर्मित श्री बालाजी-नृसिंह मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दूसरे दिन शुक्रवार को मंदिर में स्थापित महालक्ष्मी जी, लक्ष्मी नृसिंह जी, राम दरबार में विराजमान श्री राम चंद्र जी,सीता जी, लक्ष्मण जी और हनुमान जी मंदिर में स्थापित श्री बजरंग बली जी और श्री गणपति जी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। अभिषेक के अनुष्ठान के दौरान पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रों की गूंज से गुंजायमान हो उठा। अभिषेक पूजन में ऋतुराज सिन्हा के पारिवारिक सदस्यों के साथ साथ कई राजनैतिक हस्तियाँ बहियारा में मौजूद थी। कोइलवर प्रखंड के सोन के सुरम्य तट पर स्थित आदर्श ग्राम बहियारा में बने श्री बालाजी-नृसिंह मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के कार्यक्रम को लेकर पूर्व राज्यसभा डॉ. आरके सिन्हा का आवास भक्ति, श्रद्धा और पूजा अर्चना का केंद्र बना हुआ है। दक्षिण भारतीय शिल्पकला पर आधारित यह मंदिर पुरे शाहाबाद जनपद का इकलौता मंदिर है, जहां कृष्णशीला पर बनी मूर्तियां अपने आप में आकर्षण और भक्ति का केंद्र बनी हुई है। श्री बालाजी-नृसिंह मंदिर में राम दरबार और श्री राम-सीता विवाह की झलक भी देखने को मिल रही है। मंदिर के बाहरी हिस्से पर की गई नक्कासी देखने लायक है। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा के प्रतिनिधि डॉ. सुरेन्द्र सागर ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा द्वारा अपने माता-पिता की प्रेरणा और आशीर्वाद से बनाये गए नव निर्मित मंदिर के चल रहे तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के समारोह में शामिल होने बिहार सरकार के मंत्री संजय सिंह टाइगर, बिहार सरकार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव, भारत सरकार के मंत्री गिरिराज सिंह, बजीरगंज के विधायक बीरेंद्र सिंह, कुर्था के विधायक पप्पू कुमार वर्मा, अगियांव के विधायक महेश पासवान, पटना की मेयर श्रीमती सीता साहू के साथ ही कई विधायकों, सांसदों, बिहार सरकार के मंत्रियों और भारत सरकार के मंत्रियों सहित भाजपा के बड़े नेताओं का बहियारा में आना जाना जारी है। समारोह में पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा के छोटे भाई सत्येंद्र किशोर सिन्हा उनकी धर्म पत्नी सहित परिवार के देश विदेश में रहने वाले कई सदस्य इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने बहियारा गांव के पैतृक आवास पर पहुंचे हुए हैं।

# योग से मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में ल्लयोग एवं मानसिक स्वास्थ्यङ्क विषय पर संगोष्ठी का आयोजन एसबी कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस समन्वयक डॉ. साधना रावत ने किया। संगोष्ठी की समन्वयक डॉ. अंकिता मिश्रा ने बताया कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सौ दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्राओं ने लक्ष्यगीत एवं स्वागतगीत की प्रस्तुति देकर वातावरण को सकारात्मक बनाया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मीना कुमारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, चिंता और अवसाद से निपटने में योग अत्यंत प्रभावी है। कुलसचिव प्रो. रामकृष्ण ठाकुर ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। वहीं डॉ. पूर्ति माहौर ने योग के शास्त्रसम्मत अर्थ को स्पष्ट करते हुए अष्टांग योग के पालन पर बल दिया। संगोष्ठी के दौरान योग विशेषज्ञों ने विभिन्न प्राणायाम एवं आसनों का प्रदर्शन किया और उनके लाभों की जानकारी दी। छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े प्रश्न विशेषज्ञों से पूछे। कार्यक्रम का संचालन सह-समन्वयक डॉ. रीना देवी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंकिता मिश्रा ने किया। मौके पर शिक्षक में डॉ. श्रवण, डॉ. कुमार गौरव, डॉ. वेंकटेश, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. स्मृति, डॉ. सुधा रजनी, डॉ. कुंदन, डॉ. नीतू, डॉ. ट्विंकल, डॉ. उमेश राय, डॉ. पंकज सुधांशु एवं छात्र-छात्राएं में संजय कुमार, सोनू, निशांत, हर्ष, मनीष मिश्रा, मुस्कान कुमारी, रूपाली कुमारी, साक्षी कुमारी, राजनन्दिनी, अदिति, निशा, शुभम, साक्षी, रूपाली, मनीषा, सुषमा, युवराज, अंकित, आदित्य इत्यादि उपस्थित रहे।

# छात्रों के बीच स्थानांतरण प्रमाण पत्र का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अगिआंव।** प्रखंड के सेवथा मध्य विद्यालय में विशेष शिविर का आयोजन कर वर्ग 8 के छात्रों के बीच स्थानांतरण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। विद्यालय प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार सिन्हा की देखरेख में छात्रों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस दौरान धर्मेंद्र कुमार सिन्हा ने कुशल नेतृत्व एवं दर्शन में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के साथ प्रतिशत उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित करने के लिए छात्रों का अभिवादन किया। साथ ही विद्यालय प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे की शिक्षा के लिए प्रेरित किया तथा जीवन के अनुशासन परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा जनतंत्र की संजीवनी इसके ग्रहण करने में शिक्षा को के साथ-साथ अभिभावकों की भीआम भूमिका होती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में से प्रथम स्थान प्रिया कुमारी दिव्य स्थान बबली कुमारी तृतीय स्थान रोहित कुमार सक्सेना और चतुर्थ स्थान आयुष कुमार एवं पंचम स्थान श्वेता कुमारी को प्राप्त किया। इस दौरान विद्यालय में शिक्षक देव कुमार सिंह दुर्गावती देवी रमन सिंह उदय शंकर सिंह आदित्य ब्रजराज को शैक्षणिक योगदान में सफलता में अत्यंत सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

# अंबेडकर जयंती पर आयोजित होगा भीम मेला महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहार (भोजपुर)।** 14 अप्रैल को खैरा बाजार स्थित चौक पर डॉ भीमराव अम्बेडकर के जयंती के अवसर पर भीम मेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय अंम्वेडकर सेना जिला अध्यक्ष अशोक राम ने बताया कि परम पूज्य बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंम्वेडकर के जयंती पर 14 अप्रैल दिन मंगलवार को खैरा बाजार स्थित प्रतिमा स्थल चौक पर भीम मेला महोत्सव का आयोजन करना सुनिश्चित किया गया है। खैरा बाजार स्थित चौक प्रतिमा स्थल पर यह आयोजन भाव रूप से किया जाएगा। यह आयोजन भीम मेला महोत्सव का आयोजन मंगलवार को सुबह 10:00 बजे से लेकर रात्रि 8:00 बजे तक किया जाएगा। इंजीनियर सह सामाजिक कार्यकर्ता सतीश कुमार ने बताया कि दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अन्य अतिथियां द्वारा डॉ भीमराव अंम्वेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण गीत संगीत रंगमंच पर डॉ भीमराव अंम्वेडकर जी की जीवन झलकियां वक्तव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बुद्धिजीवी गण मान्य लोग एवं क्षेत्र के जनता शामिल होंगे के लिए आमंत्रित किया गया।

# भागलपुर के आयुक्त ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** प्रमंडलीय आयुक्त अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज जिले के नवगछिया अनुमंडल के राजस्व संबंधी कार्यो की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। नवगछिया अनुमंडल पदाधिकारी के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त द्वारा नवगछिया अनुमंडल के सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि 75 दिनों से अधिक लंबित दाखिल-खारिज आवेदनों का यथाशीघ्र शतप्रतिशत निष्पादित करना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही सभी लंबित आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा में निष्पादित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने जिले के सभी अंचलों में न्यायालय प्रणाली लागु कराने का निर्देश अपर समाहर्त्ता दिनेश राम को दिया। इसके अलावा संबंधित अंचलाधिकारी के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक करने हेतु वहां के भूमि उप समाहर्ता को कहा गया। वहीं प्रत्येक अंचल के 10-10 वादों के अभिलेख को रेंडमली जाँच करने का निर्देश नवगछिया के भूमि सुधार उप समाहर्त्ता एवं अपर समाहर्ता, भागलपुर को दिया गया है। सरकारी भूमि को पोर्टल पर ऑनलाईन प्रविष्टि शतप्रतिशत करने का निदेश सभी अचलाधिकारी नवगछिया अनुमंडल को दिया गया। नवगछिया अनुमंडल अन्तर्गत सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी कार्यालयों/विभागों की भूमि का दाखिल खारिज करने का निदेश अंचलाधिकारी को दिया गया। अभियान बसेरा-2 के अन्तर्गत सर्वेक्षण किये गये सुयोग्य व्यक्तियों को वास योग्य भूमि उपलब्ध कराने का निदेश सभी अंचलाधिकारी, नवगछिया अनुमंडल को दिया गया। सैरात की बंदोबस्ती हेतु हर संभव प्रयास करने का निदेश अपर समाहर्त्ता, भागलपुर को दिया गया। अपने-अपने राजस्व न्यायालय में साप्ताह में चार दिन सुनवाई करने का निदेश भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, नवगछिया एवं अपर समाहर्ता, भागलपुर को दिया गया। परिमार्जन प्लस (डिजिटाईल जमाबंदी/छुटी हुई जामबंदी) पर लम्बित आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा में निष्पादित करने का निदेश दिया गया। शुल्क जमा ई-मापी के आवेदनों में तिथि निर्धारित कर ससमय मापी कराने का निदेश अंचलाधिकारी, नवगछिया अनुमंडल को दिया गया है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाती है बेहतर प्रदर्शनी : रीना यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल की सचेतक रीना यादव ने कहा कि महिला अगर आत्मनिर्भर और स्वाबलंबी होगी तो परिवार ठीक ढंग से चलता है। महिलाओ को बेहतर स्वाबलंबी बनाने में लाइफस्टाइल व प्रदर्शनी का अहम योगदान होता है। विधान पार्षद रीना यादव राजधानी के मौर्या होटल में आयोजजित बाबरी फिरकी लाइफस्टाईल एक्जीविशन का उद्घाटन कर रही थी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जहां पटना की महिलाओं को बेहतर डिजाईन का कपड़ा व ज्वेलरी मिलेगा वहीं इससे महिला रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन में शामिल महिला स्वाति बाजोरिया, सरिता सुरेका, बाबरी बाजोरिया, पललवी टेकरीवाल ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से बिहार की महिलओं के बीच वस्त्र व आभूषण का बेहतर डिजायन पहुंचाना है। आयोजकों ने बताया कि उनके इस प्रदर्शनी की शुरूआत कोलकाता से हुई थी जहां दस डिजायर शामिल हुए थे। अब यह कारवां बढ़ते बढते गोरखपुर, जमशेदपुर के बाद पटना पहुंचा है जिसका फायदा प्रदेश की महिलाओं को मिलेगा। इस प्रदर्शनी में कपड़े व जेवर के डिजायन के अलावा एथनिक वेयर, वेस्टर्न वेयर के अलावा बच्चों के ड्रेसेज के साथ-साथ अत्याधुनिक डिजायन उपलब्ध है। यह प्रदर्शनी महिलाओं को अपने बलबूते आत्मनिर्भर बनाने का एक माध्यम है। इस मौके पर राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व सदस्य सुषमा साहू, वार्ड पार्षद पिंकी यादव, लाइंस क्लब की नीना गुप्ता, इंदु अग्रवाल अर्चना जैन, शल्पिा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## ऊर्स की तैयारी को ले समीक्षा बैठक

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी 14 अप्रैल को मनिहारी पीर पहाड पर सालाना ऊर्स मेले का आयोजन किया जाना है। इस मौके पर मजार पर चादरपोशी की जाती है।ऊर्स मेले के सफल आयोजन को लेकर इंतजामिया कमिटी एवं स्थानीय प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा जायरिनों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने कहा कि ऊर्स में आने वाले सभी जायरिनों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेले के दौरान गाड़ी पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यातायात बाधित न हो। साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, नियमित कचरा उठाव का निर्देश दिया।

# पीसीसीएम ने भागलपुर स्टेशन का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कहलगांव (भागलपुर)।** पूर्व रेलवे के प्रधान वाणिज्य मुख्य प्रबंधक डॉ. उदय शंकर झा ने शुक्रवार को मालदा मंडल के भागलपुर, कहलगांव और शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उन स्टेशनों के प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, फुटओवर ब्रिज और अन्य स्थानों पर कई खामियां पाई और इस पर नाराजगी जताई। भागलपुर रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म संख्या चार एवं पांच पर लगे पियाऊ की टूटी टोटियां और आसपास फैली गंदगी देखकर वे भड़क गए। श्री झा ने स्पष्ट लहजे में कहा कि इससे साफ है कि अधिकारियों की नियमित निगरानी नहीं हो रही है। रांची से भागलपुर पहुंची वनांचल एक्सप्रेस के कोच की स्थिति भी खराब पाई गई। कोच के बाहरी हिस्से पर गंदगी और काले धब्बे देखकर पीसीसीएम ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 की बोगियां होने के बावजूद उनका रखरखाव ठीक से नहीं किया जा रहा है, जो गंभीर लापरवाही है। प्लेटफार्म संख्या एक पर कई जगह पंखों की व्यवस्था नहीं होने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में यात्रियों को इससे परेशानी होगी, इसलिए जल्द ही पंखे लगाए जाएं।साथ ही स्वचालित सीढ़ी के पास खाली जगह को लेकर भी उन्होंने चिंता जताई और वहां बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एक स्टाल पर कर्मचारी बिना ड्रेस के पाया गया, जिस पर पीसीसीएम ने जुर्माना लगाने का निर्देश दिया। वहीं सर्कुलेटिंग एरिया में आरपीएफ की टूटी ट्रॉलियों को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और उन्हें हटाकर नई ट्रॉलियां लगाने को कहा। पीसीसीएम ने कहा कि भागलपुर स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए व्यवस्थाओं का दुरुस्त होना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महीने में कम से कम दो बार निरीक्षण करें और सभी कमियों को समय रहते दूर करें, ताकि यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो। पीसीसीएम ने कहलगांव रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। प्लेटफार्म व सर्कुलेटिंग एरिया में गड़बड़ी को दुरुस्त करने और यात्री सुविधाओं में बेहतर करने का निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों दिया।

# समस्याओं के समाधान में नहीं हो अनावश्यक विलंब : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत संचालित सबका सम्मान -जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित परिवादियों से एक-एक कर संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कुल 75 परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि



मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रगति की जानकारी परिवादियों को समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए जिससे प्रशासन के प्रति आम जनता का विश्वास और सुदृढ़ हो सके।

# गरीबों को मिलेगा नि:शुल्क होमियोपैथी चिकित्सा का लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर।** होमियोपैथी चिकित्सा के जनक डॉ. सैमुअल क्रिश्चियन्स फ्रेड्रिक हैनिमैन की 271वीं जयंती के अवसर पर शहर में गरीबों एवं जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया गया। यह सेवा प्रत्येक रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर सुपर स्पेशियलिटी एवं एडवांस होमियोपैथिक रिसर्च क्लिनिक 'लाइफ लाइन' के निदेशक एवं विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनोज कुमार ने होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पद्धति सुरक्षित, सरल और प्रभावी है, जो शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर बीमारियों से लड़ने में मदद करती



है। उन्होंने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित लोगों के लिए यह पहल बेहद लाभकारी है। कार्यक्रम में डॉ. कमलेश सिंह ने कहा कि होमियोपैथी विश्व की प्राचीन एवं उत्कृष्ट चिकित्सा पद्धतियों में से एक है, जो सस्ती और सुलभ होने के साथ असाध्य रोगों में भी कारगर साबित होती है। वहीं डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि विदेशों में इस पद्धति का व्यापक उपयोग हो रहा है और भारत में भी इसके प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। डॉ. सत्येंद्र ने कहा कि होमियोपैथी रोग को दबाने के बजाय जड़ से समाप्त करने का प्रयास करती है। इस अवसर पर विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता, सीइओ आनंद प्रकाश, विद्यासागर, विनय प्रकाश, केसीआइ के निदेशक मदन कुमार सहित डॉ. अशोक कुमार, डॉ. राजेश कुमार, हर्षित पल्लव, अंश पल्लव, दिव्य प्रकाश, आदित्य प्रकाश, विक्रम प्रकाश, सुधीर कुमार और सुजीत राज सहित कई लोग उपस्थित रहे। डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से गरीब एवं असहाय लोगों का निःशुल्क इलाज लगातार किया जा रहा है। शुक बाजार स्थित देवी मंदिर में कैंसर, थायराइड, गठिया, किडनी, स्त्री रोग, बाल झड़ने एवं अन्य पुरानी बीमारियों का उपचार निःशुल्क किया जाता है।

# ट्रक व स्कॉर्पियो की टक्कर में चालक की मौत, छह जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रफीगंज-गयाजी मुख्य मार्ग पर गोरडीहा के पास तेज रफ्तार ट्रक व स्कॉर्पियो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर में स्कार्पियो चालक की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक की पहचान गयाजी के बिगहा निवासी लक्ष्मण यादव (55) के रूप में हुई है। घायलों में महुली गांव निवासी जाहिद हुसैन (56), मो. मिनहाज (60), मो. फरीद (60), रफीगंज थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मो. रबानी (65), भैसासुर गांव निवासी सामदानी (60) और मो. जमील (57) शामिल है। जानकारी के अनुसार गया जिले के गुरारू थाना क्षेत्र के महुली गांव से एक बारात स्कार्पियो से धंधवा गांव जा रही थी। इसी दौरान गोरडीहा के पास सामने से आ रहे ट्रक से स्कार्पियो की सीधी भिड़ंत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से जख्मियों को इलाज के लिए सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। जख्मियों में तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। जख्मियों का इलाज करवाया जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण महत्वपूर्ण, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी वैक्सीनेशन से संबंधित समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आहूत किया गया। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी वैक्सीनेशन की जिला स्तरीय समीक्षा शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा की गई। समीक्षा के दौरान टीकाकरण की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में स्पष्ट हुआ कि जिले में अब तक लगभग 16 हजार बच्चियों को सर्वाभैक वैक्सीन का प्रथम डोज दिया जा चुका है। हालांकि, छह माह बाद दिए जाने वाले दूसरे डोज की स्थिति संतोषजनक नहीं है। प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 13,218 पात्र बच्चियों में से मात्र 1,574 बच्चियों को ही दूसरा डोज दिया जा सका है। इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए डीएम ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए 15 दिनों के भीतर सेकंड डोज की शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के लिए अनुशंसित गार्डासिल वैक्सीन की प्रगति भी जांची गई। इसमें पाया गया कि दाउदनगर, कुटुम्बा एवं मदनपुर प्रखंडों में 28 फरवरी से अब तक एक भी वैक्सीनेशन नहीं हुआ है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए डीएम ने संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया। वहीं, गोह एवं हसपुरा प्रखंडों में मात्र तीन-तीन तथा बारुण, देव और नबीनगर प्रखंडों में दो-दो वैक्सीनेशन होने पर भी नाराजगी जताई गई। संबंधित अधिकारियों से इस मामले में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निजी स्कूल में वैक्सीन की प्रगति बढ़ाने हेतु छात्रयों को प्रेरित करने एवं सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सरकारी स्कूल में वैक्सीन की प्रगति सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया। जीविका दीदियों, आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका को घर घर जाकर मोबिलाइजेशन हेतु भी निदेश दिए गए। साथ ही जिला पंचायती राज पदाधिकारी को पंचायत स्तर पर जन प्रतिनिधि के सहयोग से अधिक भागीदारी हेतु निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. इफ़्तेकार अहमद, डीआईओ डॉ. मिथिलेश प्रसाद सिंह, डीपीएम मो. अनवर आलम सहित जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर एवं जीविका के डीपीएम उपस्थित रहे। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह टीकाकरण बेहद महत्वपूर्ण है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# विभिन्न मामलों में 23 लोग गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों के खरीद फरोख्त यथा अपराध नियंत्रण व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 61 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 23 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एससी-एसटी एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में 4, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य मामलों में 46 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 43.50 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1219 वाहनों की जांच की गई जिसमें 236000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 24 वारंट तथा 3 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बीआरबीसीएल में मल्टी एजेंसी मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारतीय रेल एवं एनटीपीसी के संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) ने 10 अप्रैल को बॉयलर संरचना ध्वस्त होने की संभावित स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक मल्टी एजेंसी मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह अभ्यास ऑनसाइट आपातकालीन योजना के तहत जिला प्रशासन, सीआईएसएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा बिहार अग्निशमन सेवा के समन्वय से संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल के दौरान बचाव एवं राहत कार्यों, प्राथमिक उपचार तथा घायलों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अभ्यास किया गया। सभी एजेंसियों ने उत्कृष्ट




समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया और दक्षता का प्रदर्शन करते हुए स्थिति को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया। बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने सभी सहभागी टीमों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनकी तत्परता और समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे अभ्यास न केवल आपातकालीन तैयारियों की समीक्षा करने में सहायक होते हैं बल्कि सुधार की संभावनाओं की पहचान भी सुनिश्चित करते हैं। यह मॉक ड्रिल विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और आपदा प्रबंधन की तैयारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीआरबीसीएल सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सशक्त कर रहा है। मौके पर एडीएमओ अंतरा, डीएसपी फायर प्रभा आदि मौजूद रहे।

# आग लगने से 250 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख, लाखों का नुकसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के सदुरी कर्मा और अंबा गांव में आगलगी की घटना में 250 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। इस घटना से दर्जनों किसानों के उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया। किसानों को लाखों रूपयों का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार अब तक आगलगी के कारणों का पता नहीं चल सका है, हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि सूखी घास व झाड़ी से उठी चिंगारी ने आग का रूप ले लिया। तेज हवा के कारण आग की लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि कुछ ही समय में यह करीब चार किलोमीटर के दायरे में फैल गई। देखते ही देखते आग सदूरी और अम्बा गांव तक पहुंच गई जिससे कई किसानों के खेतों में लगी फसल जलकर नष्ट हो गई। इस अगलगी में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और कई परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों द्वारा आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन आग की भयावहता के आगे प्रयास नाकाफी साबित हुआ। स्थानीय लोगों ने अचानक खेतो से धुआं निकलता देख शोर मचाया जिसके बाद आसपास गावों के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दिया। स्थानीय लोगों ने बताया की आग पर जब तक काबू पाया जाता, तब तक काफ़ी नुकसान हो गया था।

# प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाना पुलिस की जिम्मेदारी : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में कुल 46 आगंतुकों की शिकायतें सुनी गई। साथ ही समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखी। उन्होंने जनता दरबार में आए लोगों से एक-एक कर उनकी बातें सुनीं और उनके आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जांच कर समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता दरबार पुलिस और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित




करने का माध्यम है ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है और प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाना उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे पुलिस से संपर्क करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों पर निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी। जनता दरबार से स्थानीय लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# तालाब में डुबने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** थाना क्षेत्र के तिलकपुरा गांव में एक युवक की मौत तालाब में डुबने से हो गयी। मृतक की पहचान तिलकपुरा गांव निवासी नंदराज राजवंशी के 21 वर्षीय पुत्र सुरज कुमार राजवंशी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही एसआई वरुण कुमार दल-बल के साथ तिलकपुरा गांव पहुंचे और शव को ग्रामीणों के सहयोग से तालब से निकाला तथा कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है लगभग साढ़े 11 बजे के आसपास घर से बाहर आलाब की ओर गया था। जब देर तक घर नहीं आया तो परिजन खोजने लगे। इसी दौरान किसी ने बताया कि गांव से दक्षिण अंगराही-रामपुर कैथी जाने वाला तालाब में एक व्यक्ति उकेर रहा है। परिजन सहित ग्रामीण पहुंचे तो शव को बाहर निकाल पहचान की। शव की पहचान होते ही परिजन सहित ग्रामीणों के बीच कोहराम मच गया। चर्चा है कि तालाब के पास पैर फिसल गया होगा और तालाब में अधिक पानी रहने से डूब गया होगा। ऐसे बताया जा रहा है कि सुरज कुमार राजवंशी मंदबुद्धि का था।

# गेहूं की सही उपज जानने खेत में उतरीं औरंगाबाद डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड क्षेत्र के प्रितमपुर में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा कृषि वर्ष 2025-26 के अंतर्गत रबी गेहूं फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गेंहू का सही उपज की जानकारी के लिए जिलाधिकारी खुद गेंहू की बाली काटने के लिए खेत में उतर गई। यह प्रयोग उस गांव निवासी कृषक मंटू पांडेय के खेसरा संख्या-622 में किसान सलाहकार विपिन मालाकार को आवंटित किया गया था।फसल कटनी प्रयोग 50 मीटर के आयताकार क्षेत्रफल में सम्पन्न किया गया, जिसमें 15.120 किलोग्राम उपज प्राप्त हुई। इस आधार पर औसत उपज दर 30.24 क्विंटल प्रति हेक्टेयर आंकी गई। फसल कटनी प्रयोग का



मुख्य उद्देश्य किसानों को सटीक उपज का अनुमान उपलब्ध कराना तथा कृषि संबंधी सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में दक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान सदर अनुमण्डल पदाधिकारी संतन कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सुशील कुमार चौधरी, बारुण प्रखण्ड विकास पदाधिकारी निरज कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनंत कुमार, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी रामनरेश चौधरी, प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार, कृषि समन्वयक ओमप्रकाश दूबे सहित प्रगतिशील किसान रंजन पाण्डेय, शुभम पाण्डेय, रामनरेश पाण्डेय, जितेन्द्र पाण्डेय, संजीव पाण्डेय, अरविन्द पाण्डेय तथा अन्य ग्रामीण अरविन्द पासवान, कृष्णा राम, मच्छड़ राम, रवि पासवान आदि उपस्थित थे।

# औसतन 6785 मांग के विरुद्ध लगभग 6637 गैस सिलेंडरों की आपूर्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6785 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6637 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 159 छात्रों की हुई जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज की एनएसएस यूनिट के तत्वावधान में शहर में अवस्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में शुक्रवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ निहारिका एवं समन्वयक डॉ संजीव रंजन के निर्देशन में हुआ। शिविर में तीन सदस्यीय चिकित्सक दल ने छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रशांत कुमार, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ प्रभात रंजन तथा डॉ सुरेंद्र यादव




शामिल थे। जांच के बाद सभी को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान कुल 141 छात्राओं, 12 शिक्षकों और छह कर्मचारियों सहित एनएसएस टीम के सदस्यों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के क्रम में कई छोटे बच्चों में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएं सामने आईं। चिकित्सकों ने विद्यालय प्रबंधन को संबंधित अभिभावकों को सूचित करने की सलाह दी। शिविर में एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वरिष्ठ स्वयंसेवकों में बुशरा परवीन, सुशांत, रितिका, तान्या, रानी, सुनैना, प्रीति, पम्मी एवं निशा सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष कुमार सिंह सहित शिक्षकगण जयराम तिवारी, दिलीप कुमार, खुशबू कुमारी, श्वेता सिन्हा, रंजीता सिन्हा, अजय, अशोक एवं ओमप्रकाश का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इधर कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन आवश्यक है ताकि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े।

# ओटीपी सत्यापन के बाद ही उपलब्ध कराया जायेगा गैस सिलेंडर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल के एलपीजी गैस कंपनियों के सेल्स मैनेजर के साथ एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था के संबंध में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एलपीजी गैस की उपलब्धता, आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में घरेलू उपभोक्ताओं हेतु एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा गैस की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरण के समय ओटीपी के माध्यम से सत्यापन उपरांत ही सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है तथा कालाबाजारी की संभावना न्यूनतम हो गई है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जीविका दीदी की रसोई सहित अन्य आवश्यक स्थलों पर एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा सभी गैस एजेंसियां शत-प्रतिशत होम डिलीवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि औरंगाबाद प्रखंड के लिंगराज एचपीसीएल, भगत इंडेन एवं मगध भारत गैस एजेंसी, नवीनगर प्रखंड के तान्या गैस एजेंसी, मदनपुर प्रखंड के उमंगेश्वरी एचपी गैस एजेंसी तथा ओबरा प्रखंड के शहीद जगपति इंडियन गैस एजेंसी के क्षेत्र में एलपीजी गैस की मांग अपेक्षाकृत अधिक है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि जिन क्षेत्रों में मांग अधिक है वहां गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए होम डिलीवरी की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। बैठक में सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, दाउदनगर एसडीओ अमित राजन, डीएसओ श्वेतांक लाल, डीपीआरओ श्वेता प्रियदर्शी सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

CMYK